28 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 217

जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षा में स्टेट टॉपर बनी गढ़वा की बेटी गीतांजलि






# जैक 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी, 91.71 फीसदी पास

- 98.60 फीसदी नंबर के साथ गीतांजलि बनी टॉपर
- टॉप-5 में 15 परीक्षार्थी जिनमें 12 लड़कियां

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 10वीं बोर्ड का रिजल्ट जारी कर दिया है। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने मंगलवार को रिजल्ट जारी किया। 2025 मैट्रिक परीक्षा में 91.71 प्रतिशत परीक्षार्थी सफल रहे हैं। हजारीबाग इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्रा गीतांजलि स्टेट टॉपर बनी है। उसे 98.60 फीसदी नंबर आये। टॉप-5 में 15 परीक्षार्थी हैं, जिनमें 12 लड़कियां हैं। इन 12 लड़कियों में भी 11 हजारीबाग इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राएं हैं।

**शिक्षा मंत्री बोले, इस बार रिजल्ट लेट हुआ:** इस मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि इस साल परिणाम आने में थोड़ी देर हुई है। अब ऐसा नहीं होगा। हमने इसे सुधारने की तैयारी कर ली है। हमारा प्रयास होगा कि यह और बेहतर हो। हम पूरे सिस्टम को दुरुस्त कर रहे हैं। इसकी मॉनिटरिंग भी होगी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत का फल है। अभिभावक भी धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दिया। यह परिणाम सामूहिक मेहनत का परिणाम है।

**स्कूलों से मिलेगी मार्कशीट:** रिजल्ट घोषणा के बाद अब मार्कशीट स्कूलों को भेज दी जायेगी। स्कूल से विद्यार्थी अपनी ओरिजिनल मार्कशीट ले सकेंगे। मार्कशीट में विद्यार्थी के निजी विवरण के साथ हर विषय में मिले अंक और कुल अंक देख सकेंगे। कुल 500 में से 300 अंक लाने वाले विद्यार्थी को फर्स्ट डिवीजन में पास माना जायेगा। हर विषय में कम से कम 33 फीसदी अंक हासिल करना जरूरी है।



## कुल 4.33 लाख विद्यार्थी हुए थे शामिल

जैक की ओर से ली गयी मैट्रिक की परीक्षा में कुल 4.33 लाख विद्यार्थी थे। राज्य में 1297 केंद्रों पर परीक्षा हुई थी। परीक्षा 11 फरवरी से नौ मार्च के बीच हुई थी। चार मार्च से 20 मार्च तक प्रैक्टिकल परीक्षा हुई थी। पिछले साल झारखंड बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में कुल तीन लाख 78 हजार 398 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 90.39 फीसदी छात्र सफल हुए थे।

## टॉप-5 के 15 परीक्षार्थी

- रैंक 1 : गीतांजलि, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 493, प्रतिशत: 98.60)
- रैंक-2 : ऋतु कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 491, प्रतिशत: 98.20)
- अमृता गुप्ता, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 491, प्रतिशत: 98. 20)
- पुजा कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 491, प्रतिशत: 98.20)
- अमर कुमार , प्रॉप वी हाइ स्कूल, तिलैया रंगाटांड़ (अंक: 491, प्रतिशत: 98.20)
- रैंक-3: शिवानी कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 489, प्रतिशत: 97.80)
- विकास प्रामाणिक, प्रॉप हाइ स्कूल बाघमारा, बालीपुर (अंक: 489, प्रतिशत: 97.80)
- रैंक- 4: श्रेया कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 488, प्रतिशत: 97.60)
- साक्षी कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 488, प्रतिशत: 97.60)
- रैंक- 5: शुभम कुमार पात्रा, +2 आदिवासी हाइ स्कूल बांगुरदा (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)
- तहरीन फातमा, उर्सुलाइन कान्वेंट गर्ल्स हाइ स्कूल, रांची (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)
- भूमिका मिश्रा, +2 आदिवासी हाइ स्कूल बांगुरदा (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)
- वर्षा कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)
- तनिष्क कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)
- कोमल कुमारी, इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग (अंक: 487, प्रतिशत: 97.40)

## बच्चों को शुभकामनाएं, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई: हेमंत सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। जैक बोर्ड की परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुभकामनाएं और उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि परीक्षा में अपेक्षा के अनुरूप जिन्हें परिणाम नहीं मिल पाया, वो निराश न हों, कड़ी मेहनत करते रहें। आप सभी को उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं। शिक्षकों और अभिभावकों को भी बधाई देते हुए हेमंत ने कहा कि आपके सहयोग और मार्गदर्शन से ही बच्चे सफलता की सीढ़ियां चढ़ते हैं। आप सभी को जोहार।

## विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं: संतोष गंगवार



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों और अभिभावकों, जिन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन और सहयोग किया, उनको बधाई देता हूं। मैं आप सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

# झारखंड में 48 आइपीएस का तबादला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल का सिलसिला जारी रखते हुए मंगलवार को 48 आइपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इनमें कई जिलों के एसपी शामिल हैं।

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| तदाशा मिश्र | एडीजी रेल | विशेष सचिव, गृह |
| संजय लाटेकर | एडीजी अभियान | एडीजी रेल |
| टी कंडास्वामी | विशेष सचिव गृह | एडीजी अभियान |
| प्रिया दुबे | एडीजी, जैप | अप्र एडीजी, मुख्यालय |
| मनोज कौशिक | आइजी मुख्यालय | आइजी रांची |
| अखिलेश झा | आइजी रांची | पुलिस अकादमी, हजारीबाग |
| एवी होमकर | आइजी अभियान | आइजी रेल |
| प्रभात कुमार | आइजी विशेष शाखा | अप्र, आइजी जैप |
| माइकल राज | आइजी बोकारो | आइजी अभियान |
| क्रांति कुमर गणदेशी | आइजी दुमका | आइजी बोकारो |
| महेंद्र कुमार सिंह | आइजी रेल | आइजी, मानवाधिकार |
| शैलेश सिन्हा | निदेशक, पुलिस अकादमी | आइजी दुमका |
| सुदर्शन मंडल | आइजी सीआइडी | अप्र, आइजी मुख्यालय |
| पटेल मयूर कन्हैयालाल | आइजी, मानवाधिकार, | आइजी प्रोविजन |
| संजीव कुमार | डीआइजी हजारीबाग | डीआइजी एसीबी |
| वाइएस रमेश | डीआइजी पलामू | डीआइजी, एससीआरबी |
| सुरेंद्र कुमार झा | डीआइजी बोकारो | डीआइजी कार्मिक |
| चौथे मनोज रतन | डीआइजी चाइबासा | डीआइजी विशेष शाखा |
| संध्या रानी मेहता | डीआइजी सीआइडी | डीआइजी बजट |
| शैलेंद्र प्र वर्णवाल | डीआइजी एसीबी | डीआइजी विशेष शाखा |
| नौशाद आलम | डीआइजी कार्मिक | डीआइजी पलामू |
| चंदन कुमार झा | डीआइजी विशेष शाखा | डीआइजी सीआइडी |
| अनुरंजन किस्पोट्टा | डीआइजी विशेष शाखा | डीआइजी चाइबासा |
| कुसुम पुनिया | एसपी विशेष शाखा | कमांडेंट जैप 9 |

| नाम | कहां थे | कहां गये |
|---|---|---|
| किशोर कौशल | एसएसपी, जमशेदपुर | कमांडेंट, जैप 7 |
| मोहम्मद अर्शी | कमांडेंट जैप 7 | एसपी सिमडेगा |
| हरदीप पी जनार्दन | एसएसपी धनबाद | एसपी विशेष शाखा |
| निधि द्विवेदी | एसपी सीआइडी | एसपी पाकुड़ |
| आशुतोष शेखर | एसपी चाइबासा | एसपी पीटीसी पदमा |
| पीयूष पांडेय | कमांडेंट महिला बटालियन | एसएसपी जमशेदपुर |
| प्रभात कुमार | एसपी पाकुड़ | एसएसपी धनबाद |
| अमन कुमार | एसपी खूंटी | एसपी गढ़वा |
| सादिक अनवर रिजवी | एसपी एसीबी | एसपी लोहरदगा |
| अरविंद कुमार सिंह | एसपी हजारीबाग | एसपी एसीबी |
| विकास कुमार पांडेय | एसपी चतरा | एसपी एसीबी |
| अंजनी अंजन | एसपी एसीबी | एसपी हजारीबाग |
| गौरव | एसपी सिमडेगा | कमांडेंट महिला बटालियन |
| राजकुमार मेहता | सिटी एसपी रांची | एसपी जामताड़ा |
| शंभु कुमार सिंह | एसपी गुमला | कमांडेंट जैप 4 |
| अजीत कुमार | सिटी एसपी धनबाद | सिटी एसपी रांची |
| मुकेश कुमार | कमांडेंट एसआइएसएफ | एसपी गोड्डा |
| राकेश रंजन | कमांडेंट जैप 1 | एसपी चाइबासा |
| हारिस बिन जमा | एसपी लोहरदगा | एसपी गुमला |
| मनीष टोप्पो | एसपी विशेष शाखा | एसपी खूंटी |
| हरविंदर सिंह | एसपी वायरलेस | एसपी बोकारो |
| सुमित अग्रवाल | ग्रामीण एसपी रांची | एसपी चतरा |
| प्रवीण पुष्कर | एसपी रेल | एसपी ग्रामीण रांची |
| ऋत्विक श्रीवास्तव | एएसपी अभियान चतरा | सिटी एसपी धनबाद |

# ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया ताकि कोई सबूत न मांगे : नरेंद्र मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की बात मानी होती तो देश में आतंकी हमले न होते।

उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जब पीओके पर कब्जा किया, अगर उसी दिन उन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता, लेकिन सरदार पटेल की बात नहीं मानी गयी, लेकिन ये मुजाहिदीन लहू चख गये थे।



सिलसिला 75 सालों से चल रहा है। पहलगाम भी उसी का हिस्सा था। प्रधानमंत्री दो दिन के गुजरात दौरे पर थे। उन्होंने मंगलवार को गांधीनगर में दो किमी लंबा रोड शो किया। इसके बाद गांधीनगर में गुजरात की शहरी विकास यात्रा के 20 साल पूरे होने के जश्न में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री ने विपक्ष का बगैर नाम लिये साधा निशाना। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के नौ ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। दरअसल, उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गयी भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे।

## न्यूज रील्स

### चार दिवसीय दौरे पर आज आ रही 16वें वित्त आयोग की टीम

रांची। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 14 सदस्यीय टीम चार दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची आयेगी। टीम के लिए स्थानीय रेडिशन ब्लू में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। तय कार्यक्रम के अनुसार रांची पहुंचने के बाद वित्त आयोग की टीम पतरातू डैम का भ्रमण करेगी। वहां मनोरंजन का लुत्फ उठाने के बाद बिरसा मुंडा म्यूजियम का अवलोकन करेगी। जेल स्क्वायर में लोक नृत्य का आनंद लेगी। आयोग की टीम 29 मई को देवघर जायेगी। वहां वित्त आयोग की टीम प्रमंडल स्तर पर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा व पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया और एक प्रमुख शामिल होंगे। 30मई को वित्त आयोग के अध्यक्ष अपनी टीम के साथ रांची में स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों, फेडरेशन ऑफ चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग करेगी। फिर राज्य सरकार के साथ बैठक करेगी।

# सलपर्णी पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या और लूट का मामला

# पीएचडी डिग्री होल्डर निकला लुटेरा, हत्याकांड में भी था शामिल

पुलिस ने मुख्य दो आरोपी को दबोचा, किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सलपर्णी में हुए पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या और लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा कर लिया। पुलिस ने दो संदिग्ध अपराधी शिव कुमार और राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। शिवकुमार पेशे से शिक्षक है और संस्कृत में पीएचडी किए हुए है। वो चरही के निजी विद्यालय में छात्रों को पढ़ा रहा था। उसका मुख्य काम आपराधिक घटना को अंजाम देना था। हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि 14 अप्रैल 2025 को सलपर्णी में हुए पेट्रोल पंप मैनेजर की हत्या और 14 लाख रुपये लूट में यह मुख्य आरोपी था।



**लूट के नीयत से की गयी थी हत्या:** पुलिस ने जिले के इचाक मोड़ स्थित सलफर्नी पेट्रोल पंप के मैनेजर शंकर रविदास की हत्या और लूट कांड का उद्‌भेदन कर लिया है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शंकर रविदास की हत्या लूट के नीयत से की गयी थी। इस घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्त को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि योजना बनाने वाले एक को पूर्व में ही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**अपराध में प्रयुक्त हथियार और मोटरसाइकिल बरामद:** एसपी ने बताया कि तलाशी लेने पर राहुल के पास 07.65 बोर का लोडेड दे,ी पिस्टल बरामद हुआ। उसने बताया कि रहिया मोड़ में डाड़ बाजार में आने-जाने वाले व्यापारियों को लूटपाट करने के उद्देश्य से आये थे। कड़ाई से पूछ-ताछ करने पर इन दोनों के द्वारा ये बताया गया की ये दोनों विगत माह में इचाक थाना क्षेत्र के सिंझुवा के पास सालपर्णी पेट्रोल पंप के मैनेजर को गोली मारकर 14 लाख रूपया लूटे थे। इनकी निशानदेही पर उस घटना में प्रयुक्त हथियार एवं मोटरसाइकिल बरामद कर लिया गया। इन दोनों पर पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

## बड़ी घटना को अंजाम देने की थी योजना

एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इचाक थाना क्षेत्र के रहिया मोड़ के पास हथियार के साथ दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा गया है। वे लोग कुछ बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इस संबंध में सदर एसडीपीओ अमित आनन्द के नेतृत्व में इचाक थाना क्षेत्र के कई स्थानों पर सघन चेंकिंग अभियान लगाया गया। रहिया मोड़ के पास एक बिना नंबर के काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को देखकर रहिया जंगल की ओर भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ लिया गया। पकड़ाये दोनों व्यक्ति की पहचान राहुल कुमार उर्फ रॉकी और शिव कुमार उर्फ शिवा के रूप में की गयी।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# झारखंड की सियासत का बड़ा मुद्दा बन गया है सरना धर्म कोड

## ■ सत्तारूढ़ झामुमो ने इस मुद्दे को लेकर आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बनाया

## ■ कांग्रेस सड़क पर उतरी, पर भूल गयी कि 1961 में उसने ही इसे खत्म किया था

## ■ भाजपा-आजसू के पास अब इस मुद्दे की खिलाफत का कोई बहाना नहीं बचा

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की सियासत एक बार फिर गरमा गयी है। इस बार मुद्दा आदिवासियों के लिए अलग सरना धर्म कोड बना है। राज्य में सत्तारूढ़ झामुमो ने इस मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ करते हुए इस मांग का समर्थन किया है। उधर सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार कांग्रेस तो सड़क पर उतर गयी है, लेकिन वह यह भूल गयी है कि 1961 में सरना धर्म कोड को उसकी सरकार ने ही खत्म किया था। झारखंड की पांचवीं विधानसभा में अलग सरना धर्म कोड को लेकर एक प्रस्ताव पारित किया जा चुका है और फिलहाल यह मुद्दा केंद्र के पास लंबित है। ऐसे में झारखंड भाजपा और उसकी सहयोगी आजसू के पास इसका विरोध करने का कोई बहाना नहीं बचा है। हालांकि भाजपा घोषित तौर पर इस मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ नहीं कर रही है। इस तरह यह मुद्दा बड़ी अजीब स्थिति में फंसा हुआ लग रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जिन्हें हाल ही में झामुमो के महाधिवेशन में पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया, सरना धर्म कोड को लेकर इतने गंभीर इसलिए हैं, क्योंकि यह एक मुद्दा उन्हें राजनीतिक तौर पर उस ऊंचाई पर स्थापित कर देगा, जहां कोई दूसरा नेता अब तक नहीं पहुंचा है। जानकार कहते हैं कि यदि यह मुद्दा सुलझ गया, तो हेमंत आदिवासियों के सबसे बड़े नेता के रूप में स्थापित हो जायेंगे। झारखंड में सरना धर्म कोड को लेकर छिड़ी सियासत की पृष्ठभूमि में क्या है यह पूरा मुद्दा और क्या है दलों की राय, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



झारखंड की राजनीति के केंद्र में इन दिनों सरना धर्म कोड का मुद्दा छाया हुआ है। राज्य में सरना धर्म कोड की मांग लंबे समय से चली आ रही है, जो अब राज्य की राजनीति की धुरी बनती जा रही है। यह मुद्दा न केवल आदिवासी समुदाय की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान से जुड़ा है, बल्कि यह एक बड़े वोट बैंक को प्रभावित करने वाला राजनीतिक हथियार भी बन गया है। झारखंड की लगभग 27 प्रतिशत आबादी आदिवासियों की है, जो मुख्य रूप से खुद को सरना धर्म के तहत मानती है। यह प्रकृति पूजा पर आधारित है और इसे मानने वाले संताली, मुंडा, हो, और कुड़ुख समेत अन्य समुदाय पेड़, पहाड़, नदियों और जंगलों की पूजा करते हैं। वर्ष 2020 में झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से सरना आदिवासी धर्म कोड को जनगणना में शामिल करने का प्रस्ताव पारित किया था, जिसे केंद्र सरकार को मंजूरी के लिए भेजा गया। केंद्र द्वारा इस पर कोई ठोस निर्णय न लेने से यह मुद्दा और गर्म हो गया है और राज्य में सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन इसे लेकर राजनीतिक तौर पर हावी है।

### राजनीतिक रणनीति और दलों की भूमिका

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग को अपने राजनीतिक एजेंडे का केंद्र बनाया है। झामुमो ने केंद्र सरकार को अल्टीमेटम दिया है कि जब तक सरना आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं होता, तब तक राज्य में जनगणना नहीं होने दी जायेगी। पार्टी ने इसे लेकर राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन भी किया है। इसमें सभी जिला मुख्यालयों पर धरना दिया गया। यह रणनीति आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ मजबूत करने और सत्तारूढ़ गठबंधन की छवि को आदिवासी हितों के रक्षक के रूप में स्थापित करने की कोशिश है।

कांग्रेस भी इस मुद्दे पर सक्रिय है और इसे अपने चुनावी घोषणापत्र का हिस्सा बना चुकी है। यह कदम आदिवासी वोट बैंक को लुभाने के साथ-साथ गठबंधन सहयोगी झामुमो के साथ तालमेल बनाये रखने का प्रयास है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में पार्टी प्रवक्ताओं और प्रमुख नेताओं की हालिया बैठक में राज्य में सरना धर्म कोड पर फोकस बढ़ाने का निर्देश दिया है। कांग्रेस ने इसे लेकर सड़क पर उतर कर आंदोलन किया है। राजभवन का घेराव भी हो चुका है।

### भाजपा भी इस मुद्दे को लेकर झेल रही आरोप

दूसरी ओर भाजपा इस मुद्दे पर दोहरे रवैये का आरोप झेल रही है। भाजपा ने 2014 में यूपीए सरकार के दौरान सरना धर्म कोड की मांग को अव्यावहारिक बताकर खारिज करने का हवाला देते हुए झामुमो और कांग्रेस पर पलटवार किया है। हालांकि 2024 में संपन्न विधानसभा चुनाव में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आयी, तो सरना धर्म कोड लागू करेगी। यह बयान आदिवासी वोटों को आकर्षित करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, लेकिन पार्टी का अतीत में इस मुद्दे पर अस्पष्ट रुख ने विवाद को जन्म दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के मुताबिक सरना धर्म कोड के नाम पर राजनीति करने का ड्रामा कर रही कांग्रेस को कोई याद दिलाये कि अंग्रेजों के जमाने (1871) से चले आ रहे आदिवासी धर्म कोड को 1961 में कांग्रेस की सरकार ने ही हटाया था।

### क्या है सरना धर्म कोड

सरना धर्म कोड का उद्देश्य आदिवासियों के सरना धर्म को भारत में एक अलग पहचान दिलाना है।

वर्तमान में भारत में छह धर्मों, हिंदू, इस्लाम, इसाइ, सिख, बौद्ध और जैन को धार्मिक समुदाय के रूप में मान्यता देने वाले कानून हैं। नवंबर 2020 में झारखंड सरकार ने विधानसभा के विशेष सत्र में आगामी जनगणना में सरना को एक अलग धर्म के रूप में शामिल करने का प्रस्ताव पारित कराया। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ और विपक्षी भाजपा ने भी इसका समर्थन किया, हालांकि उसने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया।

### झारखंड में हैं सबसे ज्यादा आदिवासी

झारखंड में आदिवासी आबादी बहुत अधिक है और वर्षों से आदिवासी समुदाय खुद को एक अलग समूह के रूप में देखता आया है, जो एक अलग सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक पहचान की मांग करता रहा है। एक अलग संहिता की मांग करने वाले आदिवासी समूहों ने तर्क दिया कि 1951 तक जनगणना में आदिवासियों के लिए एक अलग कॉलम था। इसे 1961 की जनगणना में हटा दिया गया था। 2011 की जनगणना में जो लोग छह मान्यता प्राप्त धर्मों का हिस्सा नहीं थे, उनके पास 'अन्य' चुनने का विकल्प था और लगभग 50 लाख लोगों ने 'अन्य' कॉलम में खुद को 'सरना' के रूप में दर्ज कराया था। इनमें से 41.31 लाख झारखंड से थे, जबकि शेष ओड़िशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों से थे।

### कांग्रेस ने हटाया था सरना धर्म कोड

अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर राजभवन का घेराव करनेवाली कांग्रेस यह भूल गयी है कि उसने एक साजिश के तहत खत्म करने की कोशिश 1961 में की। ऐतिहासिक दस्तावेज बताते हैं कि 1951 की जनगणना के समय सरना धर्म को लेकर अलग कोड था, लेकिन 1961 में इसे हटा दिया गया। दरअसल जनगणना के समय जो प्रपत्र भरा जाता है, उसमें एक कॉलम धर्म का होता है। 1951 तक इस प्रपत्र में अन्य धर्मों के साथ सरना का भी उल्लेख था। 1961 में इस कॉलम में केवल सात धर्म रखे गये। सरना धर्मावलंबियों को हिंदू बताया गया और इस तरह प्रकृति पर आधारित इस धर्म के अस्तित्व को सरकारी दस्तावेज में खत्म कर दिया गया।

### मुद्दा क्यों बन रहा हॉट केक

झारखंड में आदिवासी समुदाय एक बड़ा वोट बैंक है और सरना धर्म कोड का मुद्दा सभी प्रमुख दलों के लिए इसे अपने पक्ष में करने का अवसर प्रदान करता है। झामुमो और कांग्रेस की आक्रामक रणनीति से आदिवासी मतदाताओं का ध्रुवीकरण हो सकता है। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा प्रस्ताव पर निर्णय में देरी से झारखंड में असंतोष बढ़ सकता है। यह झामुमो और कांग्रेस को केंद्र की नीतियों पर हमला करने का मौका देगा। भाजपा के लिए यह मुद्दा एक चुनौती है, क्योंकि सरना को अलग धर्म की मान्यता देना उसके हिंदुत्व की विचारधारा से टकरा सकता है। इससे भाजपा को आदिवासी समुदाय और हिंदू मतदाताओं के बीच संतुलन बनाने में कठिनाई हो सकती है।

### राज्य की राजनीति में ला सकता है महत्वपूर्ण मोड़

सरना धर्म कोड का मुद्दा झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ ला सकता है। यह आदिवासी समुदाय की पहचान और अधिकारों की लड़ाई के साथ-साथ राजनीतिक दलों के लिए वोट बैंक की रणनीति का हिस्सा बन गया है। झामुमो और कांग्रेस इस मुद्दे को आदिवासी अस्मिता से जोड़कर अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि भाजपा इसे लेकर सतर्क रुख अपनाये हुए है। आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन और राजनीतिक बयानबाजी से झारखंड की सियासत और गर्म हो सकती है। केंद्र सरकार के रुख और जनगणना में सरना कोड शामिल करने के निर्णय पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

---

## ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तान की बखिया उधेड़ी, चेताया-

# भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुसलमान, उतर गये जंग-ए- मैदान में तो भागने की जगह नहीं बचेगी

**असदुद्दीन ओवैसी ने मुस्लिम देश में खोली पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा की पोल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान के झूठे प्रोपेगेंडा की पोल खोलकर रख दी है। उन्होंने कुवैत में उसे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से 2 अरब डॉलर के लोन का भी मुद्दा उठाया है। ओवैसी ने कहा कि पाकिस्तान इस पैसे का इस्तेमाल आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए कर सकता है। इसलिए उसे फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (फेट) की ग्रे लिस्ट में वापस डालना चाहिए। ओवैसी ने कहा है कि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुसलमान हैं और वे उनसे कहीं ज्यादा इस्लाम के उसूलों पर चलते हैं।

**ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तान के खिलाफ खोला मोर्चा:** हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का पक्ष रखने के लिए गये सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।



**'भारतीय मुसलमान पाकिस्तानी मुसलमानों से ज्यादा बेहतर'**

ओवैसी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान धार्मिक मुद्दों का इस्तेमाल कर भारत को निशाना न बनाये। उन्होंने कहा कि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुसलमान हैं। ओवैसी ने कहा, 'पाकिस्तान इस मुद्दे (धर्म) को उठाकर यह नहीं कह सकता कि वे मुसलमान हैं। भारत में मुसलमानों की आबादी ज्यादा है, और हम (भारतीय मुसलमान) उनसे (पाकिस्तान) ज्यादा इमानदार हैं....उनसे ज्यादा हमें अल्लाह और उनके रसूल से हमें मोहब्बत है।'

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को फेट की ग्रे लिस्ट में वापस लाना जरूरी है। इससे पाकिस्तान के वित्तीय लेनदेन पर कड़ी नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान मध्य पूर्व में मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के जरिए भारत के खिलाफ आतंकी समूहों को प्रायोजित करता है।

**कई मुस्लिम-बहुल देशों के दौरे पर गया है प्रतिनिधिमंडल :** कुवैत में भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में ओवैसी और बैजयंत पांडा के अलावा बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे, बीजेपी सांसद फांगनोन कोन्याक, बीजेपी सांसद रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और राजनयिक हर्ष श्रृंगला भी शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल कुवैत के अलावा सऊदी अरब, बहरीन और अल्जीरिया के नेताओं के साथ भी बातचीत करेगा।

**आतंकवाद पर भारत की जीरो टॉलरेंस नीति का संदेश :** प्रत्येक सांसद के नेतृत्व में सात समूहों वाला यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल वैश्विक स्तर पर गलत सूचना का मुकाबला करने और आतंकवाद पर भारत की जीरो-टॉलरेंस नीति को उजागर करने के लिए गया है। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा जम्मू और कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि पाकिस्तान को झूठी जानकारी फैलाने की आदत है।

---

## बड़ा खुलासा : युद्ध के इतिहास में पहली बार हुआ ऐसा

# एस-400 ने 314 किमी दूर से पाकिस्तान की आंख फोड़ी

**एस-400 ने 314 किमी दूर से पाकिस्तानी अवास्क (एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम) एयरक्राफ्ट को मारकर बनाया विश्व रिकॉर्ड**

**भारत रूस से एस-500 'प्रोमेथियस' को खरीदने का फैसला कर सकता है**

**एस-500 की क्षमता धरती के लोअर ऑर्बिट तक मार करने की है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**इस्लामाबाद/नयी दिल्ली।** यूक्रेन युद्ध के दौरान पश्चिमी देशों की मीडिया ने रूसी एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम को बदनाम करने की हर मुमकिन कोशिश की। उसे नाकाम बताया, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ एस-400 ने जैसा कमाल किया है, उसे देखकर पश्चिमी देश परेशान हैं। भारत के रूसी हथियारों ने जिस तरह से पाकिस्तान को धूल चटायी है, वो पश्चिमी देशों को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। एक वजह ये भी है कि पश्चिमी देशों की मीडिया ने पाकिस्तान के समर्थन में उसका भोपूं बन जाने का फैसला किया। एस-400 के पराक्रम के बारे में धीरे धीरे खुलासे होने लगे हैं और यूरेशियन टाइम्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की लंबी दूरी की मिसाइलों के



खिलाफ एस-400 सौ फीसदी कामयाब और प्रभावी साबित हुआ है। एस-400 ने पाकिस्तान के कई क्रूज मिसाइलों और विनाशकारी ड्रोन को मार गिराया, जिससे भारत को अपने सैन्य ठिकानों को सुरक्षित रखने में मदद मिली। आपको बता दें कि भारत ने 5.4 अरब डॉलर की लागत से रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के पांच यूनिट खरीदे थे। जिनमें से रूसे ने अभी तक तीन एस-400 की ही डिलीवरी दी है।

**एस-400 ने पाकिस्तानी अवास्क एयरक्राफ्ट के चीथड़े उड़ाए :** यूरेशियन टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि भारतीय एस-400 ने 314 किलोमीटर की दूरी पर किसी हवाई लक्ष्य को भेदकर एक रिकॉर्ड बनाया है। अधिकारी ने कहा कि एस-400 ने 300 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी पर हवाई लक्ष्य को मार गिराकर सरफेस टू एयर मिसाइल द्वारा सबसे लंबे समय तक मार करने का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि एस-400 की जगह भारत एस-500 'प्रोमेथियस' को खरीदने का भी फैसला कर सकता है, जिसकी क्षमता धरती के लोअर ऑर्बिट तक मार करने की है।

---

# लालू परिवार में गूंजी किलकारी फिर पिता बने तेजस्वी यादव

**वीडियो कॉल कर राजद सुप्रीमो को दी खुशखबरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** तेज प्रताप यादव को लेकर जारी तनातनी के बीच राष्ट्रीय जनता दल के मुखिया लालू प्रसाद यादव के घर में किलकारी गूंजी है। लालू दूसरी बार दादा बन गये हैं। तेजस्वी यादव दूसरी बार पिता बन गये हैं। उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई है। तेज को लेकर जारी बवाल के बीच लालू परिवार में खुशियां आयी हैं। इसकी जानकारी मंगलवार को 'एक्स' और फेसबुक पर खुद तेजस्वी यादव ने दी। तेजस्वी ने बेटे की तस्वीर भी शेयर की है। इसके साथ तेजस्वी ने लिखा, 'सुप्रभात! आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। हमारे नन्हे बेटे के आगमन की घोषणा करते हुए



बहुत आभारी, धन्य और खुश हूं। जय हनुमान! तेजस्वी ने लालू को यह खुशखबरी वीडियो कॉल पर दी। रोहिणी आचार्य की ओर से साझा किये गये वीडियो में तेजस्वी कहते हुए दिखायी दे रहे हैं कि पापा ऑनलाइन हैं। पापा बेटा हुआ है। पोता हुआ है आपको। वीडियो में तेजस्वी काफी खुश नजर आ रहे हैं। दरअसल, तेजस्वी और उनकी बहन रोहिणी यादव ने घर के सबसे नन्हे सदस्य को लालू से वीडियो कॉल पर मिलवाया।

---

# ज्योति मल्होत्रा ने हासिल किया था विशेष वीजा आइएसआइ और पाक गृह मंत्रालय ने दी थी मंजूरी

**चार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी ज्योति**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हिसार।** ज्योति के गैजेट्स की फॉरेंसिक रिपोर्ट के मुताबिक ज्योति चार पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थी। ज्योति को इनके बारे में पूरी जानकारी थी। डिजिटल सबूतों से यह स्पष्ट हुआ कि ज्योति किसी ग्रुप चैट में नहीं, बल्कि केवल वन-ऑन-वन बातचीत में शामिल थी।



**ज्योति की दानिश से थी नजदीकी :** डिजिटल फॉरेंसिक जांच में पता चला है कि वह पाकिस्तानी की खुफिया एजेंसी आइएसआइ की छवि बनाने वाली योजना में एसेट थी। ज्योति की दानिश से नजदीकी थी। हालांकि पुलिस को बेहद संवेदनशील जानकारी के लीक होने के सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ज्योति को मिलने वाले फंड के स्रोतों की भी जांच कर रही है।

ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल-लैपटॉप से 12 टेराबाइट (टीबी) डाटा रिकवर किया गया है। इसमें काफी वीडियो हैं। पुलिस पहले डिजिटल सबूतों की गहरायी से जांच करेगी। इसमें कम से कम 10 दिन का समय लग सकता है। इसी को ध्यान में रखते पुलिस की तरफ से अदालत में सोमवार को रिमांड की मांग नहीं की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.6 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 18.29 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 05.03 बजे |



# जैक बोर्ड 10वीं की परीक्षा में स्टेट टॉपर बनी गढ़वा की बेटी गीतांजलि

**इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय हजारीबाग की छात्रा है गीतांजलि**

**गीतांजलि को 98.60 प्रतिशत अंक मिले हैं**

**विमलेश कुमार**

**भवनाथपुर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** झारखंड बोर्ड 10वीं की परीक्षा में गढ़वा जिलांतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र भवनाथपुर प्रखंड के मकरी गांव की गीतांजलि कुमारी ने पूरे राज्य में टॉप किया है। गीतांजलि को 98.60 प्रतिशत अंक मिले हैं। उसकी इस सफलता से पूरे प्रखंड और




गांव में हर्ष का माहौल है। उसके घर पहुंचकर उनके माता पिता को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। फिलहाल गीतांजलि राजस्थान कोटा में रहकर नीट की तैयारी में जुटी हुई है। उसका सपना डॉक्टर बनने का है। आजाद सिपाही के संवाददाता से दूरभाष पर बात करते हुए गीतांजलि ने सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजनों और अपने दोस्तों को दिया। जिन्होंने अपने मार्गदर्शन और उचित सलाह से मुझे मैट्रिक की परीक्षा में स्टेट टॉपर बनने के लिए प्रेरित किया। उसने बताया कि मेरा सपना डॉक्टर बन लोगों की सेवा करना है। इसके लिए वह कोटा में रहकर नीट की तैयारी में लगी हुई है। गीतांजलि ने सेल डीएवी भवनाथपुर से कक्षा एक से पांच तक की पढ़ाई की। इसके बाद उसने इंट्रेस परीक्षा पास कर 2020 में इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय हजारीबाग में कक्षा 6 में एडमिशन ली और उसी विद्यालय से मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हुई। जहां मैट्रिक की परीक्षा में उसने 98.6 प्रतिशत अंक लाकर पूरे राज्य में टॉपर हुई। उसने अपनी सफलता से जिला, प्रखंड और गांव सहित अपने स्कूल को भी गौरवान्वित किया है।

## बधाई देने वालों का लगा तांता

मैट्रिक में स्टेट टॉपर करने वाली गीतांजलि के पिता उमेश पाल पेशे से सहयोगी शिक्षक हैं, जो नवप्राथमिक विद्यालय मकरी में कार्यरत हैं। जबकि माता पम्मी देवी गृहिणी हैं। अपनी बेटी की सफलता पर वे गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। बधाई देने वालों की उनके घर पर तांता लगा हुआ है। उसके पिता उमेश पाल अपनी बेटी की सफलता पर खुशियां व्यक्त करते हुए कहते हैं कि वह पढ़ने में शुरू से ही मेधावी थी। उसका सपना डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने की है। माता पम्मी देवी ने बताया कि मेरी बेटी शुरू से पढ़ाई में अव्वल आती रही है। उसका मन सिर्फ पढ़ाई में लगा रहता था। शिक्षा के प्रति उसकी मेहनत और लगन को देख मुझे विश्वास था, कि वह मैट्रिक की परीक्षा में जरूर टॉप करेगी। गीतांजलि के छोटे भाई-बहन रूपांजलि और अभिनव प्रकाश भी अपनी बड़ी बहन की तरह ही पढ़ाई करते हुए परीक्षा में टॉप करने की बात कही।

## 10वीं बोर्ड में गीतांजलि के स्टेट टॉपर होने पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दी बधाई



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा के भवनाथपुर प्रखंड की बेटी गीतांजलि कुमारी द्वारा 10वीं की झारखंड बोर्ड परीक्षा में कुल 500 में 493 अंक लाकर पूरे राज्य में टॉप करने का गौरव हासिल की है। गीतांजलि की इस उपलब्धि पर झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गीतांजलि और उसके पूरे परिवार को बहुत बधाई दी है। श्री ठाकुर ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा है कि गीतांजलि ने पूरे गढ़वा का मान बढ़ाया है। उसने हम सबों को गर्व करने का अवसर प्रदान किया है। वह भविष्य में पूरे देश का मान बढ़ाए, ऐसी शुभकामना है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** — नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में कठिनाइयों की वृद्धि संभव है, फिर भी उससे कोई हानि नहीं होगी।

**वृष** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।

**मिथुन** — रूके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ़,निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** — धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।

**सिंह** — जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।

**कन्या** — राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें।

**तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।

**धनु** — विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।

**मकर** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।

**कुंभ** — सामयिक कार्यों में सफलता,नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।

**मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

# सरना धर्म कोड नहीं, तो झारखंड में जनगणना नहीं होने देंगे : झामुमो

## सरना धर्म कोड को लेकर झामुमो ने जिला मुख्यालय में किया धरना-प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने मंगलवार को सरना धर्म कोड (आदिवासी धर्म कोड) की मांग को लेकर रांची जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता एवं संचालन में संपन्न हुआ।

मौके पर पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि राज्य की जन भावना के अनुरूप झामुमो लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग करते आ रहा है। यह राज्य की भावना है कि सरना धर्म कोड लागू हो, और उसी भावना का ख्याल रखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया और उस सत्र में सरना धर्म कोड को विधेयक के रूप मे पेश किया गया। वो ऐतिहासिक दिन 11 नवंबर 2020 था, जब सरना धर्म कोड को पास करके राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजने का काम किया गया।

उन्होंने कहा कि झामुमो चाहता है कि सरना धर्म कोड लागू हो, चाहे किसी भी कीमत पर हो। जिस तरह जनगणना के लिए हमने केंद्र को मजबूर किया। उसी तरह सरना धर्म कोड के लिए भी हम केंद्र को मजबूर करेंगे। चाहे दिल्ली जाकर आंदोलन करना पड़े, हम दिल्ली भी जाकर अपनी आवाज को बुलंद करेंगे। सरना धर्म कोड लागू नहीं होगा, तो जनगणना भी यहां नहीं होगी।

झामुमो रांची जिला संयोजक मुस्ताक आलम ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों की चिर परिचित मांग है। यदि जनगणना के कॉलम में हिंदू का है, मुस्लिम का है, सिख का है, बौद्ध का है, पारसी का है, जैन का है, क्रिश्चन का है, तो आदिवासी जो आदिकाल से रहने वाले हैं उनका कॉलम क्यों नहीं है? उन्होंने कहा कि यह काफी लंबी मांग है। जिस तरह झारखंड अलग राज्य हम लोगों ने लड़कर लिया है, उसी तरह से सरना धर्म कोड के लिए भी हम आगे आंदोलन करेंगे।

धरना-प्रदर्शन में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडिया, केंद्रीय सदस्य सह संयोजक मंडली सदस्य अश्विनी शर्मा, संयोजक मंडली सदस्य डॉ हेमलाल मेहता, बीरू तिर्की, जयवंत तिग्गा, धमेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल थे।






## जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड को पास करना होगा : सुप्रियो

पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संविधान में यह स्पष्ट लिखा हुआ है कि हम अपने धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे और उसे मानेंगे। आदिवासियों के हक पर, उनकी संपत्ति पर, उनके विचारों पर लगातार जो हमला हो रहा है उसके खिलाफ ये प्रदर्शन है। आदिवासी इस देश का सबसे पहला मालिक है। यदि जल-जंगल-जमीन को बचाना है, तो सरना धर्म कोड को पास करना होगा।

# जब 15.48% आदिवासी बन चुके इसाई तो सरना लिखेगा कौन: बाबूलाल मरांडी

**इसाई बन चुके लोग सरना को तो मानते ही नहीं हैं**

**कांग्रेस और झामुमो, इस मुद्दे पर राजनीति न करें**

**धर्मांतरण रोके सरकार, आदिवासी बचेगा ही नहीं तो फिर सरना धर्म कौन लिखेगा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सरना धर्म कोड के मसले पर सरकार पर हमला बोला। सवाल भी दागे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस और झामुमो के सरना धर्म कोड की मांग पर प्रतिक्रिया दी। कहा कि आज झामुमो और कांग्रेस आदिवासी समाज के लिए चिंतित हैं। यह अच्छी बात है। लेकिन ये लोग अधूरे काम और आधी बात बताते हैं। सरकार को आदिवासी समाज को लेकर जो कार्य करना चाहिए था, उस पर कोई कार्य वह नहीं कर रही है। बल्कि आदिवासी समाज को सरना धर्मकोड को लेकर बरगलाने का काम किया जा रहा है।

श्री मरांडी ने केंद्र की कांग्रेस सरकार की निगरानी में की गयी 2011 की जनगणना का जिक्र करते कहा कि जनगणना के अनुसार झारखंड़ की कुल जनसंख्या 3,29,88,134 थी। इसमें आदिवासी समाज की आबादी 86 लाख 45 हजार 42 थी जो कुल आबादी का 26.20 प्रतिशत थी। इसमें से आदिवासियों की जनसंख्या का 15.48 % आबादी इसाई है जो 95% आदिवासी समाज के ही लोग हैं और 5% दूसरे जाति के हैं। उस समय इसाई समाज की जनसंख्या 14 लाख 18 हजार 608 थी जो आदिवासियों की कुल जनसंख्या का 15.48 % थी जिसमें से 26% उरांव, 35%मुंडा, 67 % खड़िया और 0.85% संथाली, 2.14% हो समाज के लोग इसाई बन चुके हैं। बाबूलाल ने सवाल करते कहा कि जब सरना धर्म कोड लागू होगा तो सरना धर्म कोड लिखेगा कौन? सरना कोड वही लिखेगा जो सरना मां, मरांग बुरु, जाहेर और सिंगबोंगा को मानते हैं। लेकिन आदिवासी समाज की 15% आबादी तो इसाई बन चुकी है तो ये सरना कैसे लिखेंगे क्योंकि ये सरना को तो मानते नहीं हैं।

**धर्मांतरण को रोके सरकार :** बाबूलाल ने कहा कि रघुवर दास की सरकार ने धर्मांतरण को रोकने के लिए धर्म से संबंधित एक विधेयक लाया था। आज हेमंत सोरेन सरकार को भी सबसे पहले तेजी से जो आदिवासी समाज के लोग अपना धर्म बदल रहे हैं, उस पर कार्रवाई करनी चाहिए वरना आदिवासी बचेगा ही नहीं तो फिर सरना धर्म कौन लिखेगा। अतः सरकार में शामिल कांग्रेस और झामुमो, दोनों ही राजनीतिक दल इस मुद्दे पर खोखली राजनीति नहीं करें।




## आयुष्मान भारत योजना को कमजोर कर रही राज्य सरकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार पर आयुष्मान भारत योजना को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिए संजीवनी है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड से ही लॉन्च किया था। इसके तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक का इलाज संभव है, लेकिन राज्य सरकार की उदासीनता के कारण आम जनता इसका लाभ नहीं ले पा रही है। मरांडी ने बताया कि केंद्र-राज्य की साझेदारी में चलने वाली इस योजना में राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना का नाम तो रखा, लेकिन क्रियान्वयन के स्तर पर गंभीर खामियां हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 30 बेड और शहरी क्षेत्रों के लिए 50 बेड वाले अस्पताल की अनिवार्यता तय की गयी है, जो असलियत से परे है। केंद्र सरकार तो 10 बेड वाले अस्पतालों को भी योजना में शामिल करती है। इससे ग्रामीण इलाकों के छोटे अस्पताल योजना से बाहर हो रहे हैं और गरीब इलाज से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने 750 सूचीबद्ध अस्पतालों में से 538 को फरवरी 2025 से भुगतान नहीं किया है, जबकि 212 अस्पतालों का भुगतान पिछले 10 महीने से लंबित है। इसके चलते कई अस्पतालों ने योजना के तहत इलाज बंद कर दिया है और गरीब मरीज निजी अस्पतालों में महंगे इलाज के लिए मजबूर हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके विपरीत है। उन्होंने मांग की कि अस्पतालों के बकाये का जल्द भुगतान हो और ग्रामीण क्षेत्रों में 10 बेड वाले अस्पतालों को शामिल किया जाये। इस मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।

## झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट निकला

रांची (आजाद सिपाही)। बहुचर्चित और लंबित झारखंड महिला पर्यवेक्षिता प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने मंगलवार को कुल 521 सफल अभ्यर्थियों के नामों की सूची जारी कर दी है। चार जून को दो पालियों में सफल अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच होगी। जो उस दिन अनुपस्थित रहेंगे, उनके प्रमाण पत्रों की जांच 11 जून को होगी। आयोग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अभ्यर्थी अपने आवेदन में दी गयी जानकारी से संबंधित मूल प्रमाण पत्र लायेंगे। चार जून को पहली पाली में 250 अभ्यर्थियों की दिन के 11 से 1.30 बजे तक और दूसरी पाली में ढाई बजे से पांच बजे तक 271 अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच होगी। प्रमाण पत्रों में शैक्षणिक योग्यता के अलावा स्थानीयता, नन क्रीमी लेयर, जाति, इडब्ल्यूएस और आय प्रमाण पत्र प्रमुख होंगे। यहां मालूम हो कि पिछले साल ही महिला पर्यवेक्षिता प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न हो चुकी थी। रिजल्ट प्रकाशन में विलंब का मुद्दा विधानसभा के बजट सत्र में भी उठा था।

# एसीबी खंगाल रही आइएएस विनय चौबे और उनके करीबियों की संपत्ति का विवरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शराब घोटाला में जेल में बंद राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे और उनके परिवार एवं करीबी व्यक्तियों की सम्पति का ब्यौरा एसीबी (भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो) जुटा रही है। एसीबी विनय चौबे उनकी पत्नी और अन्य सगे संबंधियों के नाम से खरीदी गयी अचल संपति की जानकारी भी जुटाने में लगी है। इसके लिए एसीबी ने रांची के सभी रजिस्ट्री कार्यालयों में पत्र लिखा है।

एसीबी ने रजिस्ट्री ऑफिस से यह जानकारी मांगी है कि विनय चौबे और उनकी पत्नी और अन्य पारिवारिक सदस्यों के नाम पर कितनी अचल संपति खरीदी गयी है। एसीबी ने विनय चौबे और उनकी पत्नी के पैन नंबर भी रजिस्ट्री ऑफिस को दिये हैं।

एसीबी से पत्र मिलने के बाद रांची के सभी रजिस्ट्री ऑफिस में विनय चौबे और उनकी पत्नी की प्रॉपर्टी की डिटेल खंगाली जा रही है। जानकारी में मुताबिक, विनय



चौबे की पत्नी के नाम पर अलग-अलग प्रॉपर्टी की खरीद-बिक्री के चार दस्तावेज मौजूद हैं।

प्रॉपर्टी की डीटेल्स मिलने के बाद एसीबी अब आगे की कार्रवाई में लग गयी है। बता दें कि पिछले सप्ताह एसीबी ने शराब घोटाला से जुड़े मामले में राज्य के वरीय आइएएस अधिकारी विनय चौबे को पूछताछ के बार गिरफ्तार किया था। फिलहाल विनय चौबे न्यायिक हिरासत में हैं।

यहां बता दें कि विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 3 जून तक (14 दिन) न्यायिक हिरासत में भेजा है।

वहीं विनय चौबे की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया था। विनय चौबे फिलहाल रिम्स के पेइंग वार्ड में हैं। विनय चौबे की तबीयत फिलहाल ठीक है। उनकी जांच के लिए रिम्स में डॉक्टरों की एक टीम बनायी गयी है।

## कानून-व्यवस्था को लेकर सीएम की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक स्थगित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार (27 मई) को राज्य की कानून-व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करने वाले थे। लेकिन अपरिहार्य कारणों से बैठक को स्थगित कर दिया गया। इसको लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने मंगलवार को आदेश जारी किया। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में अवैध घुसपैठ और गंभीर आपराधिक घटनाओं सहित कुल 16 महत्वपूर्ण एजेंडों पर विस्तार से चर्चा किया जाना था। यह बैठक सीएम आवास में होनी थी, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) भी मौजूद रहते। जबकि जोनल आइजी, रेंज के डीआइजी, जिलों के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में शामिल होते।

# रघुवर दास ने शराब घोटाले की सीबीआइ से जांच कराने की मांग की, पूछा-कैबिनेट बड़ा या टीएसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड में बनी नयी शराब नीति को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास मंगलवार को पलामू दौरे पर थे। कार्यक्रम के बाद पलामू परिसदन में पूर्व सीएम रघुवर दास प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने शराब घोटाले को लेकर झारखंड सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाये। झारखंड सरकार द्वारा हाल ही में अपनी शराब नीतियों को बदल दिया गया है।

दरअसल, झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की शराब नीति को 2022 में राज्य में लागू किया था। शराब घोटाले को लेकर झारखंड में एसीबी और छत्तीसगढ़ में सीबीआइ जांच कर रही है। पूर्व सीएम रघुवर दास झारखंड की शराब नीतियों को लेकर हेमंत सोरेन की सरकार पर कई सवाल उठाये हैं। पूर्व सीएम ने पूछा कि झारखंड में कैबिनेट बड़ी है या ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी।

पूर्व सीएम रघुवर दास ने कहा कि राज्य की सरकार कैबिनेट से आदिवासी बहुत इलाकों में शराब की दुकान खोलने का निर्णय लेती है, फिर बाद में इसे टीएसी को भेजा जाता है। पूर्व सीएम ने कहा कि उनके कार्यकाल में बनायी गयी शराब नीति से राज्य सरकार को 1000 करोड़ की जगह 2000 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि 2022 में झारखंड सरकार ने शराब की नीति को बदल दिया और छत्तीसगढ़ की शराब नीति को अपनाया था।

पूर्व सीएम ने कहा कि 2022 में सत्तारूढ़ दल के विधायक शराब नीति को लेकर छत्तीसगढ़ गये थे। 21 अगस्त से लेकर 31 अगस्त तक सत्तारूढ़ दल के 22 विधायक छत्तीसगढ़ के एक होटल में रुके थे। उन्होंने सीबीआइ से जांच की मांग की है कि आखिर होटल में ठहरने का खर्चा किसने दिया है। इसके साथ ही पूर्व सीएम ने झारखंड में शराब नीति में गड़बड़ी को लेकर सीबीआइ से जांच की मांग की है।

## सरना को अलग धर्म कोड के रूप में नहीं दर्ज कराने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार



पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने जातीय जनगणना में सरना को अलग धर्म कोड के रूप में नहीं दर्ज कराने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। प्रेस कांफ्रेंस में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि पीवी नरसिंह राव की केंद्रीय सरकार में उनकी पार्टी ने सरना धर्म के अलग से कॉलम होने की बात की थी, जिसे नजरदांज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आदिवासी हैं और इनके ही मुख्यमंत्रित्व में सबसे ज्यादा जनजातीय समाज पददलित हो रहे हैं, यह बेहद शर्मनाक स्थिति है। उन्होंने मौजूदा झारखंड सरकार को लूटखंड के निरुपित करते हुए कहा कि राज्य में ट्रांसफर-पोस्टिंग एक उद्योग हो गया है, भला एक बार में बीस-बीस आइएएस अफसरों के तबादले होते हैं, वह भी जिलाधिकारी (उपायुक्त) जैसे पद पर। उन्होंने कहा कि विधवा, वृद्ध, दिव्यांग जैसे सामाजिक पेंशन पाने वालों को पांच माह से इसके लाभ नहीं मिल पाये हैं, जिसमें मंईयां सम्मान योजना की भी भूमिका है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चे भी टॉपर की लिस्ट में

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को 10वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। इसमें कई ऐसे छात्र और छात्राएं हैं जो विषम परिस्थिति में भी अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। सच्ची लगन व सतत प्रयास से तमाम बाधाओं के बावजूद सफलता हासिल किया जा सकता है। इसे साबित किया गीतांजलि कुमारी ने पूरे राज्य में टॉप कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। गीतांजलि ने कुल 493 अंक हासिल किये हैं, जो कि 98.60 प्रतिशत के बराबर है। गीतांजलि एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता एक पारा शिक्षक हैं। परिवार में कुल तीन भाई-बहन हैं, जिनमें गीतांजलि सबसे बड़ी हैं। दो बहनें और एक छोटा भाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद गीतांजलि की यह सफलता न केवल उनके परिवार, बल्कि राज्य भर के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गयी है। अमृता गुप्ता ने 491 अंक प्राप्त कर राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। उनकी सफलता ने न सिर्फ उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि पूरे राज्य के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी हैं। अमृता मूल रूप से दुमका की रहने वाली हैं, लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई इंदिरा गांधी बालिका उच्च विद्यालय, हजारीबाग से पूरी की। पाकुड़ की रितु कुमारी जैक 10वीं में राज्य में सेकेंड टॉपर बनी हैं। रितु गौतम पाल की बेटी हैं, जो किसान हैं। रितु ने 491 (98.20%) अंक हासिल किये हैं। रितु पाकुड़ के महेशपुर की रहने वाली हैं और हजारीबाग में इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा हैं। धनबाद के अमर कुमार ने 491 अंक (98.20%) प्राप्त कर राज्य स्तर पर दूसरा स्थान हासिल किया है। 491 अंक प्राप्त करने वाले चार छात्र-छात्राओं में अमर भी शामिल हैं, जिन्होंने पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रोप वी हाइस्कूल, तिलैया रंगटांड़ के छात्र अमर एक किसान परिवार से आते हैं। उनके पिता खेती कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अमर के परिवार में दो भाई और एक बहन हैं। सीमित संसाधनों में रहकर अमर ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह निश्चित ही कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन का परिणाम है। इनके पिता का नाम ख्याति महतो है। अमर की इस सफलता ने न केवल उनके परिवार को गौरवान्वित किया है, बल्कि धनबाद और उनके स्कूल का नाम भी रोशन किया है। राज्य सरकार, शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन ने अमर को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रांची जिले की तहरीन फातिमा ने 97.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। इस उपलब्धि से न सिर्फ उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले को गर्व हुआ है। तहरीन का पारिवारिक पृष्ठभूमि बेहद साधारण है। इसके पिता ठेले पर कपड़ों की दुकान चलाते हैं। सीमित आय के बावजूद अपनी बेटी की पढ़ाई में कोई कसर नहीं छोड़ी। माता-पिता की कड़ी मेहनत और समर्थन का ही परिणाम है कि तहरीन आज इस मुकाम तक पहुंची हैं। टॉपर तहरीन बताती हैं कि उन्होंने मोबाइल फोन का उपयोग सिर्फ पढ़ाई के लिए किया और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखी।


तहरीन फातिमा


रितु कुमारी


मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रभारी, झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जीनल एन गाला, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी उपस्थित रहे।

## आरटीसी उच्च विद्यालय, रांची 10वीं परीक्षा में 100% परिणाम, शीर्ष स्थान पर गिरिजा कुमारी




रांची (आजाद सिपाही)। रांची के आरटीसी उच्च विद्यालय, पीएचड़ी, बूटी ने जैक बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा-2025 में शानदार परिणाम प्रस्तुत किया। विद्यालय के 176 विद्यार्थियों में से 135 ने प्रथम श्रेणी और 41 ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की। विद्यालय की गिरिजा कुमारी ने 469 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, पुनम कुमारी ने 461 अंक लेकर द्वितीय स्थान, रौशन कुमार ने 456 अंक से तृतीय स्थान, रौनक भूतकुमार ने 451 अंक के साथ चौथा और जगतपाल उरांव ने 450 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान हासिल किया। विद्यालय का परिणाम 100% रहा, जो विद्यार्थियों, शिक्षकों और शासन की मेहनत का परिणाम है। विद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो और प्राचार्य डॉ. शांति कुमारी ने इस सफलता को छात्रों और शिक्षकों की कठिन परिश्रम का परिणाम बताया।

## जैक 10वीं परीक्षा में प्रेमचंद उच्च विद्यालय मेसरा, रांची का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद, रांची द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा का परीक्षाफल में प्रेमचंद उच्च विद्यालय मेसरा, रांची का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 135 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमे 99 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से 22 द्वितीय श्रेणी से और शेष सभी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के इस शानदार सफलता पर विद्यालय के सचिव संजय कुमार प्राचार्य उपेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक राजवल्लभ प्रसाद, नागेश्वर महतो, सरवर आलम सहित अन्य शिक्षकों ने सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। प्राचार्य उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश रहने के बावजूद यह विद्यार्थियों की शानदार सफलता है। मैं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।

# जैक मैट्रिक की परीक्षा में एक्मी क्लासेस का शत-प्रतिशत रिजल्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जैक मैट्रिक की परीक्षा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक्मी क्लासेस संस्थान का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत रहा। संस्थान के सभी विधार्थी प्रथम श्रेणी में पास हुए। साथ ही संस्थान के दस विधार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विधार्थी सूरज कुमार 93.2%, रानी कुमारी 93.2%, रीतिका 91.4%, सृष्टि 91.2%,श्रावनि 90.6%, आदित्या 90%, अंशु कुमारी 90%, बबली कुमारी 90%, रिया कुमारी 90%, आकांक्षा कुमारी 89% रहा संस्थान के संचालक निशांत यादव ने सभी बच्चों की बेहतर भविष्य की कामना करते हुए बताया कि 2009 से लगातार जैक मैट्रिक की परीक्षा में लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आया है और ये प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। संस्थान ने अपने 15 साल के इतिहास में कई राज्य और जिला टॉपर दिया है। संस्थान के सभी शिक्षकों ने टॉप किये सभी विधार्थियों को मिठाई खिलाकर उनको बधाई दी। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक निशांत यादव, मनीष कुमार, अतुल कुमार, मनीष नाहा, अजीत अग्रवाल, सिमरन गुप्ता सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।




# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन, दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल, एदलहातू, मोरहाबादी ने एक बार फिर से अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का प्रमाण देते हुए दसवीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। इस वर्ष विद्यालय के कुल 136 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इनमें से 25 विद्यार्थियों ने डिस्टिंक्शन के साथ शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का गौरव बढ़ाया।

विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने परीक्षा परिणाम पर हर्ष जताते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया और विद्यालय परिवार को उन पर गर्व है। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय की समर्पित शिक्षण प्रणाली, बच्चों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं के शिक्षकों ने योजना बद्ध तरीके से पढ़ाई करवाई, समय से पहले पाठ्यक्रम पूरा कराया और नियमित मॉक टेस्ट एवं अतिरिक्त कक्षाएं आयोजित की गयीं, जिससे विद्यार्थियों को समुचित तैयारी का अवसर मिला। उन्होंने यह भी बताया कि परीक्षा परिणाम के बाद से लगातार अभिभावकों द्वारा मिल रही शुभकामनाएं शिक्षकों के लिए सम्मान की अनुभूति करा रही हैं। प्राचार्य ने विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि उन्हीं के मार्गदर्शन में विद्यालय निरंतर नये आयाम स्थापित कर रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक आशुतोष कुमार, किरण कुमारी, अनामिका छेत्री, पंकज, सुरेश कुमार, सुधीर कुमार सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




### 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राएं

| | |
|---|---|
| 1. शिखा कुमारी - 95.60% | 5. साजिया परवीन - 93.00% |
| 2. रिश्ता शर्मा - 94.20% | 6. सादिया परवीन - 91.20% |
| 3. सुहानी कुमारी - 93.60% | 7. सागर कुमार सिंह - 91.00% |
| 4. राज गुप्ता - 93.60% | 8. आर्यन कुमार साव - 90.00% |

# साई नाथ विश्वविद्यालय में जेल सुधार विषय पर सेमिनार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के बहुउद्देश्यीय हॉल में जेल सुधार विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का भव्य आयोजन आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति, दीपक रोशन, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। इसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत सभी गणमान्य सम्मानित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप दीप प्रज्वलन से हुई। जिसने कार्यक्रम को एक अनुशासित एवं गौरवपूर्ण प्रारंभ प्रदान किया। इसके बाद अतिथियों को विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल के द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- न्यायमूर्ति, दीपक रोशन ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्यों से उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जेल सुधार विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जेलें केवल दंड के स्थान नहीं, बल्कि पुनर्वास और पुनर्निर्माण के केंद्र होने चाहिए। अपने सारगर्भित वक्तव्य में न्याय प्रणाली में तकनीकी सुधारों, तकनीकी सुरक्षा व्यवस्था और मानवीय दृष्टिकोण के समन्वय पर अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किये।

आइपीएस प्रशांत सिंह ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि आज तकनीकी प्रगति ने जेल प्रशासन में पारदर्शिता और प्रभावशीलता के नये द्वार खोले हैं। वायरलेस कम्युनिकेशन, निगरानी प्रणाली, डिजिटल रिकॉर्डिंग जैसे उपाय जेल सुरक्षा को आधुनिक बनाने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो रहे है।

पुनः प्रोफेसर, डॉ पीके चतुर्वेदी, प्राचार्य, सीएन लॉ कॉलेज एवं डीन, विधि संकाय, रांची विश्वविद्यालय ने विधिक दृष्टिकोण से जेल सुधारों की आवश्यकता एवं भविष्य की दिशा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विधि के विद्यार्थी केवल कानून की धाराओं को रटकर अच्छे वकील नहीं बनते, बल्कि जब वे समाज की पीड़ा को समझते हैं, तभी वे न्याय का सही अर्थ जान पाते हैं। जेल सुधार का अध्ययन, विधि शिक्षा का एक अनिवार्य अंग होना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक- विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और कहा कि शिक्षा संस्थानों का उतरदायित्व केवल एकेडेमिक डिग्रियां देना नहीं है, बल्कि एक ऐसा सामाजिक वातावरण तैयार करना है, जहां छात्रों में मानवाधिकार, न्याय और दया की भावना विकसित हो। यह सेमिनार उसी दिशा में एक सशक्त पहल है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे समाज की असली परीक्षा तब होती है, जब हम अपने सबसे कमजोर, सबसे हाशिए पर खड़े लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं-और जेलों में बंद व्यक्ति उन्हीं में आते है।

अंत में कुलपति ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का यह सेमिनार आने वाले समय में न्यायिक सोच को अधिक मानवीय और संवेदनशील बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनसीसी के चयनित कैडेटस को रैंक- सार्जेंट, अंडर ऑफिसर, जूनियर अंडर ऑफिसर आदि अतिथियों के द्वारा प्रदान किये गये। सेमिनार के समापन सत्र में साईं नाथ विश्वविद्यालय के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने हाल ही में खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति- - प्रो डॉ एसपी अग्रवाल एवं सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के विधि विभाग के डीन- डॉ सुमन श्रीवास्तव ने किया।




# नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर की जया मुंडा बनीं विद्यालय टॉपर

**बच्चों के अथक परिश्रम, शिक्षक-शिक्षिकाओं के श्रेष्ठ मार्गदर्शन से परीक्षाफल रहा उत्कृष्ट : डॉ वीरेंद्र साहू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेताजी एकेडमी उच्च विद्यालय होचर, कांके, रांची के 96 विद्यार्थियों ने झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2025 में सम्मिलित हुए थे, जिसमें 81 बच्चों ने प्रथम और 11 बच्चों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किये। जया मुंडा 466 (93.2%) अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनीं। वहीं विद्यालय के अंकित कुमार महतो 464( 92.8%) अंक लाकर द्वितीय, शुभम कुमार साहू 457 (91.4%) अंक लाकर तृतीय, शिवानी कुमारी 445 (89.0%) अंक लाकर चतुर्थ, रोहित कुमार साहू 442 (88.4%) अंक लाकर पंचम, अनुज कुमार साहू ने 440 (88.0%) अंक लाकर षष्ठम, कैश अंसारी 437 (87.4%) अंक लाकर सप्तम, अनिशा टोप्पो 437(87.2%) अंक लाकर अष्टम, श्वेता कुमारी 433 (86.6%) अंक लाकर नवम व रोशनी कुमारी 423 (84.6%) अंक लाकर दशम स्थान पर रहे। विद्यालय के 03 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक,14 विद्यार्थियों ने 80 से 89%, 23 विद्यार्थियों ने 70 से 79%, 41 विद्यार्थियों ने 60 से 69% एवं 11 विद्यार्थियों 45 से 59% के बीच अंक प्राप्त किये। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीरेंद्र साहू ने सफल विद्यार्थियों को बधाई के साथ-साथ उनके उज्जवल भविष्य की।



# केंद्र ने झारखंड के डीजीपी को फिर हटाने को कहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस के डीजीपी पद पर अनुराग गुप्ता के सेवा विस्तार के लिए दिये गये राज्य सरकार के तर्कों को केंद्र ने एक सिरे से खारिज कर दिया है। केंद्र के पत्र के आलोक में राज्य सरकार की ओर से भेजे गये जवाब पर केंद्र ने फिर प्रतिक्रिया देते हुए अपनी बातों को दुहराया है और राज्य सरकार को फिर से पत्र भेजा है। इस बार भी भेजे गये अपने पत्र में केंद्र ने बताया है कि अनुराग गुप्ता 30 अप्रैल से सेवानिवृत्त हैं और उन्हें डीजीपी के पद पर बैठाया जाना असंवैधानिक है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को फिर निर्देशित किया है कि अनुराग गुप्ता को डीजीपी के पद से हटायें। राज्य सरकार ने डीजीपी की नियुक्ति को लेकर 8 जनवरी 2025 को नया नियम बनाया और उस नियम के अनुरूप उन्हें डीजीपी के पद पर नियमित पदस्थापन करते हुए दो फरवरी से दो साल की अवधि के लिए सेवा विस्तार दे दिया। अनुराग गुप्ता का डीजीपी के पद पर नियमित करने से लेकर अवधि विस्तार किया जाना सर्वोच्च न्यायालय के प्रकाश सिंह बनाम भारत सरकार के मामले में दिये गये आदेश की अवहेलना है।






## सुविचार

### सफल सार्थक जीवन के कार्यक्रम

ईश्वर की इच्छा के अनुरूप जीवनयापन करते हुए मानव जीवन को सफल एवं सार्थक करने के लिए मनुष्य को छह कार्यक्रम अपनाने पड़ते हैं ।

1. अपनी इच्छाओं को कम से कम रखना।
2. अपनी वस्तुओं को ईश्वर की वस्तु समझकर अपने को उनका ट्रस्टी-संरक्षक मात्र समझना ।
3. उपस्थित कठिनाइयों से परेशान न होकर उन्हें विवेकपूर्ण समझाना। जो न कर सके, उन्हें प्रारब्ध भोग समझकर धैर्यपूर्वक सहना।
4. मन को भगवान में लगाये रखने के लिए भजन, साधन करना।
5. अपने कुविचारों, दुगुर्णों तथा अकर्मों को हटाने तथा घटाने के लिए निरंतर प्रयत्न करना ।
6. दूसरों की भलाई के लिए कुछ काम ईश्वर की सेवा समझ कर नित्य ही करते रहना।

जो व्यक्ति इन छह कार्यक्रमों को जितने अंशों में अपनाता है,वह उतना ही भगवान का भक्त है।

- अखिल विश्व गायत्री परिवार

## डीएसपीएमयू में सेमिनार का आयोजन आज

रांची (आजाद सिपाही)। बुधवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में व्यवहारिक वेदांत और मूल्यों के विज्ञान विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। यह आयोजन, सेंटर फॉर ट्रेनिंग इन प्रीमल लीडरशिप, एशिया संस्था के साथ संयुक्त तत्वाधान में किया जायेगा। इस सेमिनार के अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य होंगे। उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय वर्कशॉप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यह है कि आज की युवा पीढ़ी को यह समझाया जाये कि वेदों का ज्ञान आधुनिक समाज के लिए भी प्रासंगिक है। यह न केवल अध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देता है बल्कि नैतिकता, सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों के माध्यम से समाज को दिशा देता है। उन्होंने बताया कि आज के इस आयोजन के अंतर्गत उपरोक्त विषय पर अपने विचारों को साझा करने के लिए लब्ध श्रेष्ठ शिक्षाविद् आमंत्रित है। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डॉ आरके रॉय और विशिष्ट वक्ता के रूप में रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ टी एन साहू, डॉ एसपी अग्रवाल, कुलपति साईंनाथ विश्वविद्यालय और सरला बिरला विश्वविद्यालय के निदेशक, डॉ गोपाल पाठक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य करेंगे। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।

# खलारी के धमधमिया में ट्रिपल मर्डर, आरोपी युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी के धमधमिया दूब बस्ती में ट्रिपल मर्डर हुआ है। जिसमें एक युवक रवि लोहरा ने अपनी पत्नी समेत दो बच्चों को पत्थर के शीलवटे से कूचकर हत्या कर दिया है। मृतक में महिला 27 वर्षीय रेणु देवी, पुत्र आरुष, पुत्री आरोही शामिल हैं। हत्या का आरोपी पति रवि लोहरा घटना के बाद फरार हो गया था। घटना सोमवार की लगभग रात्रि 12 बजे की बतायी जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला रेणु देवी की मां रात्रि में 12 बजे उठी तो बेटी के घर का दरवाजा खुला पाया तो अंदर देखा कि तीनों खून से लथपथ मृत पड़े हुए हैं। जिसके बाद हल्ला किया तो घर के अन्य लोग निकले। जिसके बाद परिजन और आसपास के लोग जमा हुए और मैकलुस्कीगंज पुलिस को सूचना दी गयी। रात्रि में ही मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पंहुचे और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आये। वहीं पुलिस फरार युवक की गिरफ्तारी में लगी हुई थी कि सुबह में पुलिस को अभियुक्त रवि लोहरा के बस्ती के समीप जंगल के छिपे होने की सूचना मिली जिसके बाद पुलिस ने आरोपी रवि लोहरा को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं घटना की जानकारी मिलने पर दिन में ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, डीएसपी आरएन चौधरी, इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो एवं मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी धनंजय बैठा घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से मामले की जानकारी ली। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, मुकद्दर लोहरा, विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, रमेशर भोगता, रतिया गंझु सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। घटना की जांच को लेकर फोरेंसिक जांच टीम ने घटना से सभी चीजों को एकत्र किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया है। घटना के बाद गांव में मातम छा गया है। रांची में पोस्टमार्टम के बाद तीनों का शव नया धौड़ा में लाया गया जहां नजदीक के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया।









### पत्नी से परेशान होकर दिया घटना को अंजाम

रांची। एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया की तीन हत्या की सूचना मिलने के बाद खलारी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सबसे पहले घटनास्थल पर पहुंचकर मृतका रेणु देवी, आयुप कुमार और आरोहि कुमारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा। घटनास्थल की जांच फॉरेंसिक टीम के जरिये करवाई गयी और खून लगा हुआ पत्थर का सिलवट मौके से जब्त किया गया। जांच में यह बात सामने आयी कि घटना को रवि लोहरा ने अंजाम दिया है। इसके बाद एक टीम का गठन कर घटना के आठ घंटे के भीतर रवि लोहरा को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी ने बताया कि आरोपित रवि गढ़वा में काम किया करता था। एक सप्ताह पहले घर आया था। आरोपित के भाइयों के साथ बंटवारे में घर क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण अपने ससुराल धमधमिया में ही एक वर्ष से अपने परिवार के साथ रह रहा था। वह अपनी पत्नी रेणु देवी से घर चलने के लिए बोल रहे था और वहीं पर एक झोपड़ी बनाकर रहने के लिए बोलता था। लेकिन उनकी पत्नी रेणु देवी ससुराल जाने से इंकार करती थी। पत्नी रेणु देवी अपने पति रवि पर कई तरह के शक भी किया करती थी। तंग आकर रवि ने अपनी पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद खुद आत्महत्या करने की प्लानिंग की थी। इसी योजना के तहत रवि लोहरा घटना की रात खाना खाकर पत्नी और बच्चों के साथ सो गया। जब रवि की पत्नी और बच्चे सो गये तो वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों की पत्थर के सिलवट से सिर कूच कर हत्या कर दी और खुद भी सिलवट पर पत्थर से मारकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जब वह सफल नहीं हुआ तो उसने 25 फिट गहरे धमधमियां माइंस में छलांग लगाकर भी आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिस क्रम में वह चोटिल हो गया और वहां से किसी तरह चलकर धमधमियां ओपन माइंस के जंगल में आकर छिप गया। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मृतका रेणु देवी के भाई चंदन कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर मैक्लुस्कीगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया है।




# बेंगलुरु ने लखनऊ को 6 विकेट से हराया

## आइपीएल में सबसे बड़ा स्कोर चेज किया, जितेश ने 33 बॉल पर 85 रन बनाये

आजाद सिपाही संवाददाता





**लखनऊ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 9 साल बाद आईपीएल में पहला क्वालिफायर खेलेगी। पहले खेलते हुए लखनऊ ने 3 विकेट पर 227 रन बनाये। आरसीबी ने आईपीएल इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रन चेज करके मुकाबला अपने नाम कर लिया। कप्तान जितेश शर्मा विस्फोटक फिफ्टी लगाकर जीत के हीरो रहे। आरसीबी ने 19वें ओवर में ही 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम किया। टीम अब पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी। गुजरात और मुंबई के बीच एलिमिनेटर खेला जायेगा। आरसीबी ने टेबल में दूसरे नंबर पर फिनिश किया।

**जितेश शर्मा की कप्तानी पारी**
आरसीबी के लिए जितेश शर्मा ने कमाल की बैटिंग की। छठे नंबर पर बैटिंग करने उतरे जितेश ने 85 रनों की पारी खेली। उन्होंने 33 गेंद पर 8 चौके और 6 छक्के मारे। मयंक अग्रवाल के बल्ले से 23 गेंद पर 41 रनों की नाबाद पारी निकली। मयंक और जितेश के बीच 45 गेंद पर 107 रनों की साझेदारी हुई। इसमें 33 गेंद पर 85 रन जितेश के थे। मयंग ने 12 गेंद पर साझेदारी में 20 रनों का योगदान दिया।

**ऋषभ पंत की शतकीय पारी बेकार :** कप्तान ऋषभ पंत ने लखनऊ के लिए शतक लगाते हुए नाबाद 118 रन की आक्रामक पारी खेली। पूरे सीरीज में खराब लय के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने 61 गेंद की नाबाद पारी में 11 चौके और आठ छक्के लगाने के साथ दूसरे विकेट के लिए मिचेल मार्श के साथ 78 गेंद में 152 रन की साझेदारी कर के बड़े स्कोर की नींव रखी। मार्श ने 37 गेंद में चार चौके और पांच छक्के की मदद से 67 रन बनाये। आरसीबी के लिए नुवान तुषारा ने चार ओवर में 26 रन देकर एक विकेट लिया। भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को भी एक-एक सफलता मिली लेकिन दोनों काफी महंगे साबित हुए। बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर मार्श ने तुषारा के खिलाफ शुरूआती ओवर में चौका लगाया तो वही सत्र का अपना पहला मैच खेल रहे मैथ्यू ब्रिट्जके (14) ने कृणाल पंड्या की गेंद पर छक्का जड़ दिया। वह हालांकि तुषारा की यॉर्कर गेंद पर बोल्ड हो गये।

**मार्श का बल्ला भी जम कर बोला :** पूरे सत्र में खराब बल्लेबाजी के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने यश दयाल के खिलाफ छक्का और दो चौके के साथ चौथे ओवर से 18 रन बटोर कर अपने तेवर दिखाये। पंत ने 10वें ओवर में सुयश शर्मा के खिलाफ छक्का और दो चौके लगाकर 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इस बीच मार्श ने शेफर्ड की गेंद को लांग ऑन के ऊपर से गेंद को दर्शकों के पास भेज कर मौजूदा सत्र में अपने 600 रन पूरे किये। मार्श ने अगले ओवर में सुयश के खिलाफ छक्के के साथ 31 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। मार्श ने 16वें ओवर में भुवनेश्वर की शुरूआती दो गेंदों पर छक्के जड़े लेकिन अगली गेंद पर विकेट के पीछे लपके गये। पंत ने भुवनेश्वर के अगले ओवर में चौके के साथ 54 गेंद में अपना शतक पूरा करने के साथ टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। निकोल्स पूरन (13) बड़े शॉट खेलने में संघर्ष कर रहे थे लेकिन पंत ने शतक पूरा करने के बाद आखिरी दो ओवरों में यश दयाल और शेफर्ड के खिलाफ छक्के लगाकर टीम के स्कोर को 225 रन के पार पहुंचाया।

# संत जेवियर्स और गोस्सनर कॉलेज के बीच एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची और गोस्सनर कॉलेज के बीच मंगलवार को एक एमओयू हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच अगले पांच वर्षों के लिए बेहतर समन्वय स्थापित करने हेतु शैक्षणिक गतिविधि तथा अन्य क्षेत्रों में आपसी सहयोग करना है। इसके जरिये विद्यार्थियों को रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण करवाने और उनके बौद्धिक विकास के लिए संस्थाओं के विकास का मार्ग प्रशस्त करना, अकादमिक कार्यों जैसे अन्य कार्यों से लाभान्वित किया जायेगा। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, गोस्सनर कॉलेज की प्राचार्या इलानी पूर्ती, उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय मिंज, डीएसडब्ल्यू डॉ संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ शिव कुमार, अजय कुमार, केमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ यूआर सेन और एसके सेनगुप्ता, डॉ संदीप चंद्रा मौजूद थे।

# प्रतिज्ञा संस्था के बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की जैक दसवीं की परीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड बोर्ड का दसवीं का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया, जिसमें प्रतिज्ञा संस्था से जुड़े 12 बच्चों ने अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण किया। इनमें से 8 बच्चों ने 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। प्रतिज्ञा संस्था ने 86 प्रतिशत और 87 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अपने सर्वोच्च दो स्कोरर को विशेष बधाई दी है। ये बच्चे रांची और खूंटी जिले से सीबीएसइ और झारखंड बोर्ड के अंतर्गत प्रतिज्ञा से जुड़े हुए थे। प्रतिज्ञा संस्था हर वर्ष कुछ बच्चों को स्कॉलरशिप के माध्यम से उनके पढ़ाई के लिए मदद करती है। इस कार्यक्रम के तहत एक व्यक्ति एक बच्चे की शिक्षा का खर्च उठाता है। ये बच्चे वे हैं जिनके माता-पिता भारी चुनौतियों का सामना करते हुए किसानों और अन्य दैनिक मजदूरी व्यवसायों में अथक परिश्रम करते हैं।

## सोने की चेन की छिनतई में दो गिरफ्तार

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के लोअर बाजार थाना पुलिस ने सोन की चेन छिनतई के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो नौशाद और चोरी का सोना खरीदने वाले रवि कुमार चौरसिया शामिल है। इनके पास से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और गलाया हुआ सोना 7.128 ग्राम बरामद किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि लोअर बाजार थाना अंतर्गत बहू बाजार-बरनाबास अस्पताल के सामने से घटित चैन छिनतई की घटना हुई थी। जिसमें रिक्शा पर सवार दो युवती जा रही थीं। पीछे से एक स्कूटी पर सवार तीन अपराधी ने एक युवती से सोने की चेन झपट कर भाग गये। एसएसपी ने बताया कि सिटी डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी और स्थानीय गुप्तचरों के सहयोग से इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की। घटना में शामिल एक अपराधी की गिरफ्तारी की गयी। पूछताछ के दौरान छीना गया चेन का गलाया हुआ सोना की बरामदगी सोना खरीदने वाले के पास से की गयी। इस घटना में शामिल अन्य दो अपराधी की पहचान हो गयी है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** आपराधिक घटना को अंजाम देने से पहले हथियार के साथ युवक गिरफ्तार हुआ है। एसएसपी चंदन सिन्हा को इसे लेकर गुप्त सूचना मिली थी। जिसके आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए हिंदपीढ़ी इलाके के छाता मस्जिद के पास मो अल्फाज को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक अवैध हथियार (देसी कट्टा) बरामद किया गया। एसएसपी ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पकड़ा गया युवक हथियार के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसके द्वारा कोई वैध कागजात भी नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. : ईएलआईएन/टीआरएस/रेट्रो फिटमेंट/कैब एसी/25–26/01,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर, झारखंड-827010** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा **सं. ईएलआईएन–टीआरएस–रेट्रो–फिटमेंट–एसी** के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में कैब के थर्मल इन्सुलेशन के प्रावधान के साथ एयर कंडीशर्निंग सिस्टम का रेट्रो फिटमेंट। **मात्रा:** निविदा कागजात की अनुसूची के अनुसार। **शेड का नाम/स्थल:** इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। **निविदा मूल्य:** रु. 1,23,51,073/–, **बयाना राशि:** रु. 2,11,800/–, **अनुबंध की अवधि:** 12 माह। **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है और आईआरईपीएस वेबसाइट का यूआरएल **www.Ireps.gov.In** है। (PR-208)

## मोदी ने दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र का किया लोकार्पण

# माल परिवहन के क्षेत्र में रेलवे के एक नये युग की हुई शुरुआत

**दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल ने मालवाहन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण छलांग लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 मई, 2025 को गुजरात के दाहोद स्थित रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप में लोको निर्माण केंद्र का लोकार्पण किया जाना इस परिवर्तन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। एक ऐसा कदम जो तेज गति, माल वाहन में वृद्धि और सतत विकास को गति देने की प्रतिबद्धता से परिपूर्ण होगा। इस अत्याधुनिक सुविधा में 9,000 हॉर्सपावर क्षमता वाले 1,200 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक मालवाहक इंजनों का निर्माण किया जायेगा। इससे मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड को बढ़ावा मिलेगा।

ये इंजन 4,500 से 5,000 टन तक के भारी माल को तीव्र चढ़ाई पर भी आसानी से ले जाने में सक्षम हैं। जिससे भारी मालवाहन परिवहन में क्रांतिकारी परिवर्तन आयेगा। मेक इन इंडिया पहल के तहत निर्मित ये इंजन अत्याधुनिक आइजीबीटी-आधारित प्रणोदन तकनीक से सुसज्जित हैं, जो ऊर्जा दक्षता और संचालन प्रदर्शन को नयी ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। ये विशेषताएं भारतीय रेल को आधुनिक, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल मालवाहक लॉजिस्टिक्स के अग्रणी पथ पर ले जाती हैं।

9000 हॉर्सपावर की यह लोकोमोटिव भारतीय रेल द्वारा विकसित सबसे शक्तिशाली एकल-इकाई इलेक्ट्रिक इंजन है। अब तक मालवाहक इंजन आमतौर पर 4500 या 6000 हॉर्सपावर की क्षमता वाले चलते थे। जबकि 12,000 हॉर्सपावर के इंजन भी हैं, वे दो 6000 हॉर्सपावर इकाइयों को जोड़कर बनाये जाते हैं। इसके विपरीत, दाहोद में निर्मित यह इंजन एकीकृत उच्च-शक्ति समाधान प्रदान करता है, जो लंबे और भारी माल गाड़ियों को आसानी से खींच सकता है। इस बढ़ी हुई क्षमता का अर्थ है कम ट्रिप्स में अधिक माल परिवहन। जिससे समय की बचत, भीड़भाड़ में कमी और बेहतर लॉजिस्टिक्स दक्षता सुनिश्चित होती है। इससे रेल यातायात अनुकूलित होगा। जिससे व्यस्त मार्गों पर दबाव घटेगा। साथ ही, मानव संसाधन और ऊर्जा खपत में कमी आयेगी। ये सभी लाभ उद्योगों के लिए लॉजिस्टिक्स लागत को घटाकर मूल्य प्रतिस्पर्धा और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनायेंगे। एक समय ऐसा भी था जब रेलवे कार्यों का प्रमुख केंद्र रहे दाहोद में गतिविधियां घट गयी थीं। 2022 में प्रधानमंत्री मोदी ने इसे रेलवे निर्माण के एक नये केंद्र के रूप में पुनः स्थापित करने का दृष्टिकोण रखा। आज यह दृष्टिकोण साकार हो रहा है। लोको निर्माण केंद्र भारतीय रेल के लिए ब्रॉड गेज और निर्यात के लिए स्टैंडर्ड गेज दोनों प्रकार के इंजन बनाने में सक्षम है। यह दोहरी क्षमता भारत को वैश्विक रेल निर्माण बाजार में मजबूत स्थिति प्रदान करती है। इस परियोजना में 89% पुर्जे भारत में बनाये गये हैं, जिससे यह मेक इन इंडिया और मेक फॉर वर्ल्ड दोनों अभियानों के अनुरूप है। 9000 हॉर्सपावर इंजन की खासियत इसकी सततता में निहित है। इसका निर्माण हरित ऊर्जा से संचालित फैक्ट्री में होता है, जिसे ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग टैग मिला है। इसके अलावा, इसमें पुनर्योज्य ब्रेकिंग तकनीक भी है, जो ब्रेक लगने पर ऊर्जा को ग्रिड में वापस भेजती है। जिससे कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। ये विशेषताएं भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं को सशक्त करती हैं। इस इंजन में 'कवच' प्रणाली (भारत की स्वदेशी टक्कर-रोधी प्रणाली), वातानुकूलित ड्राइवर केबिन, कम शोर और कंपन जैसी विशेषताएं हैं, जो सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करती हैं। इंजन के सभी ओर लगे कैमरे निगरानी और सुरक्षा को और बेहतर बनाते हैं। इसके शौचालय में इलेक्ट्रॉनिक लॉक होते हैं जो केवल इंजन के स्थिर रहने पर खुलते हैं। जिससे संचालन अनुशासन सुनिश्चित होता है। दाहोद सुविधा की एक प्रमुख विशेषता कौशल विकास पर जोर है। एक वर्चुअल डिजिटल मॉडल विकसित किया गया है, जो मैकेनिकों और ड्राइवरों को प्रशिक्षण देने में सहायता करता है। इस परियोजना से जुड़े अवसंरचना विकास के तहत 85% नौकरियां स्थानीय युवाओं को मिली हैं। कार्यबल की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विशेष प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाये गये हैं। यह लोको निर्माण केंद्र न केवल रोजगार सृजित कर रहा है, बल्कि दाहोद क्षेत्र में उद्योगों और आधारभूत संरचना के विकास को भी गति दे रहा है। 9000 हॉर्सपावर इंजन मालवाहन परिवहन की एक नयी प्रणाली का केंद्र बनने जा रहा है। इसकी शक्ति, दक्षता और डिजाइन भारतीय रेल को अधिक प्रतिस्पर्धी, अधिक टिकाऊ और भविष्य की आवश्यकताओं के लिए बेहतर सुसज्जित बनायेंगे। तकनीक, क्षेत्रीय विकास और वैश्विक दृष्टिकोण के संयोजन से दाहोद में बना यह इंजन न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी मालवाहन परिवहन की दिशा को नया आयाम देगा।



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 19464 date 05.02.2025, I SURENDRA THAKUR, S/o-Late Juthan Thakur, aged about-48 years, by Occupation-Business, by faith-Hindu, Nationality-Indian, R/o Vill.-Chaingada, P.O.-Chaingada, P.S.-Patratu, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my daughter's actual and correct name is NAINSI PRIYA KUMARI which has been mentioned in her UID Card, bearing UID Card No. 2253 4764 2446.
2. That my daughter's name has been mentioned as UMA KUMARI in her Post Office Account bearing Account No.-400513.
3. That NAINSI PRIYA KUMARI and UMA KUMARI both hames are same and single girl i.e. my daughter.
4. That this affidavit rectify by my daughter's actual and correct name NAINSI PRIYA KUMARI in place of UMA KUMARI in her Post Office Account bearing Account No.-400513.
5. That above statement made by me are genuine & correct

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

वैद्युतिक कार्य हेतू

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई– निविदा आमंत्रित की जाती हैं

**ई-निविदा संख्या: GEM/2025/B/6268509, dated 23.05.2025**

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि: धनबाद मंडल के कोडरमा रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफसफाई और बागवानी–, न्यूज़ पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रु को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1096 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग | 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू. 1,93,93,588.48/– 3. अग्रधन राशि: 2,47,000.00 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय: ई–निविदा बंद होना: 13.06.2025 को 19:00 बजे | ई–निविदा का खुलना: 13.06.2025 को 19:30 बजे | 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट http://gem.gov.in विशेष: ई–निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे |

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद

पीआर/0317/डीएचएन/टी/25–26

# लालू प्रसाद यादव की चुनौती

लालू प्रसाद यादव का अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से निष्कासित करना डैमेज कंट्रोल की एक कोशिश है। हालांकि इस पूरे प्रकरण से बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आरजेडी के लिए एक नयी मुसीबत तो खड़ी ही हो गयी है। भले यह मामला तेज प्रताप के निजी जीवन से जुड़ा हो, लेकिन उन पर जिस तरह का एक्शन हुआ, उससे जाहिर है कि इसकी परछाई लालू परिवार और उसकी सियासत पर पड़ने का भी डर है।

**विवादों से नाता :** तेज प्रताप ने 2015 में पहला चुनाव लड़ा था और नीतीश सरकार में स्वास्थ्य व पर्यावरण मंत्री बने थे। तब से अभी तक वह कई बार असहज स्थिति पैदा कर चुके हैं और हर बार परिवार-पार्टी को उनके बचाव में उतरना पड़ा, लेकिन, उनकी कुछ हरकतों ने आरजेडी के परंपरागत समर्थक वर्ग को भी नाराज किया था। बिहार के पूर्व सीएम दरोगा राय की पौत्री के साथ उनकी असफल शादी और अब तलाक का केस पूरे परिवार की किरकिरी करा चुका है।

**इस बार आरजेडी का पूरा जोर है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन की तरफ से सीएम पद का चेहरा तेजस्वी को घोषित कर दिया जाये। हालांकि इसके लिए सभी सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।**

**उत्तराधिकार की लड़ाई :** आरजेडी में अपनी भूमिका और कद को लेकर तेज प्रताप कभी संतुष्ट नहीं दिखायी दिये। लालू के उत्तराधिकार के लिए दोनों भाइयों के बीच होड़ की खबरें आती रहीं और यह लड़ाई 2019 के लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उस समय सतह पर आ गयी, जब तेज प्रताप ने एक अलग मोर्चा ही बना दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव में यह स्पष्ट हो गया कि लालू ने अपना उत्तराधिकारी तेजस्वी को चुन लिया है। इस बार आरजेडी का पूरा जोर है कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले महागठबंधन की तरफ से सीएम पद का चेहरा तेजस्वी को घोषित कर दिया जाये। हालांकि इसके लिए सभी सहयोगी दलों के बीच सहमति बनाना थोड़ा मुश्किल हो रहा है।

**सीट बंटवारे का दबाव :** पिछले विधानसभा चुनाव में 75 सीटों के साथ आरजेडी राज्य में सबसे बड़ा दल बन कर उभरा था। पार्टी अपना वही दबदबा गठबंधन के भीतर भी कायम रखना चाहती है, जबकि कांग्रेस ने संकेत दिये हैं कि उसे पिछलग्गू नहीं, बराबरी का दर्जा चाहिए। पिछले दिनों अपनी राज्य इकाई में बदलाव कर उसने यह मेसेज दे दिया था। आरजेडी के सामने सीट बंटवारे की चुनौती है। उस पर कांग्रेस ही नहीं, वामदल और मुकेश सहनी की वीआइपी जैसे घटक दलों का भी दबाव है।

**एनडीए मजबूत :** महागठबंधन की तुलना में एनडीए में फिलहाल ज्यादा सामंजस्य नजर आ रहा है। बीजेपी ने साफ कर दिया है कि चुनाव नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा। ऐसा नहीं है कि यहां सीट बंटवारे का फॉर्म्युला फिक्स हो चुका है, लेकिन अगर कोई परेशानी है भी तो वह सतह पर नजर नहीं आयी है।

अभिमत
आजाद सिपाही

होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्मश्री शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

# होटल प्रबंधन संस्थान में करियर निर्माण- सीमाओं को तोड़कर परिवर्तन की नयी राह

**ज्ञान भूषण/डॉ प्रतीक घोष**



नयी ऊर्जा से भरपूर वैश्विक आतिथ्य उद्योग के विस्तार के साथ भारत आतिथ्य के क्षेत्र में कुशल पेशेवर कर्मियों का शक्ति केंद्र बनने के लिए तैयार हो रहा है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले होटल प्रबंधन संस्थान (आइएचएम) इस सिलसिले को आगे बढ़ाने में सबसे आगे हैं। इन संस्थानों को बहुत लंबे समय से उत्कृष्टता, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विश्व स्तरीय पेशेवरों को तैयार करने की प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। इन संस्थानों में अब आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश शुरू हो ग/२ हैं। ऐसे में इच्छुक छात्रों के लिए आतिथ्य के क्षेत्र में संतोषजनक करियर बनाने पर विचार करने का इससे बेहतर कोई और समय नहीं हो सकता।

होटल प्रबंधन संस्थान की विरासत पद्म संजीव कपूर, शेफ मंजीत गिल, पुनीत चटवाल, रंजू एलेक्स, पद्मश्री शेफ दामू जैसी शख्सियतों से समृद्ध है। वास्तव में, अनुभवी और अपने क्षेत्र के दक्ष लोगों की यह सूची बहुत लंबी है। इसे और भी बढ़ाया जा सकता है और इसमें कई विख्यात मिशेलिन-सितारों और हस्तियों को शामिल किया जा सकता है। यह शानदार सूची आतिथ्य के क्षेत्र में नेतृत्व प्रदान करने के मामले में न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व में होटल प्रबंधन संस्थान की गहरी पहुंच और व्यापकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है।

**होटल प्रबंधन संस्थान पारंपरिक आतिथ्य क्षेत्र के बाहर भी अनूठी साझेदारी की खोज कर रहे हैं।**

देश भर के होटल प्रबंधन संस्थान परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं ताकि वे राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और वैश्विक स्तर पर उद्योग जगत की मांगों की पूर्ति के अधिक करीब हो सकें। सरकारी दिशा-निर्देशों और उद्योग जगत की प्रतिक्रिया के आधार पर तेजी से लाये जा रहे परिवर्तनों के साथ इन संस्थानों में बेहतरीन रूप से प्रभावशाली शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है जिसमें न केवल छात्रों को शिक्षित किया जा सके, बल्कि आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सक्षम होने हेतु प्रेरित भी किया जा सके।

उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना होटल प्रबंधन संस्थान आतिथ्य उद्योग के साथ संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वहां जो पढ़ाया और सिखाया जा रहा है उसमें उद्योग की अपेक्षाएं प्रदर्शित हों।

इस तरह की साझेदारी से पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता बढ़ती है, छात्रों को उद्योग जगत का मूल्यवान अनुभव प्राप्त होता है और रोजगार के लिए उनका आसानी से प्लेसमेंट सुनिश्चित होता है। इस प्रयास में ताज, मैरियट, ओबेरॉय, आइटीसी जैसे होटल ब्रांड और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सक्रियता से सहयोग कर रहे हैं। वे इंटर्नशिप, भर्ती सहायता और मेंटरशिप के अवसर प्रदान कर रहे हैं। केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थानों और प्रमुख होटल श्रृंखलाओं के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर इस सहयोग को और मजबूत करता है जिससे छात्रों को सुव्यवस्थित तरीके से संकाय-उद्योग संपर्क, संयुक्त रूप से अनुसंधान और सीखने के व्यावहारिक अनुभव के लाभ मिल पाते हैं।

**पाठ्यक्रम अद्यतन करने के लिए कार्य बल :** एक समर्पित कार्य बल ने नये-नये विषयों को शामिल करने के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों के पाठ्यक्रम को संशोधित किया है, ताकि उन्हें भविष्य के लिए तैयार रहने योग्य बनाया जा सके। इसमें आतिथ्य के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग, सतत पर्यटन से लेकर सांस्कृतिक विविधता प्रबंधन तक विभिन्न विषय शामिल किये गये हैं। इस तरह यह पाठ्यक्रम अब यह दर्शाता है कि 21वीं सदी में कार्य करने वाले कर्मियों की आवश्यकताएं क्या होंगी। छात्रों को न केवल मुख्य तौर पर होटल संचालन में बल्कि व्यवहार कुशलता, उद्यमिता और उभरती हुई तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया जाता है। ये ऐसे कौशल हैं, जो उन्हें बहुमुखी और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा में शामिल होने के योग्य बनाते हैं।

**प्रवेश में वृद्धि के लिए उठाये गये कदम :** होटल प्रबंधन संस्थानों ने इस क्षेत्र में काम करने की अधिक सामर्थ्य और संभावना वाले छात्रों को आकर्षित करने की आवश्यकता की पहचान करते हुए प्रवेश में वृद्धि के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया है। इनमें शामिल हैं: विद्यालयों और कैरियर मेलों में जागरूकता अभियान। आतिथ्य शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंच। डिजिटल मंचों पर उपस्थिति में वृद्धि, जिससे छात्रों और अभिभावकों को प्रवेश संबंधी विवरण की जानकारी आसानी से मिल जाती है। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान प्रवेश की प्रक्रिया (एनसीएचएम- जेइइ) को सुव्यवस्थित करने, इसमें पारदर्शिता, कुशलता बढ़ाने और छात्रों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

**प्लेसमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां :** प्लेसमेंट में निरंतरता के प्रदर्शन के लिए होटल प्रबंधन संस्थानों की व्यापक रूप से प्रतिष्ठा है। इनके अंतिम वर्ष के छात्रों को शीर्ष आतिथ्य श्रृंखलाओं, एयरलाइनों, क्रूज लाइनों और बहुराष्ट्रीय निगमों में नियुक्त किया जाता है।

होटल प्रबंधन संस्थानों में बने प्लेसमेंट सेल उद्योग जगत के साथ सक्रियता से जुड़े रहते हैं ताकि यह सुनिश्चित कर सकें कि उनके स्नातकों के लिए शानदार नौकरियों के प्रस्ताव सुरक्षित हों। उदाहरण के लिए, इस वर्ष डॉ अंबेडकर होटल प्रबंधन संस्थान (एआइएचएम) चंडीगढ़ ने एक छात्र एक प्लेसमेंट का शानदार शत-प्रतिशत रिकॉर्ड हासिल किया।

इस क्षेत्र में क्रूज लाइनरों की रुचि एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति है, जो अब नियमित रूप से कैंपस प्लेसमेंट में भाग लेते हैं और छात्रों को दुनिया भर के लग्जरी जहाजों पर रोमांचक अंतरराष्ट्रीय करियर के अवसर प्रदान करते हैं।

**वैश्विक संपर्क और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग :** होटल प्रबंधन संस्थानों ने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। इस क्रम में मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी (अमेरिका) के साथ उल्लेखनीय साझेदारी से अकादमिक आदान-प्रदान, शोध सहयोग और वैश्विक नेटवर्किंग संभव हो सका है। वहीं, छात्रों को यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ बर्मिंघम और मॉरीशस के मैरियट होटलों में प्रतिष्ठित इंटर्नशिप कार्यक्रमों से भी लाभ मिलता है, जहां उन्हें आतिथ्य के अंतर्राष्ट्रीय मानकों के बारे में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है और जानकारी मिलती है। ये सहयोग छात्रों के जीवन और कार्यों के विवरण में बहुत अधिक महत्वपूर्ण बिंदु जोड़ते हैं और उनके करियर के क्षितिज का विस्तार करते हैं।

**संकाय विकास और नवाचार संस्कृति :** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की शुरुआत उत्कृष्ट शिक्षकों से होती है। शिक्षक और संकाय सदस्य उद्योग जगत की दृष्टि से प्रासंगिक बने रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए कि होटल प्रबंधन संस्थानों ने शीर्ष होटल ब्रांडों और शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर संकाय विकास कार्यक्रम शुरू किये हैं।

इस दौरान संकाय सदस्यों को नवीनतम उपकरणों, शैक्षणिक तकनीकों और आतिथ्य संबंधी रुझानों से परिचित कराया जाता है जिनके संबंध में वे पुनः कक्षाओं में इस्तेमाल करते हैं। इसके अतिरिक्त, होटल प्रबंधन संस्थान छात्रों को स्टार्ट-अप परियोजनाओं, शोध और उद्यमिता में संलग्न होने के लिए प्रोत्साहित करके नवाचार और उन्हें इस क्षेत्र के लिए विकसित करने की संस्कृति का पोषण कर रहे हैं। संस्थानों में समर्पित इन्क्यूबेशन केंद्र छात्रों को खाद्य प्रौद्योगिकी, सतत पर्यटन और सेवा-क्षेत्र में नवाचार में आशाजनक उद्यमों के लिए मार्गदर्शन और प्रारंभिक वित्तपोषण प्रदान करते हैं।

**विशेष सहयोग और रणनीतिक गठबंधन :** होटल प्रबंधन संस्थान पारंपरिक आतिथ्य क्षेत्र के बाहर भी अनूठी साझेदारी की खोज कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, रक्षा बलों के साथ सहयोग, जिसके अंतर्गत रक्षा कर्मियों के लिए कौशल और उन्हें पुनः कुशल बनाने संबंधित कार्यक्रमों को चलाने के उद्देश्य से पुनर्वास महानिदेशालय के साथ मिलकर काम, प्रशिक्षण के लिए नए क्षेत्रों की शुरूआत और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सुविधाजनक बनाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भारतीय पाककला संस्थानों (आइसीआइ) में की गई पहल पाककला शिक्षा को एक विशेष क्षेत्र के रूप में सुदृढ़ कर रही है, जिससे छात्रों के लिए उपलब्ध पेशेवर कार्यों के रास्तों की विविधता बढ़ रही है।

**(लेखकः ज्ञान भूषण,(आईईएस), वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार, पर्यटन मंत्रालय और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय होटल प्रबंधन और खानपान प्रौद्योगिकी परिषद (एनसीएचएमसीटी), भारत सरकार एवं डॉ प्रतीक घोष, विभागाध्यक्ष, डॉ अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशन, चंडीगढ़ हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# सरायकेला में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झामुमो का प्रदर्शन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरना धर्म कोड की आधिकारिक मान्यता की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने जिला मुख्यालय में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। मंगलवार को प्रदर्शन के दौरान खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सविता महतो सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में झामुमो के नेता व कार्यकर्ता सहित स्थानीय ग्रामीण महिला एवं पुरुष शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद झामुमो प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई जब तक केंद्र सरकार सरना धर्म कोड को मान्यता नहीं देती, तब तक जातीय जनगणना की प्रक्रिया स्थगित रहेगी। खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने बताया 11 नवंबर 2020 को झारखंड विधानसभा में सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड विधेयक पारित किया था।लेकिन केंद्र सरकार की ओर से अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। वहीं ईचागढ़ विधायक सविता महतो और झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली ने कहा जनगणना में धार्मिक पहचान को मान्यता नहीं देना आदिवासी अस्मिता पर हमला है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आदिवासी विरोधी मानसिकता का आरोप लगाया। उन्होंने कहा सरायकेला विधानसभा से सरना धर्म कोड की मान्यता मिलने तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर गणेश महाली, डॉ शुभेंदु महतो, गणेश चौधरी, कृष्ण बास्के, भुगलू सोरेन, सुशीला देवी, सोनमोनी लोहार, वैजयंती बारी सहित सैकड़ों नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुखिया संघ ने बीडीओ को 3 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** मुखिया संघ ने पंचायतों के संचालन को प्रभावी,पारदर्शी व जनहितकारी बनाने की मांग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा।मंगलवार को मुखिया संघ के महासचिव कान्हु मुर्मू के नेतृत्व में मांग पत्र के माध्यम से पंचायत कार्यपालक समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित करने,पंचायत कर्मियों की मासिक बैठक में अनिवार्य उपस्थिति तय करने व जन्म, मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मियों की अनुपस्थिति की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था और पूर्व सूचना देने की प्रक्रिया लागू करने का भी आग्रह किया गया। मौके पर उपाध्यक्ष सींगो मुर्मू, नीनू कूदादा, मनोज मुर्मू, आलोक शांडिल, सचिव सुनील किस्कू, सह सचिव सालगे सोरेन, संगठन सचिव सुमी केराय, प्रेस प्रवक्ता बसंती गुप्ता, सुमन सिरका, सुजाता हांसदा,चम्पा माझी समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।सभी ने पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील की।

# सोनारी साई मंदिर के पास कार हादसा में महिला चालक समेत तीन घायल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सोनारी सर्किट हाउस एरिया साई मंदिर के पास एक नयी किआ सेलटोस कार के चपेट में आने से महिला चालक सहित तीन लोग घायल हो गये। मंगलवार को घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस घायल महिला चालक को किसी तरह बाहर निकाली। स्थानीय लोगों के अनुसार कार सोनारी से सीएच एरिया की तरफ जा रही थी। अचानक महिला चालक नियंत्रण खोने पर कार आसपास से गुजर रही गाड़ियों को ठोकते हुए आगे दीवार से टकरा गयी। इस दुर्घटना में महिला सहित तीन लोग घायल हो गये। स्थानीय लोग और पुलिस की मदत से घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।

# सरायकेला-खरसावां जिले में डीसी नितीश कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार



सरायकेला (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी नितीश कुमार सिंह ने मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त रविशंकर शुक्ला से पदभार ग्रहण किया।मीडिया से बातचीत में श्री सिंह ने कहा राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारना प्राथमिकता होगी।उन्होंने जिले में चल रही योजनाओं को और प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई।डीसी ने कहा आदिवासी बहुल जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कृषि के क्षेत्र में व्यापक कार्य किए जाएंगे।उन्होंने कृषि को आत्मनिर्भरता का आधार बताते हुए इसके विकास पर जोर दिया।

# पंडित नेहरू की पुण्यतिथि पर पठन सामग्री वितरित



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। साकची चंडी नगर स्थित बस्ती में झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस कमेटी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर गरीब बच्चों के बीच पठन सामग्री और टोपी का वितरण किया। मंगलवार को कार्यक्रम की शुरूआत नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रदेश महासचिव राकेश साहू ने कहा कि नेहरूजी आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनके योगदान को भुलाया नही जासकता। इस अवसर पर नीरज सिंह, रजनी बंसल, गौतम साहू, मंजू दास सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# मानगो पेयजल परियोजना में 10 वर्षों की कार्यप्रणाली की होगी जांच, प्रधान सचिव ने दी स्वीकृति : सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की पहल पर मानगो पेयजल परियोजना के बीते 10 वर्षों के कार्यकलापों की जांच की जायेगी। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव ने श्री राय की मांग को स्वीकार करते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करने की सहमति दी। मंगलवार को विधायक सरयू राय ने परियोजना के इंटकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना के संचालन में गंभीर लापरवाही पाई। इंटकवेल में काई, जलकुंभी और अन्य जलीय पौधों की भरमार, पंपों की खराब स्थिति और जल प्रवाह की स्पष्ट जानकारी के अभाव को उन्होंने गंभीर चिंता का विषय बताया। उन्होंने कहा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्वचालित व्यवस्थाएं ठप पड़ी हैं। क्लोरीन-फिटकरी की खुराक तय करने की कोई वैज्ञानिक व्यवस्था नहीं है। उन्होंने प्रयोगशाला के संचालन पर भी सवाल खड़े किए। श्री राय ने पानी के वितरण में भारी असमानता का आरोप लगाते हुए कहा कि जोन 6 को भरपूर जलापूर्ति होती है। जबकि जोन 1 से 5 तक जल संकट बना रहता है। उन्होंने पूछा आखिर जोन-6 के लिए अलग राइजिंग पाइपलाइन क्यों बिछायी गयी। उन्होंने स्पष्ट कहा जब तक पेयजल वितरण को सुव्यवस्थित नहीं किया जायेगा, मानगो क्षेत्र को समान रूप से पानी नहीं मिलेगा। सरयू राय ने विभाग पर 125 करोड़ की परियोजना के संचालन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। सरयू राय ने आश्वस्त किया जांच समिति के गठन के बाद ही परियोजना की असल स्थिति उजागर होगी। मौके पर पिंटू सिंह, संतोष भगत, पप्पू सिंह, अमरेंद्र पासवान, रवि गोराई, मुकेश सिंह और जीतेंद्र साहू सहित कई लोग मौजूद रहे।

## छायाकार अरविंद शर्मा के पुश्तैनी मकान पर अवैध कब्जा

# एसडीओ से मिला प्रेस क्लब का प्रतिनिधिमंडल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नं-4 मकान नं-5अ में रहने वाले वरिष्ठ छायाकार अरविंद कुमार शर्मा इन दिनों गहरी मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं। उनका आरोप है वर्ष 2019 से उनके पुश्तैनी मकान के एक हिस्से को किराये पर लेने वाला अनिश पाण्डेय अपने परिवार के साथ अब उस मकान पर अवैध रूप से कब्जा जमाये हुए है। मंगलवार को प्रेस क्लब के एक प्रतिनिधिमंडल एसडीओ से मुलाकात दौरान मामले की जांच कर उचित कारवाई के लिए मांग की। श्री शर्मा ने बताया कोविड काल एवं न्यायालय के अस्थायी बंद होने के कारण किरायानामा नहीं हो सका। बाद में कई बार आग्रह करने के बावजूद अनिश पांडेय ने कोई एग्रीमेंट नहीं किया और धीरे-धीरे किराया देना भी बंद कर दिया। आठ वर्षों में कुल 25,500 का भुगतान किया। मौके पर प्रेस क्लब के महासचिव विनय पूर्ति,वरिष्ट पत्रकार रंगाधर नंदा, कोषाध्यक्ष अजय महतो, अरबिंद शर्मा, बी विजय मूर्ति,पप्पू तिवारी, चाणक्य, जाबेद आलम, अभिजीत अधरजी शामिल रहे।

## दिनेश कुमार यादव ने गढ़वा के 33वें उपायुक्त के रूप में पदभार संभाला



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2018 बैच के अधिकारी दिनेश कुमार यादव ने गढ़वा जिले के 33वें उपायुक्त -सह- जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त शेखर जमुआर ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा अपना प्रभार सौंपा। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय लिया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत नये उपायुक्त ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना और आमजनों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करना उनकी प्राथमिकताओं में होगा। उक्त मौके पर मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक डीआरडीए रविश राज सिंह, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थें।

# आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है केंद्र सरकार : मिथिलेश ठाकुर

**सरना धर्म कोड लागू किये बगैर नहीं होने देंगे जनगणना : अनंत प्रताप**

**सरना धर्म कोड लागू करने के लिए झामुमो ने निकाला जुलूस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने मंगलवार को गढ़वा में विशाल धरना प्रदर्शन का आयोजन किया। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव के नेतृत्व में टाउन हॉल से विशाल जुलूस निकल गया। यह जुलूस चिनियां मोड़ होते हुए नया समाहरणालय के समक्ष पहुंचकर धरना में तब्दील हो गयी। लोग सरना धर्म कोड लागू करने के बाद ही झारखंड में जाति जनगणना कराने की मांग कर रहे थे।




मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार एक सोची समझी साजिश के तहत आदिवासियों का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है। यही कारण है कि जनगणना के कॉलम में काफी कम जनसंख्या वाले धर्म के लोगों का कोड है, परंतु देश में आदिवासियों की जनसंख्या 12 प्रतिशत है। फिर भी सरना धर्म कोड जनसंख्या के कॉलम में कहीं नहीं है। सरना धर्म कोड को लागू करने के बाद ही केंद्र सरकार जातीय जनगणना कराये। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में ही झारखंड सरकार ने सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित करवा कर केंद्र सरकार को भेज दिया था। आज पांच साल पूरा होने को है फिर भी केंद्र सरकार ने इस पर कोई विचार नहीं की। अब जनसंख्या के कॉलम में कहीं भी सरना धर्म कोड नहीं जोड़ा गया है। यह आदिवासी समुदाय के साथ सरासर अन्याय है। केंद्र सरकार सिर्फ आदिवासियों की पहचान मिटाने की साजिश नहीं कर रही है, बल्कि उनका पूरा हक, अधिकार मारने की साजिश कर रही है।

भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि केंद्र सरकार आदिवासी समाज को कमजोर समझने की भूल नहीं करे। यदि सरना धर्म कोड लागू नहीं हुआ, तो पूरे देश में आदिवासी समाज जोरदार आंदोलन करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों के हितों को लूटकर पूरे आदिवासी समाज को ही समाप्त करना चाहती है। परंतु यह कार्य झामुमो कदापि नहीं करने देगा। विधायक ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आदिवासियों, मूल वासियों एवं झारखंड वासियों के हित के लिए किसी भी हद तक आंदोलन करने को तैयार है। मौके पर मुख्य रूप से तुलसी सिंह खेरवार, चैतू सिंह खेरवार, राजन उरांव, भोला सिंह, जेपी मिंज, श्रवण सिंह खरवार, बनारसी सिंह खरवार, हिरामन सिंह खरवार, नरेंद्र कोरवा, अर्जुन मिंज सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## विशुनपुरा के जंगल में तेजी से हो रही कीमती पेड़ों की कटाई, वन विभाग मौन

विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सारो और पातो में तेजी से हो रही वनों की कटाई। बताते चलें कि कुछ लोगों द्वारा वन भूमि को खेत के रूप देने के लिए ग्राम सारो और पातो में तेजी से विशाल एवं इमारती (उपयोगी) पेड़ पौधों की कटाई जोरों पर है। वहीं पेड़ की कटाई कर उसको सुखाने के बाद महंगे दामों पर बेच दिया जाता है। जिससे वनों की काफी क्षति हो रही है। जिसका बुरा परिणाम पर्यावरण को झेलना पड़ रहा है। वहीं कुछ निजी लोगों द्वारा वन भूमि के पेड़ों को काटकर वन भूमि को खेती योग्य बनाया जा रहा है। आपको बताते चलें कि जहां पहले घनी जंगल हुआ करती थी, वहां आज दामर का रूप ले लिया है। जिससे पर्यावरण संबंधित कई क्षति होने की आशंका जतायी जा रही है। आरएफओ गोपाल चंद्रा ने कहा कि इस संबंध में मोबाइल से संपर्क करने पर आरएफओ गोपाल चंद्रा ने बताया कि इसकी जांच कर कार्रवाई की जायेगी। 16

## रंका कन्या उवि की काजल और आरके प्लस टू के सतीश अपने विद्यालय में रहे अव्वल

रंका (आजाद सिपाही)। मैट्रिक परीक्षा 2025 में रंका परियोजना कन्या उवि के काजल कुमारी एवं आर के प्लस टू उवि के सतीश प्रजापति अपने अपने विद्यालय में अव्वल रहे। रंका अनुमंडल मुख्यालय की बेटी काजल कुमारी पिता विजय प्रसाद गुप्ता माता पूनम देवी की पुत्री ने परियोजना कन्या उवि की छात्रा ने 86.80% अंक लाकर अपने विद्यालय में अव्वल रही वहीं दूसरी ओर आर के प्लस टू उवि के छात्र सतीश प्रजापति ने 91.20% अंक लाकर अपने विद्यालय में अव्वल रहा।


काजल कुमारी अपने पिता के साथ।


सतीश प्रजापति।

## डंडई के सभी हाइ स्कूलों का 10वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत, पूनम 95% अंक लाकर बनी प्रखंड टॉपर





डंडई (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविध परिषद के द्वारा मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। डंडई के सोनेहरा पीएम श्री उच्च विद्यालय के छात्रा पूनम कुमारी पिता शिवकुमार यादव ने 95 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। वहीं ज्योति कुमारी पिता उमेंद्र सिंह 94.80 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में दूसरा टॉपर बनीं। वहीं आकृति कुमारी पिता सुदामा सिंह कुशवाहा ने मैट्रिक के परीक्षा में 93.20 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में तीसरा स्थान पर रही। वहीं किसान उच्च विद्यालय डंडई की छात्रा सोनाक्षी कुमारी पिता विवेकानंद प्रसाद ने 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी, तो सुसाधना कुमारी पिता मनोज प्रसाद ने 91.20 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा तथा पूजा कुमारी पिता उमेश प्रसाद 91 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान पर रहीं। वहीं जमा दो उच्च विद्यालय लवाही कला के छात्र चंद्र प्रकाश मिश्रा पिता सत्येंद्र मिश्रा ने 91 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा। नीतीश कुमार पिता मदन साह 85.2 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा टॉपर तथा मुस्कान कुमारी पिता संतोष कुमार पटवा 85 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा स्थान पर रहीं। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय तसरार के छात्र आसिफ राजा पिता जहांगीर अंसारी ने 92.40 अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहा। इधर उत्क्रमित उच्च विद्यालय पचौर की छात्रा सुगंधा कुमारी पिता देवकुमार साह 86.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बना। स्तरोन्नत उच्च विद्यालय जरही की छात्रा शोभा कुमारी पिता नंदलाल साह ने 90.80 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर बनी।

## प्रखंड के विद्यालयों का मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन



कांडी (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया। परिणाम का बेसब्री से इंतजार कर रहे लाखों छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावकों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। प्रखंड के राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, कांडी का कुल परिणाम 88.62 प्रतिशत रहा। विद्यालय से कुल 448 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 397 विद्यार्थी सफल घोषित किये गये। दो विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे जबकि 49 विद्यार्थी असफल रहे। विद्यालय की छात्रा कृतिका कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। वहीं दूसरे स्थान पर अंजली कुमारी रही, जिसे 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से संजीत कुमार और अमन कुमार गुप्ता ने कब्जा जमाया। दोनों ने 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित किये। वहीं प्रखंड क्षेत्र के किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल, बलियारी का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। इस विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त की। विद्यालय के छात्र शशि कुमार मेहता ने 92.80 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर रुखसार खातून रही, जिसे 91.80 प्रतिशत अंक मिले। इसके अतिरिक्त प्रखंड के राजकीयकृत एसपीडी हाई स्कूल, हरिहरपुर का भी प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस विद्यालय का भी परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

### मेराल में शराबबंदी को लेकर चलाया गया अभियान

## नशा से सिर्फ नाश होता है : रामसागर

ढाई दर्जन घरों में मिला शराब व अर्ध निर्मित जावा महुआ, दी गयी सख्त चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय के ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो के नेतृत्व में पंचायत को नशा मुक्त बनाने को लेकर शराब बंदी सह जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल पंचायती राज्य एसोसिएट, पंचायती राज्य मंत्रालय के प्रियंका कुमारी, महिला समूह के लालो देवी, महिला चौकीदार कौशल्या देवी, वार्ड सदस्य उषा देवी, भोला राम, देव कुमार, विनोद चौधरी, अरविंद बैठा, दिनेश कुमार, देवव्रत मेहता सहित महिला समूह की कई महिलाएं पंचायत के विभिन्न वार्ड के कई घरों में सर्च अभियान चलाया। इस दौरान ढाई दर्जन घरों में बना हुआ शराब तथा अर्ध निर्मित जावा महुआ और शराब बनाने तथा रखने का बर्तन मिला जिसे जप्त कर थाना को सुपुर्द किया गया। मुखिया रामसागर महतो ने बताया कि इसके पूर्व 24 अप्रैल को पंचायत के विभिन्न वार्डों में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को शराब बनाने तथा बेचने वालों को सख्त हिदायत दिया गया था। इस अभियान में जिनके यहां शराब तथा शराब बनाने का सामग्री जप्त किया गया है उसकी सूची बनाकर थाना को सुपुर्द किया गया है। इसके बाद भी अगर कोई शराब के धंधा में पकड़ा जायेगा, तो उसे दंडित करते हुए कानूनी

# राज्यस्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऋषि को स्वर्ण और सुरभि को कांस्य

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** 14वीं राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 गढ़वा के आकाशदीप ऋषि को गोल्ड और सुरभि को ब्रॉन्ज झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ और बोकारो जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 14वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 26 मई 2025 तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स चंदनकेयारी बोकारो में किया गया था। इस प्रतियोगिता में गढ़वा जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा चयनित 7 सदयीय टीम जिसमे 4 पुरुष और 03 महिला टीम प्रतियोगिता में कंचन कुमार के नेतृत्व में भाग लिया था। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 01 गोल्ड और 01 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया।

संघ के सचिव आलोक कुमार मिश्रा ने शुभकामना देते हुए कहा कि ये जिला के लिए गर्व का विषय है की कम संसाधन में भी यहां के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए और एथलेटिक्स संघ के बेहतर प्लेटफार्म के कारण लगातार अच्छा कर रहे है। शुभकामना देने वालों में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी बिजय केशरी मदन केशरी ओमप्रकाश तिवारी, संरक्षक अमृत शुक्ला राकेश पाल अनिता दत्त, रेखा चौबे, एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष अजयल्ल कांत, सुशील कुमार तिवारी, शमशाद अहमद, जगरनाथ राम, कौशलेश तिवारी, अतुल मिश्रा, शंकर पाल, नीलकंठ सिंह, रमेश सिंह, रमाशंकर सिंह, अभिषेक कुमार, लक्ष्मण राम, क्रिकेट संघ के सचिव गुडू सिंह मनोज संसाई सतेंद्र यादव धर्मेंद्र पाल ओमप्रकाश गुप्ता शामिल है।

# भाजपा ने अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में अहिल्याबाई होलकर की जन्म जयंती सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम का विषय प्रवेश कराते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर का जीवन समाज को समर्पित रहा है वे एक अच्छा शासक भी रही थी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व विधायक हरे कृष्णा सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई ने बिना युद्ध के प्रशासनिक क्षमता न्याय व्यवस्था और परोपकारी भावना से ओत-प्रोत हो कर शासन चलाया। वे मंदिरों घाटो कुओं और तालाब का निर्माण करवाया। जो बाद में तिर्थ स्थलों के रुप में जाने गये। उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा पार्टी है जो वैसे सभी लोगों का सम्मान करता है जो देश में अच्छा काम किया है। अहिल्याबाई होलकर का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था और मृत्यु 13 अगस्त 1795 को हुआ। अहिल्याबाई होलकर का विवाह खंडेराव होलकर से हुआ था। कार्यक्रम को भाजपा नेता विनय चौबे रघुराज पांडेय राजीव रंजन तिवारी मनीष गुप्ता सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................................../ दिनांक ............................ /

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 10/2025–26**

1.विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2.परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय:– 17.06.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3.निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 18.06.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4.निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 18.06.2025 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5.परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय
6.निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7.कार्य की विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Boundary wall for Sainik School Tilaiya, Koderma | 4499200.00 | 5000.00 | 90000.00 | 6 Month |

नोटः– निविदा एवं परिमाण विपत्र क्रय करने की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 353560 (Building)25-26*D

## झारखण्ड सरकार गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

73वीं औपबंधिक सूची
जिलाः–चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक–113/25<br>2. आवेदक–दखिया देवी(आश्रित पत्नी)<br>3. पति–कन्हाई महतो(मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–महिला आयु–67 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :– दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक–114/25<br>2. आवेदक–चमरू उराँव<br>3. पिता–स्व0 कोका उराँव<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–74वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–हाथ में चोट का निषान। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक–115/25<br>2. आवेदक–हेमराज महतो<br>3. पिता–स्व0 सीता महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–66वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक–116/25<br>2. आवेदक–जेठु मुईयां<br>3. पिता–स्व0 जागेष्वर मुईयां<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–58 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक–117/25<br>2. आवेदक–रोही महतो<br>3. पिता–स्व0 गांगो महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–68 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक–118/25<br>2. आवेदक–रामा महतो<br>3. पिता–स्व0 गांगो महतो<br>4. ग्राम–डाढ़ा पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–पुरूष आयु–62 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | 2(viii)(a) |
| 7. | 1. आवेदन क्रमांक–119/25<br>2. आवेदक–सोमरी देवी(आश्रित पत्नी)<br>3. पति–स्व0 गेजे उराँव(मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम–डाढ़ा, पोस्ट–चतरा<br>5. प्रखण्ड–चतरा थाना–चतरा<br>6. लिंग–महिला आयु–63 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न–अंकित नही है। | चतरा थाना काण्ड सं0–81/83 | नहीं | कारण :–दिनांक 15.05.1983 को झारखण्ड अलग राज्य करने हेतु जेल भरो अभियान के कम में निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप। जेल की अवधि–11 दिन | (आश्रित पत्नी) 2(viii)(a) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आषय का शपथ पत्र अवष्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 353600 Home(25-26)D

## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग

**प्रपत्र VII**
**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**
**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

चुंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना ईचाक झुमरा लम्बाई 9.30 कि0मी पथ का चौडीकरण एवं मजबुतीकरण का कार्य हेतु ग्राम–जिनगा, थाना–दारु, थाना सं0 –93, अंचल – दारु, जिला–हजारीबाग में कुल 0.1560 एकड़ यानि 0.06313 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.1560 एकड़ यानि 0.06313 हेक्टेयर है और जो ग्राम–जिनगा, थाना–दारु, थाना सं0 –93, अंचल – दारु, जिला–हजारीबाग में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है–

| क0 सं0 | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन किया जाने वाला क्षेत्रफल | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 77 | 153/1 | निजी | टांड–III | 0.016 | देवदयाल कुशवाहा पिता स्व0 पाचो महतो जाति कोयरी नि0 जिनगा | राजेन्द्र प्रसाद | रास्ता | रास्ता | नीज |
| 2 | 77 | 153/2 | निजी | टांड–III | 0.016 | राजेन्द्र प्रसाद पिता स्व0 लखन महतो वो मंजु देवी पिता ठाकुर महतो जाति कोयरी नि0 जिनगा | किशुन प्रसाद वगै0 | देव दयाल महतो | रास्ता | नीज |
| 3 | 77 | 153/3 | निजी | टांड–III | 0.016 | किसुन महतो वो सहदेव प्रसाद वो गणेश महतो पिता स्व0 फुलचंद महतो जाति कोयरी नि जिनगा | धनेष्वर प्रसाद | राजेन्द्र प्रसाद | रास्ता | नीज |
| 4 | 77 | 153/4 | निजी | टांड–III | 0.016 | धनेश्वर प्रसाद वो किशोरी प्रसाद वो दिपक प्रसाद पिता स्व0 प्रयाग महतो जाति कोयरी नि0 जिनगा | सिमाना महेसरा | किसुन | रास्ता | नीज |
| 5 | 8 | 155 | निजी | टांड–III | 0.005 | लकडी का टाल वन विभाग | सिमाना झुमरा | प्लॉट 156 | टाल | रास्ता |
| 6 | 26 | 156 | निजी | टांड–III | 0.004 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 155 | प्लॉट 157 | टाल | रास्ता |
| 7 | 37 | 157 | निजी | टांड–III | 0.005 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 156 | प्लॉट 158 | टाल | रास्ता |
| 8 | 27 | 158 | निजी | टांड–III | 0.008 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 157 | प्लॉट 159 | टाल | रास्ता |
| 9 | 10 | 159 | निजी | टांड–III | 0.008 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 158 | प्लॉट 160 | टाल | रास्ता |
| 10 | 31 | 160 | निजी | टांड–III | 0.009 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 159 | प्लॉट 161 | टाल | रास्ता |
| 11 | | 161 | निजी | टांड–III | 0.004 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 160 | प्लॉट 162 | टाल | रास्ता |
| 12 | 7 | 162 | निजी | टांड–III | 0.009 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 161 | प्लॉट 163 | टाल | रास्ता |
| 13 | | 163 | निजी | टांड–III | 0.002 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 162 | प्लॉट 164 | टाल | रास्ता |
| 14 | 38 | 164 | निजी | टांड–III | 0.002 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 163 | प्लॉट 165 | टाल | रास्ता |
| 15 | 38 | 165 | निजी | टांड–III | 0.004 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 164 | प्लॉट 166 | टाल | रास्ता |
| 16 | | 166 | निजी | टांड–III | 0.004 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 165 | प्लॉट 168 | टाल | रास्ता |
| 17 | 49 | 168 | निजी | टांड–III | 0.005 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 166 | प्लॉट 169 | टाल | रास्ता |
| 18 | 23 | 169 | निजी | टांड–III | 0.003 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 168 | प्लॉट 170 | टाल | रास्ता |
| 19 | 23 | 170 | निजी | टांड–III | 0.003 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 169 | प्लॉट 171 | टाल | रास्ता |
| 20 | 44 | 171 | निजी | टांड–III | 0.005 | लकडी का टाल वन विभाग | प्लॉट 170 | पाचो महतो | टाल | रास्ता |
| 21 | 79 | 172/1 | निजी | टांड–III | 0.010 | पाचो महतो वो हरदी महतो वो राम देव महतो जाति कोयरी नि0 जिनगा | प्लॉट 171 | सुरेष प्रसाद | नीज | रास्ता |
| 22 | 79 | 172/2 | निजी | टांड–III | 0.002 | सुरेश प्रसाद पिता स्व0 नागेश्वर महतो जाति कोयरी नि0 जिनगा | पाचो महतो | रास्ता | नीज | रास्ता |
| कुल | | | | | 0.1560 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

ग्राम–जिनगा, थाना–दारु, थाना सं0 –93, अंचल – दारु, जिला–हजारीबाग में कुल 0.1560 एकड़ यानि 0.06313 हेक्टेयर जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, हजारीबाग के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण जा सकता है।

भूमि अर्जन के कारण पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

ह0/–
उपायुक्त,हजारीबाग

PR 353626 Land Reforms(25-26).D

**आजाद सिपाही में खबर छपने का असर**

## विधवा के खाता से निकासी की गयी राशि वापस मिली

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के जाड़ेया गांव की रहने वाली विधवा महिला चांदमनी देवी से अबुआ आवास की मिली पहली किस्त के तीस हजार रुपये उसके खाते से उड़ा लिए जाने का मामला प्रकाश में आया था। लेकिन दैनिक आजाद सिपाही में खबर छपने के बाद क्षेत्र के समाजसेवियों द्वारा संज्ञान में लेते हुए भुक्तभोगी विधवा महिला चांदमनी देवी का खाता से निकासी की गयी तीस हजार रुपये वापस कर दिया गया। गुरुवार को स्थानीय संवाददाता द्वारा भुगतभोगी चांदमनी देवी से पैसा निकासी के बारे में पूछे जाने पर कहा कि जामुदाग गांव के मधु मंडल के कैफे से मेरे खाता से पैसा का निकासी 16.10.2024 को 20 हजार और 17.10.2024 को 10 हजार रुपये का निकासी की गयी थी। जो मेरे दिमाग से उतर गया था, क्योंकि मैं मधु मंडल के कैफे से ही हर बार विधवा पेंशन का निकासी करती हूं। चांदमनी देवी ने साफ तौर पर बताई कि मुझे तीस हजार रुपये दुसरा कोई नहीं निकाला है, मेरा पैसा मुझे मिल गया है और हमलोग आपस में समझौता भी कर लिये हैं। मुझे किसी प्रकार की शिकायत नहीं है।

## उरांव टोली में घरेलू विवाद में युवक की हत्या

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के उरांव टोली में घरेलू विवाद में एक युवक की हत्या। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुंडू के उरांव टोली निवासी छोटु तांती का घरेलू विवाद में हत्या कर दी गयी। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस पर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है।

## सरना समिति खलारी के लोग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन में हुए शामिल



खलारी (आजाद सिपाही)। सरना धर्म कोड की मांग को लेकर मंगलवार को रांची में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सरना समिति खलारी के दर्जनों लोग रांची रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व सभी झील होटल खलारी के समीप एकत्रित हुए। इस दौरान सभी ने सरना धर्म कोड की मांग को लेकर नारेबाजी भी किया। जाने वालों में मुख्य रूप से मुखिया पुतुल देवी, तेजी किसपोटा, शीला देवी, मलका मुंडा, पुष्पा खलखों, अरुणा उरांव, फूलमनी उरांव, मंजू उरांव, वीणा उरांव, अंजनी उरांव, किरण देवी, दामयंती एक्का, किरण देवी सहित सरना समिति के सभी सदस्य और अन्य शामिल थे।

## 12 दिवसीय पाइका नृत्य प्रशिक्षण का समापन



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चोगा आदारडीह में मंगलवार को 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण समापन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व जिला कृषि पदाधिकारी कालीपद महतो, उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, उमाकांत महतो, ठाकुर दास महतो,कमला कांत महतो, अंतरराष्ट्रीय कलाकार प्रभात कुमार महतो आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित 12 दिवसीय पाईका नृत्य प्रशिक्षण सह प्रस्तुति का समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में हो नृत्य,पाईका नृत्य, कुरमाली नृत्य, पड़सा नृत्य,संथाली नृत्य सहित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक महतो, हृदय रंजन महतो, समिति के सचिव सीताराम महतो, गुलाब सिंह मुंडा, अनुरोध पातर, शंभूनाथ कालिंदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कारो नदी के पानी को लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम से खेतों तक पहुंचाया जायेगा: सांसद



खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस सांसद कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को कर्रा प्रखंड के कनसिली, पाईक टोली, बिनगांव और सरदुला का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। सुबह सात बजे से शुरू हुई यह जनसंपर्क यात्रा पूरे दिन चली, जिसमें संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। सांसद ने कहा कि केडी गुरु ने इस क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता की जानकारी दी है। मुंडा ने जानकारी दी कि वे दो दिन तक कर्रा क्षेत्र में कैंप करेंगे। इस दौरान सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ मिलकर जांच की जायेगी कि खेतों तक नदी और नालों के पानी को कैसे पहुंचाया जा सकता है। सांसद ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि कारो नदी के पानी को लिफ्ट इरिगेशन सिस्टम से खेतों तक पहुंचाया जाय। मौके पर मो नईमुद्दीन खां, महादेव मुंडा, केडी गुरु, अजय खलखो, मुनीर खान, मंटू देवघरिया, विजय कुमार स्वांसी समेत विभिन्न पंचायतों के मुखिया, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिवासी समाज को एक करना यात्रा का उदेश्य : किरण




पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बहेरा पंचायत के अंतर्गत कारो गांव मे मंगलवार को सरना यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों ने यात्रा का नेतृत्व कर रहे केंद्रीय अध्यक्ष धरम गुरु कृष्णा उरांव सहित यात्रा में शामिल सभी यात्रियों का आदिवासी नेग नियम से पैर धोकर स्वागत किया। बताया गया कि यात्रा 23 मई से 11 दिनों के लिए निकली है। आज यात्रा का पाचवां दिन भ्रमण है। इस संबंध मे केंद्रिय सचिव सह अधिवक्ता किरण मुंडा ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य गांव में भ्रमण कर समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक व नशामुक्ति अभियान के प्रति जागरुक करना है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के धर्म संस्कृति, परंपरा, जल, जंगल जमीन को बचाए रखने के प्रति भी सभी को यात्रा के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर बहेरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रमेश मुंडा, साधुचरण टाना भगत,सोमरा उरांव, राजेश उरांव, बुधना उरांव सहित कई लोग शामिल थे।

# सरना कोड लागू होने तक जारी रहेगा झामुमो का धरना-प्रदर्शन : सुदीप गुड़िया



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना कोड लागू करना होगा। जब तक सरना कोड लागू नहीं हो जाता झामुमो का धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। जरूरत पड़ी तो दिल्ली मे भी धरना दिया जायेगा। विधायक मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष सरना कोड की मांग को लेकर आयोजित धरना-प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। ज्ञात हो कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया और सरना कोड को अविलंब लागू करने की मांग केंद्र सरकार से की। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने की। धरने को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि सरना कोड बहुत महत्वपूर्ण मांग है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में विधानसभा से सरना कोड बिल पारित कर के राजभवन भेजा था, जो अभी तक राजभवन के माध्यम से बिल को केंद्र सरकार तक नहीं भेजा गया। उन्होंने कहा कि सरना कोड लागू होने के बाद ही देश में जनगणना होनी चाहिए। सरना कोड के लिए आखिरी सांस तक लड़ेगेंरू रामसूर्या मुंडा खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि हम आदिवासी समाज आज अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमें हर हाल में सरना कोड लागू कराना है और इसके लिए हम आखरी सांस तक लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि देश के सभी सभी समाज का कोड है, लेकिन हम आदिवासी सरना समाज का कोई भी कोड नहीं है। हम इस धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र सरकार को सूचित करते हैं कि जल्द से जल्द सरना कोड लागू किया जाये।

कार्यक्रम में जिला सचिव सुशील पहान, केंद्रीय सदस्य मकसूद अंसारी, भोलानाथ लाल, उपाध्यक्ष सानिका बोदरा, विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, उपाध्यक्ष गुलशन सिंह मुण्डा, राहुल केशरी, वीरेन कंडुलना, अमृत हेमरोम, महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष स्नेहलता कंडुलना, अमरनाथ मुंडा, सुशांति कोनगाड़ी, शिशिर तोपनो, रूबेन टोपनो, विधायक प्रतिनिधि दिकसान पूर्ति सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

### केंद्र की गलत नीति के कारण बिल लागू नहीं हुआ : जुबैर अहमद

झामुमो के जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद ने कहा कि हम सभी झारखंड वासी और समस्त देशवासी तथा आदिवासी समाज का मुख्य आधार सरना कोड है। इससी की लड़ाई हम हेमंत सोरेन के नेतृत्व मं लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सररकार के गलत नीति-सिद्धांत के कारण यह बिल लागू नहीं हुआ।

## सड़क निर्माण में लगे रोड रोलर में अपराधियों ने लगायी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर रनिया थाना क्षेत्र के रायकेरा गांव के पास सोमवार की देर रात अज्ञात अपराधियों ने सड़क निर्माण कार्य में लगे रोड रोलर में आग लगा दी। इसके कारण रोड रोलर जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना रात लगभग 11.30 से 12 बजे की बतायी जाती है। जानकारी के अनुसार उक्त रोड रोलर खूंटी के शिव कुमार साहू कंस्ट्रक्शन का बताया जाता है। आग किसने और क्यों लगाई, इसका खुलासा तो नहीं हो सका है, पर आशंका जतायी जाती है कि ठेकेदार द्वारा लेवी की रकम नहीं देने के कारण अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया। मंगलवार को सुबह घटना की सूचना मिलते ही तोरपा के एसपी अमन कुमार, तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, तोरपा थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेंब्रम, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल सहित कई अधिकारी और पुलिस कर्मी घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी है।

**पीएलएफआई का पर्चा मिलने की चर्चा :** घटना के बाद आसपास के लोगों का कहना है कि रायकेरा में रोड रोलर जलने की जगह पर खड़े सेंसर पेवर वाहन में पीएलएफआई का पर्चा छोड़ दिया गया था। आशंका जताई जाती है कि इस घटना को पीएलएफआई ने अंजाम दिया होगा, लेकिन पुलिस का कहना है कि रोड रोलर पर बिजली का तार टूटकर गिरा, जिससे आगलगी की घटना हुई है। इसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग के एसडीओ को फोन कर बिजली कटवाई।

### जल्द होगा मामले का खुलासा: एसपी

इस संबंध में एसपी अमन कुमार ने कहा कि घटना में अपराधियों का हाथ होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन घटनास्थल के पास जो पर्चा मिला है, वह केवल सादे कागज में लिखा हुआ है। आम तौर पर किसी उग्रवादी संगठन द्वारा लेटर पैड में ही इस तरह की धमकी दी जाती है। उन्होंने कहा कि एसकेएस कंपनी से लेवी मांगने की भी चर्चा नहीं है। इस मामले को लेकर जांच पड़ताल चल रही है, जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

## ठेठांगी में गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध बंदोबस्ती के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

**कार्रवाई नहीं होने पर आमरण अनशन की चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र बहेरा पंचायत के मौजा ठेठांगी की गैरमजरुआ खास भूमि पर अवैध बंदोबस्ती को लेकर गांव में उबाल है। टंडवा अंचल अंतर्गत ग्राम ठेठांगी के ग्रामीणों ने खाता संख्या 01, प्लॉट संख्या 36, 60 एवं 61, कुल 16.00 एकड़ जमीन पर देवकी कहार, पिता शंकर कहार के वंशजों द्वारा की गयी फर्जी बंदोबस्ती और जमाबंदी को रद्द करने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि 10 सितंबर 2022 और पुनः 10 मई 2025 को ग्रामसभा मुखिया रेखा कुमारी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सर्वसम्मति से फर्जी बंदोबस्ती रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सभी संबंधित दस्तावेज अंचल कार्यालय टंडवा, अनुमंडल कार्यालय सिमरिया एवं उपायुक्त कार्यालय चतरा को सौंपा जा चुका हैं। इस मामले को ग्रामीणों ने 11 मार्च 2025 एवं 2 मई 2025 को जनता दरबार में उपायुक्त के समक्ष आवेदन देकर अवगत कराये जाने की बात कही गयी। उपायुक्त द्वारा ठेठांगी के भु स्वामियों को तीन दिन में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इधर ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर फर्जी बंदोबस्ती को रद्द नहीं किया गया तो 16वें दिन से उपायुक्त कार्यालय चतरा के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन और धरना प्रदर्शन शुरू किया जायेगा। यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक ग्रामीणों की मांग पूरी नहीं होती।



ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीण।

### अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी

## हमें उन्हीं लोगों को पढ़ाया गया, जिन्होंने हम पर अत्याचार किये : अमर बाउरी




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला भाजपा कार्यालय खूंटी में विरांगना अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और सामूहिक राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम का गायन किया गया। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने कराया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हमें उन्हीं लोगों को पढ़ाया गया, जिन्होंने हमपर अत्याचार किया। हम लोगों ने उन्हें ही महिमा मंडित किया और गौरव का विषय बना दिया, जिन्होंने हमारे मंदिरों को तोड़ा। मो गजनवी ने आकर सोमनाथ मंदिर को तोड़ा और लूटपाट की, कांशी विश्वनाथ मंदिर को ध्वस्त किया। उन मंदिरों को राजमाता अहिल्याबाई होलकर ने संवारा और जीर्णोद्धार कराया। अब प्रधानमंत्री विरांगना अहिल्याबाई के बाद मंदिरों को संवारने का काम कर रहे हैं। संगोष्ठी के बाद गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष राम ध्यान सिंह की आत्मा की शांति के लिए विशेष प्रार्थना की गयी। संगोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने किया। किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा, जगन्नाथ मुंडा, भागीरथ राय, गोपाल स्वर्णकार, प्रियांक भगत, महावीर राम, परशुराम दास, मदन मोहन गोप, अर्जुन पाहन, कलिन्दर राम, सीमा देवी, संजय मुंडा, भीम सिंह, सुभाष, छोटराय, रामानंद, सुबोध, रूकमिला, सरस्वती देवी, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सदा न्याय के लिए तत्पर रहीं अहिल्याबाई: कोचे मुंडा

तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा जी ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर पूरे भारत के प्रसिद्ध तीर्थों और पवित्र स्थानों में मंदिर बनवाए, घाट बंधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए, भूखों के लिए अन्नभंडार खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बनावाया। विधायक ने कहा कि आत्म प्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके सदा न्याय करने में अहिल्याबाई प्रयत्न करती रहीं। रांची विभाग के गौ सेवा प्रमुख सह जिला के पूर्व संघ कार्यवाह सुनील साहू ने कहा कि शासन और व्यवस्था के नाम पर घोर अत्याचार हो रहे थे। प्रजा साधारण गृहस्थ, किसान मजदूर-अत्यन्त हीन अवस्था में सिसक रहे थे। उन विकट परिस्थितियों में अहिल्याबाई ने शासन संभाला।

## शहीद एडीएम विद्या निकेतन चोगा के सुकदेव को जिला में मिला 10वां स्थान



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्थित शहीद अजीत धनंजय महतो विद्यानिकेतन चोगा के छात्र सुकदेव महतो ने माध्यमिक परीक्षा 2025 में 468 अंक लाकर विद्यालय टॉपर के साथ सरायकेला जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया है। सुकदेव महतो चौका थाना अंतर्गत डूंगरीडीह गांव के रहने वाले हैं। उनका पिता भागीरथ महतो एक व्यासायी हैं तथा माता भवानी महतो गृहणी हैं। वहीं छात्र सुकदेव महतो ने बताया कि इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा माता-पिता को देते है। साथ ही उन्होंने बताया कि आगे की पढ़ाई कर डॉक्टर बनना चाहते हैं और इस क्षेत्र के लोगों की सेवा करना चाहते हैं।

## पांच परगना उच्च विद्यालय ताऊ के विद्यार्थियों ने जैक 10वीं की परीक्षा में परचम लहराया



बुंडू (आजाद सिपाही)। पांच परगना उच्च विद्यालय ताऊ के विद्यार्थियों ने एक बार फिर जैक 10वीं के परीक्षा में अपना परचम लहराया। दीपिका कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनीं। विद्यालय के 83 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 60 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिंह, सचिव धीरेंद्र प्रसाद, सजल कुंडू, बसंती देवी, संतोष महतो, सत्येंद्र सिंह, निरमा कुमारी, अरुण महतो, प्रकाश महतो, पंकज प्रमाणिक, रानी कुमारी, मंजुला कर्मचारियों ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ मैट्रिक का रिजल्ट रहा सौ प्रतिशत



सपना कुमारी



मनीषा कुमारी



कल्याणी कुमारी

तमाड़(आजाद सिपाही)। पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ में इस बार मैट्रिक की परीक्षा में कुल 57 छात्राओं ने परीक्षा दी थी, जिसमें 52 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी और पांच छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी उर्तीण की। सपना कुमारी पिता कोकिल सिंह मुंडा माता शर्मिला देवी 500 अंक में 466, 93.20 प्रतिशत लाकर विद्यालय टॉपर का गौरव प्राप्त की है। वहीं मनीषा कुमारी पिता राजेंद्र महतो माता उषा देवी 500 अंक में 452, 90.40% लाकर विद्यालय में द्वितीय टॉपर का गौरव प्राप्त की है। वहीं कल्याणी कुमारी पिता ठाकुर सिंह मुंडा माता रंभा देवी 500 अंक में 450, 90% लाकर विद्यालय में तृतीय टॉपर की गौरव प्राप्त की है। विद्यालय की वार्डन और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा कर्मचारियों ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के गुरुकुल विधा निकेतन, पांच परगना उच्च विद्यालय ताऊ के अलावा अन्य स्कूल में विद्यार्थियों ने एक बार फिर जैक 10वीं के परीक्षा में अपना परचम लहराया। गुरुकुल की दिशा कुमारी 95.6 प्रतिशत अंक लाकर अनुमंडल टॉपर बनी वहीं दूसरे स्थान पर नेहा महतो ने 92.8 प्रतिशत अंक पर रही पांच परगना उच्च विद्यालय के दीपिका कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय की टॉपर बनी। विद्यालय के 83 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 60 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी एवं 2 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा ।

## इंडाल हाइस्कूल मुरी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

मुरी (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मैट्रिक के विद्यार्थियों का रिजल्ट जारी कर दिया गया है, जिसमें इंडाल हाई स्कूल मुरी के बच्चों का सौ प्रतिशत रिजल्ट रहा। विद्यालय का मान बढ़ाने में अर्पित महली (93.6%), भानु कुमारी (88.60%), अमृता महतो (87.80%,) रहा। इस विद्यालय से कुल 45 बच्चों ने परीक्षा लिखा था जिसमें से 22 बच्चे प्रथम श्रेणी, चार बच्चे द्वितीय श्रेणी और बाकी का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। विद्यालय परिवार की ओर से बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी।

## आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज का दसवीं का रिजल्ट बेहतर

मैकलुस्कीगंज। आंदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज का दसवीं बोर्ड का रिजल्ट बेहतर रहा। स्कूल के कुल 134 विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा दिया, जिसमें प्रथम स्थान पर 40 विद्यार्थी, द्वितीय स्थान पर 70, तृतीय स्थान पर 20 और 4 विद्यार्थियों ने मार्जिनल अंक से उतीर्ण हुए हैं। वहीं स्कूल के प्रशांत कुमार भुइयां को 85.2 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल का टॉपर बना। वहीं कुणाल मुंडा को 74.6, डोली कुमारी को 72.8, पंकज कुमार यादव को 71.8, कृष साहू को 70.8, पार्वती मिंज को 69 एव विक्रांत कुमार को 67 प्रतिशत अंक मिला है। विद्यालय की इस सफलता पर स्कूल के प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू सहित सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी है।10

## उच्च विद्यालय कोंबो जाराडीह के विक्रम 93 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बने






राहे (आजाद सिपाही)। पर्वतीय दुर्गम उच्च विद्यालय कोंबो जाराडीह का छात्र विक्रम कुमार 93 प्रतिशत अंक लाकर राहे प्रखंड टॉपर बना है। झारखंड बोर्ड के मैट्रिक परीक्षा में सर्वोदय स्कूल राहे का पीयूष गुप्ता 91.2 प्रतिशत अंक लाकर राहे प्रखंड द्वितीय टॉपर बना है। सूरज कुमार 87.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहा। स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। सभी 57 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इधर झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय राहे की निक्की कुमारी 88.2 प्रतिशत, लक्ष्मी कुमारी और महक मुस्कान 79.6 प्रतिशत,नंदनी कुमारी 79.2 प्रतिशत अंक लाकर अपने विद्यालय में टॉपर रही है। प्लस टू हाई स्कूल राहे के आशीष कुमार 84.4 प्रतिशत, उपेंद्रनाथ महतो 84 प्रतिशत, तिजु महतो 80 प्रतिशत अंक लाए है। नावाडीह हाई स्कूल के रूपेश कुमार महतो 89.8 प्रतिशत अंक लाया है।

## मैट्रिक परीक्षा में पिपरवार विकास विद्यालय किचटो का शानदार प्रदर्शन

पिपरवार (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल की मैट्रिक परीक्षा में पिपरवार विकास विद्यालय किचटो के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय से इस वर्ष 44 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। इनमें 28 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 16 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता पायी। छात्रा निशात हाशमी ने 82.2 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया। निशा कुमारी ने 76.8 प्रतिशत और सोनू कुमार ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रों की इस सफलता पर प्राचार्य रामाकांत महतो, विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों ने बधाई दी। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट लगातार 27वें वर्ष शत प्रतिशत रहा



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा 2025 में प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय का रिजल्ट लगातार 27वें वर्ष भी प्रतिशत रहा। 49 छात्र प्रथम श्रेणी और 4 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। प्रिया कुमारी (92.6%) लाकर प्रथम स्थान, जिज्ञासा कुमारी ( 90.4%) द्वितीय, सामिया फरहा (88.6%) तृतीय, तनु कुमारी और कृश महतो (88.4%) चतुर्थ और रुखसार परवीन (88%) के साथ पंचम स्थान पर रहें। छात्रों की सफलता पर विद्यालय के निदेशक सुजीत कुमार केसरी, शेखर कुमार और दीपक चौरसिया ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय से दस छात्र 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाकर कांके प्रखंड में अपने विद्यालय का परचम लहराया था, जिसमें रहनुमा परवीन 94.4 प्रतिशत लाकर टापर रही थी। वहीं प्रधानाध्यापक विजय पांडेय ने सभी सफल छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### उच्च विद्यालय, सुकुरहुटू का उल्लेखनीय प्रदर्शन



पिठोरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणाम में प्रस्तावित उच्च विद्यालय, सुकुरहटू ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। विद्यालय की कुल सफलता दर 99.5 फीसदी रही, जिससे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया है। विद्यालय से कुल 53 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 53 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इनमें 41 छात्र प्रथम श्रेणी, 10 छात्र द्वितीय श्रेणी और 16 छात्र तृतीय श्रेणी में पास हुए। विद्यालय की छात्रा स्नेहा कुमारी ने 92% अंक प्राप्त कर टॉप किया । वही दीपशिखा कुमारी 85.4% अंक , खुशबू कुमारी 84.2% अंक, शिवानी कुमारी 83.8% अंक, और ईशा कुमारी 84.8% अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रधान मुकेश रंजन ने छात्रों की मेहनत और शिक्षकों की लगन को सफलता का श्रेय दिया। विद्यालय प्रबंध समिति ने उत्तीर्ण छात्र छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों की मेहनत का प्रतीक है।

### जीपी मध्य/हाइस्कूल हेसल अनगड़ा के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया




अनगड़ा (आजाद सिपाही)। जीपी मध्य/हाईस्कूल हेसल अनगड़ा के विद्यार्थियों ने एक बार फि र मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। कुल 99 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 83 प्रथम श्रेणी से,15 द्वितीय श्रेणी से तथा 1 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। विद्यालय की छात्रा रश्मि रानी 93.2% प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। वहीं प्रतिमा कुमारी 92.8 % अंक लाकर द्वितीय स्कूल टॉपर, सन्नू महतो 92.2 % अंक के साथ तृतीय टॉपर एवं सानिया परवीन 90 % प्रतिशत अंक लाकर चतुर्थ टॉपर बनी। प्रखंड टॉपर रश्मि रानी को हिन्दी में 95, अंग्रेजी में 87, गणित में 93, विज्ञान में 95, सामाजिक विज्ञान में 96 एवं संस्कृत में 78 अंक प्राप्त हुए। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी एवं प्राचार्य ब्रजेश कुमार महतो ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और सभी शिक्षक शिक्षिकाओं व अभिभावकों का सम्मिलित प्रयास है।

### तक्षशिला इंस्टीट्यूट के लाड़लियों ने लहराया परचम

चान्हो (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सोंस स्थित तक्षशिला के विद्यार्थियों ने दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इंस्टीट्यूट एवं अपने अभिभावक का नाम रोशन किया।तक्षशिला इंस्टीट्यूट के निदेशक अंगद कुमार सिंह ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की जैक के दसवीं बोर्ड के घोषित परिणाम में कोचिंग का शत प्रतिशत परिणाम आया साथ ही साथ सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उतरीण हुए। संजना कुमारी ने 92.20%, माही अनुष्का कुमारी ने 91.40% पलक कुमारी ने 89%, निशी कुमारी 83.8%,रीया कुमारी 75.6%, विदिया कुमारी 78.4%, राहुल कुमार ने 81%, मधुर नाथ मिश्रा 80.80%,नितेश भगत 75%,सोनु भगत 72% अन्य विद्यार्थियों ने भी संतोषजनक अंकों के साथ उत्तीर्ण किया हैं। लड़कियों ने दसवीं कक्षा के परिणाम में लड़कों से आगे बढ़कर सफलता का परचम लहराया है।

### आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के बच्चों ने मैट्रिक रिजल्ट में लहराया परचम




चान्हो (आजाद सिपाही)। आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर के छात्र छात्राओं ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए और रिजल्ट रहा सत प्रतिशत। मंगलवार को मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया जिसमे आदर्श ग्रामीण पब्लिक स्कूल टांगर की छात्रा फरहाना प्रवीन ने 437 अंक (87.4%) लाकर स्कूल का टॉपर बनी । वही पल्लवी कुमारी 436 अंक (87.2%) लकार दूसरा स्थान और हसीना खातून 429 अंक (85.8%)लाकर तीसरा स्थान प्राप्त की । इस स्कूल से कुल 57 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में सामिल हुवे थे जिसमें 38 छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी से और 19 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।स्कूल के निदेशक व प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी एवं स्कूल के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए सभी को सुभकनाए दिए।

### संत मेरिस स्कूल गेतलसूद की छात्रा श्वेता कुमारी 83.2%अंक प्राप्त कर हुई स्कूल टॉपर



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड के संत मेरिस विद्यालय गेतलसूद का माध्यमिक परीक्षा का परिणाम शत -प्रतिशत रहा। माध्यमिक परीक्षा में कुल 37 विद्यार्थयों ने शामिल हुए थे, जिसमें से 35 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में पास हुए। वहीं श्वेता कुमारी 83.2% अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी, जिसको कुल 416 अंक प्राप्त हुए। जनक पहान को 408 अंक एवं नारायण बेदिया को 400 अंक, अनुष्का 393 अंक, अभिषेक महतो 387 अंक, सुधीर महतो 381 अंक, अभिषेक पटेल 370 अंक, विरेन्द्र पहान 368 अंक, प्रमिला कुमारी को 365 अंक एवं कल्याणी को 360 अंक प्राप्त हुई। सफल विद्यार्थियों को विधालय के प्राचार्य सिस्टर निर्मला, शिक्षक वंशीधर, अनिल महतो, सुनिल गोस्वामी, मेडम अंजेला, मेरियोला टोप्पो, अभिभावक बालेश्वर बेदिया राजेश बेदिया, एतवा बेदिया आदि ने बधाई दी।

### रातू सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन

रातू (आजाद सिपाही)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य शिवर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष-निर्मला भगत, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी-शैलेंद्र चौरसिया एवं सीएचसी प्रभारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया ।

# मैट्रिक परीक्षा में बेटियों ने लहराया परचम

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो के सभी 27 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण

**परिणम घोषित होने के बाद गांवों में दिख रहा उत्साह, प्रतिभा की सराहना कर रहे शिक्षक और अभिभावक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** जैक द्वारा घोषित मैट्रिक परीक्षा की रिजल्ट में गांव की बेटियों ने परचम लहराया है। प्रखंड के जरिया कटर माली गांव निवासी व्यवसायी केश्वर महतो की बेटी श्रुति कुमारी ने 94% अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी है। वही बेड़ो देवी मंडप के प्रकाश गोप की बेटी प्रीति कुमारी ने 90% अंक लाकर पूरे प्रखंड में दूसरा स्थान लाकर सफलता अर्जित किया है।

वहीं सुनील मुंडा 90% पवन कुमार महतो 90 % राजकुमार 89% स्वाति प्रिया 89% रीना कुमारी 89% स्वाति कुमारी 88% नीतीश चटर्जी 88% खुशबू कुमारी 88% अंशु बाड़ा 87% सुकन्या रंजन 86%अंजनी कुमारी 85% हुरिया मुस्तफा 85% सुनील कुमार 85 % अंक प्राप्त कर प्रखंड का मान बढ़ाया हैं।

वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बेड़ो का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा जिसमें 27 छात्र छात्राएं सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। लड़कियों का रिजल्ट सुनने के बाद स्वजनों और शिक्षकों में काफी उत्साह है।

हीं प्रखंड में लड़कियों के अव्वल आने के बाद भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने कहा कि इस वर्ष बेटियों ने सफलता पायी है, जो खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर बेटियों ने साबित कर दिया है कि उन्हें माहौल और मौका मिले तो वो किसी से कम नहीं हैं। गांव की मध्यमवर्गीय परिवार की बच्चियों ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा कभी पैसे की मोहताज नहीं होती है। अगर सच्ची लगन से किसी भी क्षेत्र में प्रयास किया जाये तो सफलता उसके कदम चुमती हैं।

वही हेंनरिता मिंज, करम सिंह महतो, विंसेंट सोरेन, वाणी कुमार राय, उमेश नारायण सिंह कलावती कुमारी,मुक्ति खलखो सहित शिक्षकों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता अर्जित करने वाले छात्र छात्रओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## स्वर्णरेखा पब्लिक हाइस्कूल टाटीसिलवे का अच्छा प्रदर्शन

### 96.4 फीसदी अंक प्राप्त कर शिखा बनीं स्कूल टॉपर



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** स्वर्णरेखा पब्लिक हाई स्कूल टाटीसिलवे के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल की छात्रा शिखा कुमारी ने 96.4% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं, संध्या कुमारी ने 93.8% अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोनल राज एवं रौनक कुमार ने समान रूप से 92.8% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। अन्य मेधावी छात्रों में गुंजन कुमारी ने 92%, शुभम कुमार मुंडा ने 91.4%, सुप्रिया भेली सुमन ने 91.2%, प्रेम कुमार ने 91%, स्वाति कुमारी ने 90.8% और काजल कुमारी ने 90.4% अंक प्राप्त किए। स्कूल की सचिव झुनी देवी ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इधर, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय बरगांवा नामकुम के 110 सफल घोषित किए गए, जो कि शत-प्रतिशत परिणाम के करीब है। इस विद्यालय से छात्रा खुशबू स्वांसी ने 87.6% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अभिमान कुमार ने 86% अंकों के साथ द्वितीय और करुणा कुमारी ने 85.5% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ज्योति कुमारी ने सभी सफल छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## ककरिया हाइस्कूल का रिजल्ट 99.90 % रहा

### 86.80 फीसदी अंक लाकर प्रिंस प्रखंड टॉपर बने



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड में मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट निकला उसमें लापुंग प्रखंड टॉपर प्रिंस कुमार 86.80%अंक लाकर ने राजकीय उच्च विद्यालय लेटे का नाम रोशन किया। राजकीय उच्च विद्यालय ककरिया का रिजल्ट मैट्रिक में 99.90 फीसदी रहा यहां के 112 छात्र छात्राओं में 111 छात्र छात्राएं उर्तीण रहा। जिसमें स्कूल की छात्रा ज्योती कुमारी ने 86.6 % लाकर पहला विद्यालय टापर बनने व प्रखंड में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। ककरिया विद्यालय में दुसरा स्थान में बिरसा उरांव 86 %, तीसरा में अनिल हेरेंज 84.2 % प्राप्त किया। उच्च विद्यालय लापुंग विद्यालय टॉपर आसरिता कुमारी 81.80% अंक के साथ प्रथम स्थान पाई, द्वितीय नेहा कुमारी 80%, तृतीय स्थान संतोष मुंडा 78%अंक लाकर राजकीय उच्च विद्यालय लापुंग का नाम रोशन किया। लापुंग में 62 प्रथम, द्वितीय 65, तृतीय 17 छात्र छात्राएं सफल हुए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लापुंग का रिजल्ट 100%रहा 46 परीक्षार्थी परीक्षा में उत्तीर्ण, विद्यालय में 74% लाकर सूरजमणि कुमारी प्रथम,71% रेणुकुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। बच्चों की अपेक्षा बच्चियों ने लापुंग में परचम लहराया।

## संजीवनी क्लासेस के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** टाटीसिलवे-पुरुलिया रोड स्थित संजीवनी क्लासेस के छात्रों ने जैक बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस वर्ष भी संस्थान के 100% विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है। संस्थान की मेधावी छात्रा सोनम कुमारी ने 93.8% अंक प्राप्त कर कार्मेल बालिका उच्च विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं सोनम राज और रौनक कुमार सिंह ने 92.8% अंक प्राप्त कर स्वर्ण रेखा पब्लिक हाई स्कूल में संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सपना कुमारी ने 92.1% अंक के साथ कार्मेल स्कूल की चतुर्थ टॉपर बनी और वर्षा कुमारी ने 91.6% अंक अर्जित कर उर्स लाइन कॉन्वेंट स्कूल की टॉप 10 सूची में स्थान पाया। तृषा कुमारी जो हाई स्कूल टाटीसिलवे की छात्रा है, स्कूल की चतुर्थ टॉपर रही। गौरतलब है कि संस्थान के 23 विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए है। संस्थान के निदेशक सह शिक्षक कुंदन कुमार, प्रेम रंजन शर्मा, सुमित केसरी, विद्या भूषण और कृति कुमारी ने सफल छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गेतलसूद के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सरस्वती शिशु मंदिर गेतलसूद के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस विद्यालय से कुल 56 भैया- बहन मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। जिसमें 43 प्रथम श्रेणी से तथा 13 द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। छात्र विवेक भोगता 87 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल टॉपर बना। वहीं शेखर कुमार महतो, रुचिका पांडेय एवं मंजू कुमारी 86.8 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय टॉपर बने। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र उरांव, सचिव गणेश लोहरा एवं प्राचार्य सेवाराम महतो ने रिजल्ट पर संतोष व्यक्त किया तथा सफल सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## आरटीसी उच्च विद्यालय, पीएचइडी बूटी रांची का मैट्रिक परीक्षाफल बेहतर रहा



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आरटीसी उच्च विद्यालय, पीएचइडी बूटी रांची का मैट्रिक परीक्षाफल बेहतर रहा। कुल 176 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 135 प्रथम श्रेणी से एवं 41 द्वितीय श्रेणी से पास किए। विद्यालय की छात्रा गिरिजा कुमारी 93.8% अंक लाकर प्रथम स्थान, पुनम कुमारी 92.2% अंक लाकर द्वितीय, रौशन कुमार 91.2% अंक लाकर तृतीय, रौनक भूतकुमार 90.2% अंक के साथ चतुर्थ एवं जगतपाल उरॉव 90% अंक लाकर पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक डॉ रूद्र नारायण महतो एवं प्राचार्या डॉ शांति कुमारी ने रिजल्ट को बेहतर बताया। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए इसका श्रेय छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत को दिया।

## इटकी के कुंदी मैदान में जय हिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन

# सेवा के पराक्रम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : इमरान प्रतापगढ़ी



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** भारत के गौरवशाली व के पराक्रमी सेना को सम्मान देने के लिए इटकी के कुंदी मैदान में मंगलवार को जय हिंद सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इमरान प्रतापगढ़ी ने भारतीय जनता पार्टी के ऊपर कटाक्ष करते हुए कहा सेवा के पराक्रम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इसे राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि जहां सोफिया कुरैशी और वोमिका सिंह का उत्साहवर्धन होना चाहिए वहां बीजेपी वाले आतंकवादी की बहन बात कर अपमानित किया। हम वह काम है, जो देश की आजादी के लिए तथा हिफाजत के लिए अपना लहू का एक-एक कतरा बहाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि आज पूरा देश अब्दुल हमीद के शहादत को याद करते हैं। देश पूछता है कि व्यापार के दबाव में चीज फायर क्यों किया गया । उक्त बातें मंगलवार को इटकी थाना के पास कुंदी मैदान में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने कहीं। उन्होंने सरना कोड और मॉब लिंचिंग पर भी कानून बनाने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ कांके विधायक सुरेश बैठा के अभिभाषण से किया गया। कार्यक्रम को केशव महतो कमलेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू व कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने भी संबोधित किया। सभी आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ में स्वागत किया गया। साथ ही अगवानी करने के लिए टाना भगतों की टीम अपने पूर्व से ही अपने पारंपरिक परिधान व वाद्य यंत्र के साथ स्वागत किया। मंच का संचालन आलोक दुबे ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश ठाकुर परविंदर सिंह चेतू उरांव अशोक चौधरी बेला प्रसाद शहजाद अनवर सहित काफी संख्या में कांग्रेस के नेता व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं दर्शक उपस्थित थे। कार्यक्रम में धन्ययवाद ज्ञापन एवं समापन की घोषणा कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की राष्ट्रीय गान के साथ किया गया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार ने नागेश्वर बेदिया के परिजन को पहुंचायी मदद



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा के गेतलसूद जारा टोली निवासी नागेश्वर बेदिया (25) का पिछले दिनों दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। श्राद्ध में सहयोग के लिए गांव के जीतू बेदिया द्वारा भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार से संपर्क किया, तब जैलेंद्र कुमार मंगलवार को गांव जाकर मृतक के परिजन को खाद्य सामग्री एवं नगद देकर सहयोग किया। विधवा संगीता देवी, सीताराम मुंडा, शिकारी महतो, जीतू बेदिया आदि उपस्थित रहे।

### लापुंग में कुआं से लाश बरामद

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग के छोटराय टोली का माइकल बारला (45) का शव गांव के ही अरविंद बारला के कुआं से बरामद किया गया। माइकल शुक्रवार को सापुकेरा बाजार गया था और घर नहीं लौटा। बाजार से लौटते समय वह एक कुआं में गिर गया। अपने स्तर से बहुत खोजबीन की गयी, पर पता नहीं चला। चरवाहा ने उसकी लाश अरविंद बारला के कुआं में तैरते हुए देखा। गांव के लोगों को जब इसकी खबर मिली, तब लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव को सूचित किया गया। 26 मई शाम में 26 को देर शाम में लाश को कुआं से निकाला गया और लाश को अपने कब्जा में कर लिया। 27 मई को सुबह लाश को सुबह दस बजे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। शाम मे गांव लाश को लाया गया और गांव के ही श्मशान घाट में दफनाया गया।

### बेड़ो में अच्छी वर्षा व क्षेत्र में खुशहाली के लिए हुई बुढ़िया करम की पूजा



बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के कई गांव में मंगलवार को विधिवत रूप से जनजातिय समुदाय की महिलाओं ने बुढ़िया करम की विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। मौके पर महिलाओं ने अपने सिर पर जल कलश लेकर वन विभाग बेड़ो रोड स्थित पीपल पेड़ के बाद देवी मंडप और छठ तालाब के समीप पीपल पेड़ पर जलाभिषेक किया। इसके बाद श्रद्धालु महिलाओं का जत्था बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर पहुंचा। जहां करम पेड़ में जलाभिषेक किया। साथ ही बुढ़िया करम की पूजा अर्चना किया। वहीं बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर में बुढ़िया करम के पूजा अर्चना करने के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। रोग से मुक्ति दिलाने, क्षेत्र में अच्छी वर्षा होने के साथ क्षेत्र में अमन चैन व खुशहाली के लिए पूजा अर्चना की।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की




ओरमांझी (आजाद सिपाही)। बीते दिनों भाजपा मंडल ओरमांझी के तीन बूथ अध्यक्षों का आकस्मिक निधन हो गया। इससे मर्माहत भाजपा परिवार के दिग्गज नेतृत्वकर्ता मृतक कार्यकर्ता के शोक संतप्त परिजनों से मिलने पहुंच रहे हैं। सोमवार को राज्य सभा सांसद, मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ग्राम कुल्ही के बूथ अध्यक्ष राजेंद्र महतो, ग्राम हिंदेबिली के बूथ अध्यक्ष कामेश्वर बेदिया एवं ग्राम चंद्रा के मंडल उपाध्यक्ष राजनाथ उरांव के घर जाकर शोक संतप्त परिजनों से मिल कर ढांढस बंधाया। कहा कि इस दुख कि घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ हमेशा खड़ी रहेगी। इस तरह एक सप्ताह में तीन तीन कार्यकर्ता के निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसको कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। इस अवसर पर मण्डल महामंत्री अलख नाथ महतो, राजेश गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता, राजकिशोर साहू, सिकंदर महतो, मुखिया रमेश बेदिया, जीत नाथ बेदिया, प्रकाश महतो, बालक महतो, बिरजू महतो, छन्नू महतो, जंगल महतो, रामलखन महतो, संदीप उरांव, जगधन बेदिया, संतोष गुप्ता और अरविंद महतो आदि शामिल थे।

### स्वच्छता रैली निकाल कर किया जागरूक



नामकुम (आजाद सिपाही)। राजाउलातू स्थित पावरग्रिड उपकेंद्र के कर्मियों ने स्वच्छता रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। कर्मियों ने पावरग्रिड से पदयात्रा कर सिदरौल सप्ताहिक बाजार तक रैली निकाली। बाजार में सब्जी खरीदने व बेचने वालों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सभी के बीच स्वच्छता कीट वितरण किया गया। बताया कोरोना वायरस का प्रभाव फिर से पैर पसार रहा है। कोरोना व अन्य बिमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई एवं जागरूकता जरूरी है। मौके पर मुख्य प्रबंधक अंजलि, कैलाश पंडित, मोहन पासवान सहित उपकेंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे।

### यौन शोषण मामले में फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। शादी का झांसा देकर यौन शोषण किए जाने के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी साल्हन गांव निवासी सुनिल करमाली पिता सहदेव करमाली के घर मंगलवार को पुलिस ने ढ़ोल नगाड़ा बजाकर इश्तेहार चिपकाया। बताते चलें कि अनगड़ा पुलिस ने न्यायालय द्वारा जारी इश्तेहार को आरोपी के घर के अलावा मुख्य चौराहे पर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में चिपकाया गया। इश्तेहार में आरोपी को 20 जून तक न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। अन्यथा पुलिस द्वारा कुर्की जब्ती की जायेगी।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र दिनांक 15.04.2025 के अनुसार, मैं वासुदेव घोबी पिता नारायण धोबी, उम्र करीब 71 वर्ष, धर्म-हिन्दू राष्ट्रीयता भारतीय, पेशा-गृहस्थी, साकिन-मंझलीटांड, पोस्ट व थाना डोमचॉच, जिला-कोडरमा, झारखण्ड, शपथ पूर्वक निम्न लिखित ब्यान करता हूँ :- 1. यह कि मैं उपरोक्त पतें का निवासी हूँ। 2. यह कि आधार कार्ड संख्या 3401 0140 2553 एवं राशन कार्ड संख्या 202000406944 में मेरा नाम बासुदेव धोबी (Basudeo Dhobi) अंकित है। 3. यह कि मेरा एवं मेरी पत्नी विमला देवी का संयुक्त खाता बैंक ऑफ इण्डिया शाखा डोमचांच में बचत खाता संख्या 481710110009085 है जिसमें मेरा नाम वासुदेव राम (Vasudev Ram) अंकित है। 4. यह कि बासुदेव धोबी (Basudeo Dhobi) उर्फ वासुदेव राम (Vasudev Ram) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है जो मैं हीं हूँ। 5. यह कि यह शपथ पत्र मैं आधार कार्ड के अनुसार बैंक में नाम सुधार कर अंकित करवाने हेतु बना रहा हूँ। 6. यह कि उपरोक्त बाते सत्य व सहीं है असत्य पाये जाने पर इसकी सारी जवाबदेही मेरी होगी।

# गुमला पुलिस ने तीन अपराधियों को देसी कट्टा और गोली के साथ पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के दुंदरिया कचरा गड्ढा सेफ्टी टंकी प्लांट के पास से गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तीन अपराधियों को एक देशी कटा व जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गुमला के नेतृत्व में थाना प्रभारी गुमला महेंद्र करमाली पुलिस अवर निरीक्षक अमर शुक्ला सुनील कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा टीम बनाया गया था। इस टीम के द्वारा सोमवार की रात्रि करीब 8 बजे दुन्दरिया कचरा गड्ढा सेफ्टी टंकी कार्यालय के पास पहुंचे तो पुलिस को देखकर एक लड़का भागने लगा जिसे पुलिस बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अपना परिचय दुन्दरिया निवासी प्रदीप लकड़ा उम्र 25 वर्ष पिता स्वर्गीय मंगरा उरांव बताया। आगे पूछने पर बताया कि कमरे में दो और लड़के हैं जिनके पास हथियार है। सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों लड़कों को पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना नाम दुन्दरिया निवासी मनीष पन्ना उम्र 24 वर्ष पिता कृष्णा पन्ना और कुरूम गढ़ थाना अंतर्गत केरा गानी निवासी 22 वर्षीय सत्यनारायण उरांव पिता स्वर्गीय बिरसई उरांव बताया। इसके बाद कमरे की विधिवत तलाशी लेने पर दीवार पर टंगे एक सफेद रंग के प्लास्टिक का एक झोला से एक देसी कट्टा जिसमें एक जिंदा गोली लोड पाया तथा थैला से एक जिंदा गोली बरामद किया गया। पूछताछ करने पर उन लोगों ने बताया कि लूटपाट की योजना बनाने के लिए हथियार लेकर आए थे। एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने मंगलवार दिन के 1:30 बजे कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता कर तीन आरोपी को जेल भेज दिया।

## भीखमपुर लावा नदी में डूबा युवक का शव मिला



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना क्षेत्र के भीखमपुर स्थित लावा नदी में गर्मी छुट्टी मनाने दिल्ली से आए तीन लोग नहाने के लिए सोमवार के सुबह 9 बजे गए हुए थे।नहाने के दौरान तीन बच्चे योगेश थापा,अर्पण मिंज,सोनम थापा,पानी के धार में बहने लगे मौके पर उपस्थित स्थानीय युवक सिमोन मिंज,के द्वारा बचाने के लिए नदी में कूदा गया। लेकिन सिमोन दो लोगों को ही बचाने में सफल रहा। जबकि तीसरा बच्चा योगेश थापा उम्र 16 वर्ष नदी में डूब गया।जिसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा,थाना प्रभारी आदित्य कुमार को सूचना दिया गया।सूचना मिलने है प्रखंड प्रशासन लावा नदी पहुंचकर मामले की जांच की साथ ही स्थानीय गोताखोरों के द्वारा नदी में योगेश थापा को ढूंढने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। लेकिन योगेश थापा की कोई सुराग नहीं मिल पाया था। सोमवार देर रात्रि प्रशासन की मदद से ग्रामीणों के द्वारा नदी में जाल लगाया गया। ताकि योगेश बहते हुए नदी की धार में फस जाए। लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी योगेश को कोई सुराग नहीं मिल पाया। एनडीआरएफ की टीम मंगलवार को 10 बजे लावा नदी पहुंचे 3 घंटे कड़ी मेहनत करने के बाद भी योगेश थापा का शव नहीं मिल पाया।जब एनडीआरएफ की टीम हार मान गई।तब अचानक देखा गया की नदी में किसी का सर दिखाई पड़ रहा है। दोबारा एनडीआरएफ की टीम को नदी में उतारा गया। और दिखाई दे रहे हैं सर के पास जाकर निकाला तो देखा की योगेश थापा ही था।इसके बाद फिर क्या था परिजन चीखने चिल्लाने लगे साथ ही परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल होने लगा।वही थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने कहा कि शव को पंचनामा करते हुए।पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

## जैक बोर्ड की परीक्षा में जारी के छात्रों का रहा शानदार प्रदर्शन

**जारी (आजाद सिपाही)।** 27 मई 2025 को झारखंड जैक बोर्ड ने 2025 के परिणाम जारी कर दिये हैं। जारी प्रखंड से कुल 129 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 38 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। भीखमपुर स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें अर्शी आरा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, जबकि शिवमती कुमारी ने 84 प्रतिशत अंक हासिल किये। विजय कुमार महतो और प्रिया कुमारी दोनों ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी योग्यता साबित की। इनके अलावा, सबिक एक्का ने 71 प्रतिशत, अवतार सिंह ने 70 प्रतिशत, स्मृति बाखला ने भी 70 प्रतिशत और बिरेंद्र मुंडा ने 69 प्रतिश अंक प्राप्त किये हैं। वहीं सिकरी स्कूल के छात्रों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। निशिका तिग्गा ने 72 प्रतिशत अंक प्राप्त किये, वहीं राधिका कुमारी और शमशाद खान दोनों ने 67.8 प्रतिशत अंक हासिल किये। लक्ष्मी कुमारी ने 66 प्रतिशत, ममता कुमारी ने 65.8 प्रतिशत, देवकी कुमारी ने 63.6 प्रतिशत, बनार्डेट तिग्गा ने 63 प्रतिशत, सुलेशना यादव ने 61.6 प्रतिशत, शांति कुमारी ने 61 प्रतिशत, सुष्मिता एक्का और कुशमीता टोप्पो दोनों ने 60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में ब्रिगेडियर राज कुमार सिंह कैडेटों का मनोबल बढ़ाया



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में 20 मई से 29 मई तक चल रहे 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 27 मई को एनसीसी ग्रुप हेडक्वार्टर रांची के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर राज कुमार सिंह ने कैडेटों का मनोबल बढ़ाया और उनके उत्साह की सराहना की। कैंप कमांडेंट लेफि्टनेंट कर्नल पी बी शर्मा , डिप्टी कैंप कमांडेंट और ट्रेनिंग जेसीओ द्वारा कैंप के शेड्यूल, प्रशिक्षण मॉड्यूल और कैडेट की भागीदारी के बारे में ग्रुप कमांडर को जानकारी दी गयी। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर, फायरिंग अभ्यास देखा और कैडेटों की सटीकता, अनुशासन और आत्मविश्वास की सराहना की। कैडेटों, प्रशिक्षकों और एएनओ को संबोधित करते हुए ब्रिगेडियर सिंह ने सभी द्वारा प्रदर्शित उच्च प्रशिक्षण मानकों, उत्साह और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और कैडेटों से समर्पित, गर्वित नागरिक और सफल नेता बनने का आग्रह किया। ब्रिगेडियर सिंह ने जिला प्रशासन, सरकारी विभागों, चिकित्सा और पुलिस कर्मियों और विभिन्न विभागों के विषय विशेषज्ञों का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने पूरे शिविर में व्याख्यान दिए और बहुमूल्य सहायता प्रदान की। उन्होंने शिविर की सफलता और कैडेटों के समग्र विकास के लिए उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

## युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर बने बेनाम उरांव

**गुमला (आजाद सिपाही)।** युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय चेयरमैन मनु जैन ने पत्र जारी कर सिसई विधानसभा युवा कांग्रेस के सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर बेनाम उरांव को गुमला जिला युवा कांग्रेस सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर नियुक्त किया है। मौके पर युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव भगत ने कहा बेनाम बेनाम उरांव पहले से विधानसभा शोशल मीडिया के पद पर रहकर कांग्रेस पार्टी के नीति सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। आशा है पूरे गुमला में सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस पार्टी के विचारों को गांव गांव तक पहुंचाने का काम करेंगे। जिला गुमला जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी ने कहा कि बेनाम उरांव ठरवकके समय से पार्टी से जुड़े हुए है ठरवकके सिसई प्रखंड अध्यक्ष भी रह चुके है इनकी सक्रियता को देखते हुए जिला सोशल मीडिया का कॉर्डिनेटर बनाए गए हैं।

## कांग्रेसियों ने जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनायी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला जिला महासचिव फिरोज आलम कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को हुआ था और उनकी मृत्यु 27 मई 1964 को हुआ था। पंडित जवाहरलाल नेहरू शुरू से ही गांधी जी से प्रभावित रहे और 1912 में कांग्रेस से जुड़े 1920 के प्रतापगढ़ के पहले किस मोर्चा को संगठित करने का श्रेय उन्हीं को जाता है। 1928 में लखनऊ में साइमन कमीशन के विरोध में नेहरू घायल हुए और 1930 के नमक आंदोलन में गिरफ्तार हुए उन्होंने 6 माह जेल काटी 1935 में अल्मोड़ा जेल में आत्मकथा लिखी उन्होंने कुल 9 बार जेल यात्राएं की उन्होंने विश्व भ्रमण किया और यह अंतरराष्ट्रीय नायक के रूप में पहचाने गए। सेवा दल जिला अध्यक्ष कलाम ने कहा कि नेहरू जी ने छह बार अध्यक्ष पद संभाले लाहौर 1929 लखनऊ 1936 फैजपुर 1937 दिल्ली 1951 हैदराबाद 1953 और कल्याणकारी 1954 को सुशोषित किया अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद एजाज अहमद के आवास में नेहरू का पुण्यतिथि मनायी गयी।

## संत अन्ना उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

# 110 में 100 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास






आजाद सिपाही संवाददाता


**गुमला।** जिले में शिक्षा का अलख जगा रहे मिशनरीज स्कूल संत अन्ना उच्च विद्यालय दाऊद नगर समय बीतने के साथ बेहतर परीक्षा परिणाम देने में आगे निकलते जा रहा है।इस वर्ष के मैट्रिक परीक्षा में स्कूल के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किये है।स्कूल से इस बार कुल 110 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी।जिसमे 100 विद्यार्थियों ने बेहतर अंक हासिल कर प्रथम डिवीजन प्राप्त किया।जबकि 9 विद्यार्थियों ने सेकंड व एक का रिजल्ट लंबित है।इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका सिस्टर ललिता टोप्पो ने सभी शिक्षक, विद्यार्थियों के लिए एक अच्छे और सच्चे प्रेरणा के स्त्रोत बताए।उन्होंने कहा कि मैं अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण अध्याय में अपने शिक्षकों को पाकर बहुत गौरवान्वित महसूस कर रही हूँ। शिक्षण के प्रति आपके जुनून और अपने छात्रों के प्रति अच्छी देखभाल ने मेरी शैक्षणिक सफलता में बहुत बड़ा अन्तर पैदा किया है। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को कोटिशः धन्यवाद एवं बधाई देती हूँ। विद्यार्थियों के स्वपन उ?द्देश्य को साकार करने में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों का बहुत बड़ा हाथ है विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत की और खुब मन लगाकर पढ़ाई की और आगे भी मेहनत करते रहेंगे ये मेरा पूरा विश्वास है।उन्होंने कहा कि

विद्यालय से कुल 110 विद्यार्थी परीक्षा लिखे थे उसमें 100 प्रथम श्रेणी एवं 9 द्वितीय श्रेणी एवं 1का रिजल्ट लंबित है। इस तरह विद्यालय का रिजल्ट शतप्रतिशत रहा।

विद्यालय की छात्रा नीतू एक्का व स्नेहा रानी ने 92 प्रतिशत, आकांक्षा मिंज ने 90.6,शानू तिर्की 89.4, प्रदीप तिर्की 87.6, सुप्रिया चोरांठ 87.4, रोहित सिंह 86.8, रेशमा कुमारी 85.8,उषा कुमारी 85.4,रांथी कुमारी 84,रिकेश व अनुष्का कुजूर 84 प्रतिशत अंक पाकर टॉप टेन में रहे है।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 25 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गयी तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए गए। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 25 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से सड़क, बिजली, पानी, भूमि विवाद, आपदा राहत, सरकारी सहायता, चिकित्सा सहायता एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। बसिया प्रखंड निवासी किरण देवी ने अपने पति की उग्रवादी हिंसा में मृत्यु के उपरांत अनुकंपा पर नौकरी की मांग रखी। वहीं करमटोली गुमला की फगली उरांव ने अत्यधिक बारिश के कारण उनके कच्चे मकान के ढह जाने की जानकारी दी एवं सहायता की मांग की। खरका पंचायत अंतर्गत डुमरवा ईंदटोली ग्राम के ग्रामीणों ने पेयजल संकट को लेकर चापाकल की स्थापना की मांग की। गुमला नगर की मिनी देवी ने इलाज हेतु आर्थिक सहायता का अनुरोध किया। इसके अतिरिक्त जल मीनार निर्माण, कस्तूरबा गांधी विद्यालय में छात्राओं के नामांकन, भूमि विवाद निपटारा इत्यादि समस्याएं भी आवेदनकताओं द्वारा प्रस्तुत की गयी। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु एक सशक्त माध्यम है तथा प्रशासन सभी मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।

## चैनपुर में जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत बढ़ गई है। जलस्तर नीचे जाने से पेयजल की समस्या बढ़ने लगी है, लेकिन केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। प्रखंड मुख्यालय के आनंदपुर पानी टंकी बस्ती के 25 परिवार के लगभग 120 लोग प्रत्येक दिन सुबह से पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहते हैं। पानी की समस्या इतनी विकराल है कि लोगों को एक किलोमीटर दूर सफीब नदी से ढोकर पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण नंदलाल राम, ममता देवी, नवीन मिंज, अदिप कुजुर, पूनम देवी, दिव्या केरकेट्टा, सुदामा राम सहित कई लोगों ने बताया कि बस्ती में पानी की समस्या इतनी विकराल है कि लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए सोचना पड़ रहा है। सुबह उठकर लोग बर्तनों में पानी भरने के लिए सफी नदी तक चले जाते हैं।बस्ती में एक चापाकल है जिसमें मुश्किल से दिन भर में 5-6 बाल्टी पानी निकलता है जबकि एक जल मीनार भी है जो पिछले 6 माह से खराब होकर बेकार पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत स्थानीय मुखिया और विभागीय अधिकारियों से की है। लेकिन अभी तक जल मीनार का मरम्मत नहीं हो सका है। स्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक पदाधिकारियों पर साफ दिखायी दे रहा है। लोगों ने कहा कि अगर जल्द से जल्द पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो वे बर्तन लेकर सड़क पर उतरेंगे। लोगों का कहना है कि पानी की किल्लत के कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। आनंदपुर पानी टंकी बस्ती के लोगों ने झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुशील दीपक मिंज को इसकी जानकारी दी। श्री मिंज ने लोगों की समस्या को समझा और कहा कि वे इस समस्या को लेकर विधायक भूषण तिर्की के पास जाएंगे और बस्ती के लोगों के लिए चापाकल की मांग करेंगे।

## राहगीरों से लूटपाट की योजना बना रहे दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भरनो थाना क्षेत्र के मारासीली नदी के समीप लूट पाट की योजना बना रहे दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल और चार जिंदा गोली बरामद किया है। एसडीपीओ सुरेश यादव ने बताया कि मारासीली नदी के किनारे एक अर्ध निर्मित मकान के समीप दो संदिग्ध व्यक्ति की होने की एसपी गुमला को गुप्त सूचना मिली थी। एसपी के निर्देश पर भरनो के थाना प्रभारी कंचन प्रजापति ने अपनी टीम के साथ घेराबंदी की। पुलिस को देखकर दोनों भागने का प्रयास किया। सशस्त्र बल के जवानों ने घेराबंदी कर दोनों को अपने कब्जे में ले लिया और दोनों की तलाशी ली गई। जिसमें भरनो थाना क्षेत्र के लोंगा निवासी विकास लोहरा 19 वर्ष के पास से मैगजीन में दो गोली लोड के साथ देशी पिस्टल बरामद किया गया जबकि भरनो थाना क्षेत्र के ही महुगांव निवासी प्रकाश महली उर्फ टेंचा के पास से दो जिंदा गोली बरामद किया गया। पूछताछ पर दोनों अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे लोग राहगीर के साथ लूटपाट करने की योजना बना रहे थे। आर्म्स एक्ट सहित अन्य धारा में माला दर्ज करते हुए भरनो पुलिस ने दोनों अपराधियों को जेल भेज दिया।

## ऑटो और बाइक की टक्कर में तीन घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत देवाकी मोड में सोमवार की शाम 5 बजे बाइक और ऑटो में भिड़ंत हो गयी। घटना में बाइक में सवार घुट्टी घाघरा निवासी पार्वती कुमारी अमित उरांव और मनोज उरांव घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।


**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राँची के ज्ञापांक–241, दिनांक–06.03.2025 के आलोक में कोडरमा जिला में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के संचालन (SAA) हेतु किराये पर उपयुक्त निजी भवन की आवश्यकता है। भवन की दूरी जिला मुख्यालय से 05 कि0मी0 की परिधि में होना आवश्यक है।

अतः इच्छुक भवन मालिक विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के संचालन हेतु सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा, कोडरमा को सम्बोधित करते हुए आवेदन पत्र के साथ भवन की विवरणी भवन, नक्सा एवं किराया दर सहित भूमि सम्बंधि दस्तावेज 07 (सात) दिनों के अन्दर, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग कार्यालय, कोडरमा में समर्पित कर सकते हैं।

ह0/–
सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कोडरमा

PR 353673 Women, Child Development & Social Security (25-26)_D



**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**CIN No. U40108JH2013SGC001702**
**Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.**
**fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/ gmsp.jbvnl@rediffmail.com**

**Short e-tender for procurement through rate contract**

JBVNL invites online short e-tender from reputed, technically experienced and financially sound manufacturers/ authorized supplier only for supply of following Material through rate contract :-

| Sr | NIT/Tender notice No. and description of item | Tender fee | Date of publication of tender on website | Document download start date & time | Online Bid Submission start date | Online Bid Submission end date | Technical bid opening date and time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 36/PR/JBVNL/2025-26 1000 KVA, 11/0.433 KV Cu. Wd. CRGO M4 Core ONAN BIS Level-I Distribution Transformer | Rs 10000/- + GST | 28/05/2025 from 13:00 Hrs. | 28/05/2025 from 13:10 Hrs. | 28/05/2025 from 13:20 Hrs. | 10/06/2025 upto 18:00 Hrs. | 11/06/2025 at 18: 00 Hrs. |

NOTE:- (i) Only e-tenders will be accepted. Further details can be seen on website http:jharkhandtenders.gov.in and may be contacted on Mobile No. 9431135523/ 9430348596, NIC helpline No. 0651-2400178
(ii) Tender fee & EMD must be paid through online mode.
(iii) Tender fee is non-refundable.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (S&P)
JBVNL

PR 353676 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D



**Jharkhand UrjaSancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
Office of the General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur
132/33 KV. Grid Campus Gamharia, P.O- Gamharia, Distt- Seraikella-Kharsawan, Pin- 832108
e mail id: tz3jsr_jusnl@rediffmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part from reputed and experienced agencies/ firms for the following works :-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q | E/M to be deposited |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 148/PR/JUSNL /2025-26 | Urgent requirement of 33 kV Current Transformer for routine/breakdown maintenance of 132/33 kV GSS, Adityapur-I. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 17,000.00 |
| 2. | 149/PR/JUSNL /2025-26 | Requirement regarding refilling of existing fire extinguishers for GSS under Transmission Division, Golmuri. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 13,300.00 |
| 3. | 150/PR/JUSNL /2025-26 | Urgent requirement of materials for day to day maintenance work at 132/33 kV GSS, Dhalbhumgarh. | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 18,700.00 |
| 4. | 151/PR/JUSNL /2025-26 | Requirement of materials/equipment for 220/132 kV GSS, Adityapur-II (RCP). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 16,600.00 |
| 5. | 152/PR/JUSNL /2025-26 | Urgent requirement of materials and equipments for grid use at 132/33 kV GSS, Chandil-II (Manikui). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,900.00 |
| 6. | 153/PR/JUSNL /2025-26 | Urgent requirement of consumable items for day to day maintenance work at 132/33 kV GSS, Mango (Baliguma). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 13,300.00 |
| 7. | 154/PR/JUSNL /2025-26 | Urgent requirement of materials for smooth running of 132/33 kV GSS, Adityapur-III (RCP). | Rs. 1476/-(Rs. 1250+CGST @9%+SGST @9%) | Rs. 19,300.00 |

1. Start date for sale of tender documents :- 30.05.2025 from 02:00 PM
2. Last date for sale of tender documents :- 20.06.2025upto 03:00 PM
3. Last date & time of submission of tender document :- 21.06.2025upto 03:00 PM
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- 23.06.2025at 11:00 AM
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-III, Jamshedpur on payment of cost of BOQ (Non-refundable) either in cash or in shape of D.D drawn in favour of Accounts Officer, Transmission Zone-III Jamshedpur payable at Jamshedpur on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
8. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
9. For any clarifications please contact on Mobile No. 9608115449

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-III, Jamshedpur

PR.NO.353635 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26):D

## कोयवाटांड़ गांव में आज तक नहीं बनी सड़क, ग्रामीण परेशान



**पीरटांड़ (आजाद सिपाही)।** गिरिडीह पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत पालगंज गांव के कोयवाटांड़ गांव आज प्रशासन की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। आज तक यहां के लोग सड़क की समस्याओं से जूझ रहे हैं, आपको बताते चलें कि यह वही कोयवाटांड़ गांव है, जिसमें रोड के अभाव के कारण समय पर वाहन नहीं पहुंचने से अभी तक तीन मृत्यु हो चुकी है और बच्चों को स्कूल जाने के लिए 2 किलोमीटर घुमाव रास्ते से जाना पड़ता है क्योंकि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प ही नहीं है। 2022 में चुरामन ठाकुर नामक व्यक्ति को जब दिल का दौरा आया तब ग्रामीणों ने उन्हें खटिया पर लेटा कर जंगल के रास्ते हॉस्पिटल ले गई, मगर देरी हो जाने के कारण चुरामन ठाकुर की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मृत्यु हो गयी। उनकी मां का कहना है 3 साल हो गए पुत्र की मृत्यु को तीनों मृतक में दो मृतक इसी मां के पुत्र थे एक का नाम चुरामन ठाकुर, दूसरे का नाम राजू ठाकुर था। पर आज तक सड़क की समस्या जस की तस बनी हुई, इस गांव में कई मृत्यु होने का बाद भी सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है सड़क का काम 8 महीने पहले शुरू हुआ लेकिन फिर बंद हुआ फिर बंद ही रह गया, यह कच्ची सड़क जो मिट्टी की है उसमें रोजाना सैकड़ो ट्रैक्टर पार होते हैं यह भी कच्ची सड़क पूरी तरीके से खराब हो जाती है। पूर्व वार्ड सदस्य परमेश्वर ठाकुर का कहना है कि अगर जल्द से जल्द इस समस्या का निवारण नहीं हुआ तो हम ग्रामीण वासी इसके खिलाफ जल्द बहुत बड़ा आंदोलन करेंगे।

## धनबाद के 54 वें उपायुक्त के रूप में आदित्य रंजन ने किया पदभार ग्रहण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने मंगलवार को धनबाद के 54 वें उपायुक्त के रूप में समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उपायुक्त ने पदभार संभाला। निवर्तमान उपायुक्त ने नए उपायुक्त को शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि जिले के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना प्राथमिकता होगी। साथ ही कहा कि जिले की जो समस्याएं सामने आएंगी उसका इमानदारी पूर्वक समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा कि धनबाद में उनका कार्यकाल संतोषजनक रहा। धनबाद में उपायुक्त के रूप में काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। साथ ही कहा कि प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस एवं जनता के सहयोग से लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। कार्यकाल के दौरान सबके सहयोग से धनबाद में कई काम किए। मीडिया सहित अन्य माध्यमों से कई समस्याओं की जानकारियां मिलती रही। उसके समाधान की दिशा में कारगर कदम उठाए। इसके बाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने सभी पदाधिकारियों के साथ औपचारिक मुलाकात की और उनका परिचय प्राप्त किया। इस अवसर अवसर पर उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि व्यवस्था) पियूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जेएमएम ने दहीबाड़ी सब स्टेशन मुख्य द्वार घंटों बंद किया



**चिरकुण्डा (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया 12 दहीबाड़ी सब स्टेशन के मुख्य द्वार झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैनर तले घंटो रहा बंद। मौके पर यूनियन के पूर्व सचिव बाबूजान मरांडी ने बताया सुखलाल माझी जो बेलमैन के पोस्ट पर रामकृष्ण कॉलोनी में पद स्थापित है। इंजीनियर साहब ने उनको संडे नहीं देने का फरमान जारी किया है। जो सरासर मजदूर विरोधी है इसीलिए मजदूर विरोधी नीति झारखंड मुक्ति मोर्चा हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर प्रबंधन अपने फरमान को वापस नहीं लगा तो आगे उग्र आंदोलन होगा। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिक इंजीनियर रुद्र पासवान, एवं ज्योतिर्मय ब्रह्मा मौके पर पहुंचकर यूनियन के नेताओं से बात कर अपने फरमान को वापस ले लिया। मौके पर रुद्र पासवान ने बताया पारिवारिक मामला था आपस में सुलझा लिया गया।

## चेन स्नैचिंग करते युवती को महिलाओं ने पीटा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के हीरापुर तेलीपाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में यज्ञ अनुष्ठान चल रहा है। परिक्रमा कर रही महिलाओं के बीच शामिल होकर एक शातिर युवती ने चेन स्नेचिंग करने की कोशिश की. जिसमें वह असफल रही और पकड़ी गयी। शातिर युवती एक महिला के चेन को दांत से काटकर भागने के प्रयास में थी। तभी महिला को पता चल गया.मौके पर भुक्तभोगी और वहां मौजूद महिलाएं भी चेन स्नेचर युवती के पीछे दौड़ पड़ी और उसे पकड़ लिया। शातिर युवती को पकड़ने के बाद महिलाओं ने उसकी खूब पिटाई की। सूचना पाते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद महिलाओं ने स्नैचर युवती को पुलिस के हवाले कर दिया। स्नैचर युवती की पहचान जिले के शिमलडीह निवासी के रूप में हुई है।

## विधायक ने अरलगढिया में तालाब के जीर्णोधार के लिए शिलान्यास किया

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विधायक राज सिन्हा ने धनबाद भूमि संरक्षण एवं सर्वेक्षण विभाग द्वारा धनबाद प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्थित कुसुमनिधि तालाब के जीणोर्धार कार्य का शिलान्यास मंगलवार को किया। मौके पर अरलगढ़िया पंचायत की मुखिया नीतू सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विकाश मिश्रा , दुबराजडीह मुखिया रमेश सिंह, राजू सिंह, विकाश चौधरी, रवि सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 97.8 प्रतिशत लाकर विकास प्रमाणिक बने धनबाद टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बलियापुर के रहने वाले विकास प्रमाणिक ने मैट्रिक में 97.8 प्रतिशत लाकर धनबाद टॉप किया है और झारखंड में दूसरे स्थान प्राप्त किया है। उसकी सफलता से परिवार, स्कूल और पूरे बलियापुर में खुशी का माहौल है। विकास ने सोशल मीडिया से दूरी बनाकर और अनुशासित पढ़ाई के जरिए यह उपाधि हासिल की है, उसके इस उपलब्धि से उसके घर में उत्साह और खुशी का माहौल है। माता-पिता ने बेटे को मिठाई खिलाकर एवं आशीर्वाद देकर उसकी मेहनत की सराहना की है। पिता धीरेंद्र प्रमाणिक ने बताया कि विकास की सफलता का कारण उसकी नियमित पढ़ाई और आत्म अनुशासन है, उसकी माता आरती देवी ने कहा है कि यह क्षण परिवार के लिए गौरवशाली है और उन्होंने बेटी की पढ़ाई में हर संभव सहयोग दिया है। वहीं विकास ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित पढ़ाई और अनुशासन को दिया है, उसने बताया कि सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पढ़ाई पर पूरा ध्यान केंद्रित किया व्हाट्सएप का इस्तेमाल केवल स्टडी मैटेरियल के लिए किया और प्रतिदिन लगभग 10 घंटे कि पढ़ाई की उसका मानना है कि कोई भी लक्ष्य चुनने के बाद हासिल की जा सकती है। आपको बता दे की विकास के पिता धीरेन प्रमाणिक एक पारा शिक्षक है जबकि माता आरती देवी ग्रहणी है।

## दसवीं बोर्ड की परीक्षा में लड़कियों ने मारी बजी

राजगंज (आजाद सिपाही)। मंगलवार को जारी जैक बोर्ड के दशमी के परिणाम मे राजगंज के आर बी बी हाई स्कूल का प्रदर्शन बेहतर रहा। जहां 95 प्रतिशत छात्र-छात्राओं ने परीक्षा पास करने में सफल हुए। 92.4 अंको के साथ अंजली कुमारी विद्यालय टॉपर बनी। दूसरे स्थान पर रानी कुमारी ने 91.6 अंक प्राप्त की और तीसरे स्थान पर कोमल कुमारी ने 89 अंक प्राप्त की है। इस प्रकार 2025 के दसवीं बोर्ड के रिजल्ट में लड़कियों ने परचम लहराया है। विद्यालय के टॉप टेन लिस्ट में कुल 7 लड़कियों ने अपना स्थान बनाया है जबकि मात्र तीन लड़को ने ही जगह बना पाए। अंजलि और रानी दोनों बागदाहा ग्राम की रहने वाली है। जबकि कोमल महेशपुर की रहने वाली है।

# बाघमारा प्रखंड में भू माफिया सरकारी जमीन पर बनाते हैं पीएम आवास



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड में इन दिनों भू माफियाओं का मनोबल सातवे आसमान पर है इनके द्वारा सरकारी जमीनों को धड़ल्ले से खरीद फरोख्त किया जा रहा है या फिर उसपर सरकारी बाबुयो को नजराना चढ़ाकर पीएम आवास अबुवा आवास लेकर बिल्डिंग तैयार किया जा रहा रहा है इस कारनामे के पीछे सत्ता पक्ष व विपक्ष के कई सफेदपोश नेता शामिल है ।

### क्या हैं मामला

बाघमारा प्रखंड के खमारगोड़ा बस्ती के मुंद्रिका सिंह व उमाशंकर सिंह ने बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी बाघमारा अंचल अधिकारी एवं धनबाद उपायुक्त को पत्र लिखकर बताया

कि जमुआ टांड पंचायत मुखिया निरंजन गोप के सहयोग से जमुआटांड पंचायत के खमारगोड़ा बस्ती के मुख्य मार्ग के किनारे अनिल सिंह उर्फ अमित कुमार सिंह नामक एक व्यक्ति दबंगता पूर्वक सरकारी जमीन पर कब्जा कर प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कर रहा है इसकी जाँच पड़ताल कर निर्माण कार्य को रोका जाय

**मुखिया निरंजन गोप ने आरोप को बताया सरासर गलत** : जमुआटांड़ पंचायत के मुखिया निरंजन गोप ने बताया कि आरोप सरासर गलत है, आवास का निर्माण लाभुक के रैयती जमीन पर किया जा रहा है। उन्होंने भी मामले की जांच कर दूध का दूध और पानी का पानी करने की बात कही।

वही लाभुक अमित कुमार सिंह और बाघमारा बीडीओ से फोन पर नही बात हो पायी।

# इसीआरकेयू ने सभी सुपरवाइजर को ओवर टाइम देने की मांग दोहरायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने धनबाद मंडल पी एन एम बैठक में सभी विभागों के सुपरवाइजर्स को ओवरटाइम भत्ता देने की मांग पिछले कई वर्षों से उठा रखी थी, लेकिन वित्त विभाग की आपत्तियों की वजह से यह भुगतान प्रारंभ नहीं किया जा सका। वित्त विभाग ने यह तर्क रखा था कि सुपरवाइजर कटेगरी की डियूटी की प्रकृति ऐसी है कि उन्हें हर समय अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की डियूटी पर निगाह रखनी पड़ती है, उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश देते रहने पड़ता है और आवश्यकता होती है तो स्वयं भी कार्यस्थल पर उपस्थित होना होता है, इसलिए उनकी कोई निर्धारित रोस्टर नहीं होने के कारण उन्हें ओवरटाइम भत्ता प्रदान नहीं किया जा सकता है।

उक्त जानकारी देते हुए ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पी एन एम प्रभारी मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि मंडल प्रशासन के तर्क का विरोध करते हुए यह कहा था कि सभी सुपरवाइजर अपने विभाग में प्रभारी नहीं होते बल्कि कोई एक या दो सुपरवाइजर ही प्रशासन द्वारा प्रभारी के कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रतिनियुक्त होते हैं और अधिकांश पर्यवेक्षक रोस्टर डियूटी में ही रहते हैं। अतः वैसे सभी पर्यवेक्षक जो रोस्टर डियूटी में लगे हैं उन्हें उनके अतिरिक्त कार्य अवधि के लिए ओवरटाइम भत्ता पाने का अधिकार है। इस संबंध में ईसीआरकेयू ने रेल सेवक स्थापना अधिनियम 2005 का हवाला देते हुए ओवरटाइम भत्ता स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी थी फिर भी मंडलीय वित्त प्रशासन द्वारा नहीं मांगे जाने पर एआईआरएफ को इस संबंध में रेलवे बोर्ड द्वारा स्पष्टीकरण जारी करने के लिए अनुरोध किया था। रेलवे बोर्ड की पिछली पी एन एम बैठक में ईसीआरकेयू की ओर से महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव तथा अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा से चर्चा कर इसका स्पष्टीकरण जारी करवाने का आग्रह किया था। अब रेलवे बोर्ड ने अपने आदेश संख्या 41/2025 दिनांक 06. 05. 2025 द्वारा इसे स्पष्ट कर दिया है। इसके आधार पर वैसे सभी सुपरवाइजर ओवरटाइम भत्ता पाने के पात्र हैं जो अपने निर्धारित रोस्टर डियूटी करते हुए अतिरिक्त घंटों तक कार्य करते हैं। उन्होंने मंडल प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस अब संबंधित सुपरवाइजर्स को उनके अतिरिक्त कार्य के घंटों के लिए ओवरटाइम भत्ता दिए जाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया की जानी चाहिए। इस स्पष्टीकरण जारी होने के बाद ईसीआरकेयू ने सभी सुपरवाइजर को ओवरटाइम भत्ता के लिए विहित फार्म द्वारा प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करने को कहा है। इस कार्य के लिये एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओपी शर्मा, मिडिया प्रभारी एन के खवास केन्द्रीय संगठन मंत्री नेताजी सुभाष,जितेंद्र कुमार साव,बसंत दूबे,आर के सिंह, बीके साव, आइएम सिंह, चंदन शुक्ल,पी के सिन्हा, बी बी सिंह, महेन्द्र प्रसाद महतो,आर एन चौधरी,अजीत कुमार मंडल, सुनील कुमार सिंह,उमेश सिंह, सीपी पांडेय केंद्रीय नेताओं को धन्यवाद दिया।

# सरना कोड की मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक धनबाद में केन्द्रीय निदेर्शानुसार झामुमो धनबाद जिला समिति द्वारा जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन के नेतृत्व में सरना धर्म कोड मान्यता देते हुए आगामी जातीय जनगणना में सरना कोड को शामिल करने कि मांग को लेकर एकदिवसीय धरना दिया गया।

सर्वप्रथम धनबाद जिला परिषद मैदान से हजारों कि संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग एवं झामुमो के कार्यकर्ता जुलूस के साथ रणधीर वर्मा चौक पहुंचे सभी ने एक स्वर में सरना धर्म कोड लागू करो, केन्द्र सरकार होश में आओ के नारों के साथ अपनी मांग को रखा।

मौके पर जिलाध्यक्ष लक्खी सोरेन ने कहा कि सरना धर्म हमारी आत्मा है। इसे जनगणना में कोड न देना आदिवासियों की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान का अपमान है। केंद्र सरकार आदिवासियों की अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है। झामुमो इसके खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष करेगा।

मौके पर केन्द्रिय मिडिया पेनेलिस्ट सह केन्द्रीय सदस्य डॉ निलम मिश्रा ने कहा कि झारखंड विधानसभा ने 2020 में सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया था। लेकिन केंद्र सरकार अब तक चुप है। यह चुप्पी अन्याय की प्रतीक है। हम मांग करते हैं कि जनगणना 2025 से पहले सरना धर्म कोड को मान्यता दी जाए एवं देश के करोड़ों आदिवासियों के साथ न्याय किया जाएं, अगर केन्द्र सरकार उक्त मांग पर जल्द सकारात्मक पहल नहीं करती हैं तो झारखण्ड मुक्ति मोर्चा दिल्ली तक आंदोलन करेगी आदिवासी कि अस्मिता, संस्कृति, परम्परा केलिए हम संघर्ष करते रहेंगे।

कार्यक्रम उपरांत जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के माध्यम से केन्द्र सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य रमेश टुडू, जग्गू महतो, सुखलाल मरांडी, डब्लू मह्था,काजी सिराज अहमद, पूर्व केंद्रीय सदस्य कंसारी मंडल, अलाउद्दीन अंसारी,जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, कालीचरण महतो, अजय रवानी, सह सचिव तपन तिवारी, मनोज महतो, रंजीत महतो, संगठन सचिव मनोज रवानी, कोषाध्यक्ष किशोर मुर्मू, महानगर अध्यक्ष मन्टु चौहान, सचिव रामू मंडल,उपाध्यक्ष बंटी सिंह, मिहिर दत्ता,राजू प्रमाणीक,सह सचिव आकाश रवानी, रतिलाल टुडू,पूर्व जिला प्रवक्ता समीर रवानी,अमित महतो, देबू महतो, मीना हेम्ब्रम, सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व विधायक लंबोदर महतो ने चार माह से डीडीसी नहीं होने पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव व पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने बोकारो जिले में करीब चार माह से उप विकास आयुक्त (डीसीसी) का पद खाली रहने पर राज्य सरकार की जहां आलोचना की है, वहीं कार्यशैली पर भी सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि डीडीसी किसी जिला का महत्वपूर्ण पदाधिकारी होता है। डीसीसी पंचायत व जिला परिषद को सीधे तौर पर देखता है या यूं कहें की डीसीसी इन दोनों का हेड होता है। डीसीसी का जिले में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन व कार्यों को पूरा कराने की जिम्मेदारी व जवाबदेही रहती है। मनरेगा तो डीसीसी के नियंत्रण में ही रहता है। डीसीसी के नहीं रहने से विकास योजनाओं का क्या हाल होगा, यह आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं कि राज्य सरकार को बोकारो जिले में डीसीसी के नहीं रहने जानकारी नहीं है। सब कुछ जानते-समझते हुए राज्य सरकार जानबूझकर अनजान बनी हुई है। उन्होंने कहा कि चार माह से डीसीसी विहीन बोकारो जिले में विकास कार्यों का रफ्तार क्या होगा, संबंधित लोगों को क्या परेशानी होगी व विशेष कर ग्रामीण विकास कार्यों की स्थिति क्या होगी, यह जहां आसानी से समझा जा सकता है वहीं, डीसीसी का अब तक पदस्थापन नहीं करना राज्य सरकार की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बोकारो जिले में डीसीसी का पदस्थापन शीघ्र करने की मांग की है।

**न्यायालय, उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, लातेहार**

**अनुमति वाद संख्या–97 / 2025**

**आम इस्तेहार**

आवेदक सहबतिया देवी पति–स्व0 जगदीश यादव निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना+अंचल–चन्दवा, जिला– लातेहार द्वारा मेसर्स हिण्डाल्को इण्डस्ट्री लि0, 21वीं मंजिल प्रथम अंतराष्ट्रीय केन्द्र टॉवर–4, प्रभादेवी, प्रभादेवी रेलवे स्टेशन के पास सेनापति बापत मार्ग, मुम्बई–400013 वर्तमान पता–ग्राम +पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति के लिए छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम की धारा–49 के अंतर्गत आवेदन पत्र दाखिल किया है।

**भूमि का विवरण**

| मौजा | खाता | प्लॉट | रकबा (एकड़) |
|---|---|---|---|
| चकला | 167 | 2064 | 0.2300 |
| | | 1188 | 0.0575 |
| | | 2078 | 0.0200 |
| | | 2073 | 0.0275 |
| | | कुल रकबा– | 0.3350 |

एतद् द्वारा हर आम व खाश को सूचित किया जाता है कि इस भूमि अंतरण के विरूद्ध किसी को आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी के न्यायालय में आम–इस्तेहार निर्गत की तिथि से एक पक्ष (15 दिनों) के अंदर आपत्ति दायर कर सकते है। समय सीमा समाप्ति के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

प्रभारी उप समाहर्त्ता,
जिला विधि शाखा, लातेहार

PR 353568 (District)25-26*D

e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, KODERMA**

**Very Short e-Procurement Notice**

**Tender Reference No:- 02/BCD/EE/KODERMA/2025-26 Date:-27-05-2025**

| Gr. No. | Name of the work | Estimated Cost (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1. | REPAIR WORK OF MALE WARD (2.0NOS) AT MANDAL KARA KODERMA IN THE DIST OF KODERMA. | 1,08,99,600.00 | 6 Month |
| i. | Date of Publication of Tender on website | 06.06.2025 at 10:00AM | |
| ii. | Last date/Time for receipt of bids | 13.06.2025 up to 3:00PM | |
| iii. | Date & Time of opening of tender | 14.06.2025 at 3:00PM | |
| iv. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Koderma | |
| v | Contact no. of Procurement officer | 91029-79082 | |
| vi. | Helpline number of e-Procurement cell | 99315-10044 | |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Koderma

PR 353562 Building (25-26)_D

**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**CIN No. U40108JH2013SGC001702**
**Regd. Office:- Engineering Building, HEC, Dhurwa, Ranchi–834004.**
**fax # 0651-2400483 e-mail : cesp.jseb@rediffmail.com/ gmsp.jbvnl@rediffmail.com**

**E-Auction Notice**

**E-Auction No.-01 MSTC/RNC/Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited/1/HEC Dhurwa/25-26/9666 [506793]**

Jharkhand Bijli Vitran Nigam Ltd. Invites all the interested bidder to participate in online e-auction being conducted for sale of scrap material (Scrap DPC Al winding wire & strips) which lying at different Central Stores & TRW, JBVNL.

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Bid opening date and time | 11.06.2025 12:00 PM |
| 2. | Bid closing date and time | 11.06.2025 04:00 PM |
| 3. | Inspection date and time | From 22.05.2025 to 10.06.2025 |

Interested bidder may register their firm/ company online and refer the e-auction catalogue concealing terms & conditions, materials list, inspection date etc. available on website: www.mstcecommerce.com/ www.mstcindia.co.in

**Note :-** For any queries, please contact at MSTC Ltd. (A Govt. of India Enterprises) 4th Floor, Exploration Building, C.M.P.D.I Campus, Gondwana Place, Kanke Road, Ranchi-834008 Ph. 0651-2231333/ 9903248755 email:- rncopn1@mstcindia.in, mstcrnc@gmail.com & interested parties should also regularly visit above website to keep updated for corrigendum/ time extension/ amendments, if any.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (S&P)
JBVNL

PR 353618 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26).D

## देवघर का लाल बना जिला टॉपर : मेहनत और लगन से रचा इतिहास

# 96.4% अंकों के साथ अभय राउत को जिले में प्रथम स्थान

- पिता प्रभाकर राउत पेशे से मैकेनिक हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** कहते हैं मेहनत के आगे किस्मत भी दम तोड़ देती है, इस कहावत को सच कर दिखाया है देवघर जिले के जसीडीह प्रखंड अंतर्गत रतनपुर गांव के रहने वाले अभय राउत ने। झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणामों में अभय ने 500 में से 482 अंक प्राप्त कर देवघर जिले में टॉप किया है। संत अल्फोंसा स्कूल के छात्र अभय राउत ने 96.4% अंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। साइंस में 100, मैथ में 97, सोशल साइंस में 98, इंग्लिश में 94, संस्कृत में 93 और हिंदी में 89 अंक लाकर अभय ने यह सिद्ध कर दिया कि आत्मविश्वास, आत्म-अनुशासन और मेहनत से कुछ भी संभव है।



### उम्मीद नहीं थी टॉपर बनूंगा : अभय राउत

अभय ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि अच्छे अंक आएंगे, लेकिन जिला टॉपर बन जाऊंगा, यह कभी सोचा नहीं था। यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है। सोशल साइंस से डरने वाले अभय ने उसी विषय में 98 अंक प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि इस विषय में डर को दूर करने के लिए ऑनलाइन क्लासेज और नियमित अभ्यास से उन्होंने आत्मविश्वास प्राप्त किया। अब अभय का अगला लक्ष्य है कि वह आईआईटी में दाखिला लेकर एक बेहतरीन इंजीनियर बने। उनकी इस सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि पूरा गांव गौरवान्वित है। सादा जीवन, ऊंचे विचार और कड़ी मेहनत का यह उदाहरण निश्चित ही प्रदेश के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है।

### पिता मैकेनिक और माता गृहिणी

अभय के पिता प्रभाकर राउत पेशे से मैकेनिक हैं और माता मधु देवी गृहिणी हैं। आर्थिक चुनौतियों के बावजूद अभय ने खुद से 4-5 घंटे पढ़ाई कर अपनी सफलता की नींव रखी। वह ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई करते थे, और विशेष रूप से अंतिम तीन महीनों में सिर्फ रिविजन पर ध्यान दिया।

Success Ladder Classes
Admission Open
Pre Foundation V, VI, VII, VIII, XI, X CBSE, ICSE, JAC All Subject
50% OFF English Spoken
Foundation Batch 11th & 12th Math, Phy. Che. & BIO
+91 94303 23661 +91 87891 14335
1st Floor, Vijyvargia Complex HB. Road, Kokar NEar Madan Dhaba, Ranchi - 834001

Welcome to Kids Second Home
Little Star Kids Play School
Free Admission Open for 1st 30 child
Teaching is our passion & your child is our priority
Session 2025-26 KOKAR
Age 1.8 Year To 5.5 Year Kids
Play Group, Nursury, Jr.K.G., Sr. K.G.
Offers You Class 1 to 8th
Mob No:-8252797609, 7903093833
Chunna Bhatha, Near Distillery Bridge H.B Road, Kokar Ranchi-834001

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available: CSAT, NET, JPSC, J-TET, C-TET, TGT, NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

ADMISSION OPEN
50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009
LG, Panasonic, Philips, Whirlpool, vivo, oppo, mi, realme

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels
Let's Shine Everyday
अब आपके शहर रांची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक द्वत के नीचे।
Special offer :
- Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
- Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels
@glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS I TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi | Mob:-7903079507 / 8092334348

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

!! श्री गणेशाय नमः !!
!! जय मां वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
दिन सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार
समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानें मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
REGISTER NOW
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, राँची, झारखण्ड

आँख अस्पताल THIRD EYE CLINIC
अच्छा देखना सबका अधिकार
आंखों का विश्वस्तरीय जाँच नेपाल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा
DR. VISHAL CHOUDHARY
MBBS, MS (OPHTHAL) (RIMS RANCHI) FICO (I) (U.K. LONDON)
Hospital : N.H.-33 Near Madarsha, Irba, Ormanjhi, Ranchi - 7903381944
Branch : Bandhgadi, Dipatoli, Ranchi - Mob.: 9031984410

Dr. Anup's
HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर
चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

7903636615 8434179089
www.shreebharatplywood.com
shreebharatplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

NEON ENTERPRISES
आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

TEXMO
AQUATEX
Borewell Submersibles
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
- बैटरी स्कूटी
- कम लागत
- कम रखरखाव
- लाइसेंस मुक्त
- एक साल की वारंटी
- 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

श्री KRISHNA Pure Veg Restaurant
202, 2nd Floor, Pitamber Estate, Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi
Wedding | Corporate Parties | Birthday | Anniversary
& Breakfast & Lunch Packets
0651 3139475, 81020 89531, 9942000940
Our Specialities: Rajasthani & Royal Indian Thali
Indian - Rajasthani - South Indian - Chinese

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**